स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी
लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित
लखनऊ, शनिवार
30 मई, 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष 14
सं. 2083 वि.
वर्ष 79, अंक - 277 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर *
मूल्य : 3 रुपये

# स्वतंत्र भारत

epaper : epaper.swatantrabharat.net

ऋषभ पंत ने छोड़ी लखनऊ सुपर जाएंट्स की कप्तानी



# मोदी नीट मामले में खुद निगरानी कर रहे : सरकार

## एनटीए ने सुप्रीम कोर्ट में बताया- पेपर लीक के बाद बड़े लेवल पर सुरक्षा सुधार किए

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को नीट-यूजी पेपर लीक मामले से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई की। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद जांच की निगरानी कर रहे हैं। जस्टिस नरसिम्हा ने शिक्षा मंत्रालय से नीट-यूजी परीक्षाओं की जांच की प्रक्रिया और निष्कर्ष का ब्यौरा मांगा है। एनटीए ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर बताया कि उसने नीट-यूजी पेपर लीक के बाद बड़े लेवल पर सुरक्षा सुधार किए हैं।




एनटीए ने सुप्रीम कोर्ट को यह भी जानकारी दी कि हाई-लेवल कमेटी ऑफ एक्सपर्ट्स की कई सिफारिशों को लागू किया जा चुका है, जबकि कुछ पर तेजी से काम चल रहा है। एजेंसी के पुनर्गठन के तहत एनटीए में 16 नए वरिष्ठ पद बनाए गए हैं, जिनमें डायरेक्टर और जॉइंट डायरेक्टर स्तर के पद शामिल हैं। इसके अलावा दो जॉइंट सेक्रेटरी स्तर के अधिकारियों को अतिरिक्त महानिदेशक नियुक्त किया गया है। इनमें एक अधिकारी तकनीकी संचालन की निगरानी करेंगे, जबकि दूसरे परीक्षा सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालेंगे। मार्च 2026 में एक सचिव स्तर के अधिकारी को एनटीए का महानिदेशक भी नियुक्त किया गया था। नीट पेपर लीक मामले में फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (एफएआईएमए), यूनाइटेड डॉक्टर्स फ्रंट (यूडीएफ) और अन्य ने एनटीए के कामकाज को कोर्ट में चैलेंज किया है। इससे पहले 25 मई को सुनवाई हुई थी। तब कोर्ट ने एनटीए को फटकार लगाई थी। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच ने एनटीए को फटकारते हुए कहा था कि यह दुखद की बात है कि आपने (एनटीए) ने पहले हुए पेपर लीक मामले से कोई सबक नहीं लिया। बेंच ने कहा था कि साल 2024 में भी पेपर लीक का मामला कोर्ट तक पहुंचा था। तब एक कमेटी बनाई गई थी, जिसने कई सिफारिशें दीं, जिन्हें स्वीकार भी किया गया था। एनटीए 28 मई तक हलफनामा दाखिल करे और बताए कि 2024 में दिए गए निर्देशों और मॉनिटरिंग कमेटी की सिफारिशों पर क्या कदम उठाए गए। कोर्ट ने मौजूदा मामले में केंद्र सरकार और सीबीआई से भी जवाब मांगा था।

### टीईटी पास करने की समय सीमा बढ़ी

सुप्रीम कोर्ट ने देशभर के हजारों शिक्षकों को राहत देते हुए टीईटी पास करने की डेडलाइन एक सालके लिए बाधा दी है। अब शिक्षकों को 31 अगस्त 2028 तक टीईटी परीक्षा पास करनी होगी। पहले यह समयसीमा 31 अगस्त 2027 थी।यह फैसला उन शिक्षकों के लिए राहत भरा है जिन्होंने अभी तक परीक्षा पास नहीं की है। कोर्ट के इस निर्णय से विशेष रूप से उन राज्यों में तनाव कम होने की उम्मीद है जहां बड़ी संख्या में शिक्षक टीईटी की अनिवार्यता पूरी नहीं कर पाए थे। शिक्षकों की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि 2009 से पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से छूट देने की मांग को खारिज कर दिया गया है। कोर्ट ने शिक्षकों से अपील की कि वे केवल अपनी नौकरी बचाने तक सीमित न रहें।

# हमीरपुर में निर्माणाधीन पुल का स्लैब गिरा, छह की मौत



**हमीरपुर।** यूपी के हमीरपुर में बेतवा नदी पर बन रहे निर्माणाधीन पुल का स्लैब शुक्रवार देर रात 2 बजे गिर गया। हादसे में 6 मजदूरों की मौत हो गई। स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स (एसडीआरएफ) ने मलबे में फंसे 3 मजदूरों को निकाला। साढ़े 7 घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चला। उत्तर प्रदेश ब्रिज कॉरपोरेशन के एमडी धर्मवीर सिंह ने बताया कि आंधी-बारिश के कारण स्लैब गिरा और नीचे सो रहे मजदूर दब गए। हादसे के बाद सहायक अभियंता गजेंद्र कुमार चौधरी को निलंबित कर दिया गया है। डीपीएम दिलीप कुमार पर विभागीय कार्रवाई शुरू की जा रही है। मौसम विभाग के मुताबिक, हमीरपुर में देर रात 70-80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चली थी। हादसा शहर से 25 किमी. दूर ललपुरा इलाके में हुआ। मृतकों में 4 बांदा और 2 हमीरपुर के रहने वाले थे। एसडीआरएफ के अधिकारियों ने बताया कि रात ढाई बजे से शुरू हुआ रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा हो चुका है। उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम पुल का निर्माण करवा रहा है। इसकी लागत 90 करोड़ रुपए है। 700 मीटर लंबा दो लेन का ब्रिज मोराकांड से कुरारा गांव के बीच बनाया जा रहा है। इसका निर्माण मार्च 2024 में शुरू हुआ था। दिसंबर 2026 तक इसे पूरा किया जाना है। यूपी ब्रिज कारपोरेशन के एमडी धर्मवीर सिंह ने बताया- मामले में प्रथम दृष्टया सहायक अभियंता गजेंद्र कुमार चौधरी को निलंबित किया है। डीपीएम दिलीप कुमार के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि मामले में विभागीय जांच के लिए कमेटी गठित की है। जांच कमेटी में संयुक्त प्रबंध निदेशक, मुख्य परियोजना प्रबंधक (डिजाइन) और मुख्य परियोजना प्रबंधक, कानपुर शामिल हैं।

- अधिकारी बोले- आंधी-बारिश के चलते हादसा
- तीन मजदूरों को बचाया गया
- सहायक अभियंता निलंबित

सुरक्षित फैसलों में देरी पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

# 'तीन महीने में निर्णय दे सभी हाईकोर्ट'

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षित मामलों में फैसले सुनाने में होने वाली देरी पर कड़ा रुख अपनाते हुए देश के सभी हाईकोर्टों के लिए विस्तृत और बाध्यकारी दिशा-निर्देश जारी किए हैं। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया है कि जिन मामलों में फैसला सुरक्षित रख लिया जाता है, उनमें यथासंभव तीन महीने के भीतर निर्णय सुनाया जाना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने कहा कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़े मामलों, विशेषकर नियमित जमानत और अग्रिम जमानत याचिकाओं में विशेष तत्परता बरती जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के अनुसार, जमानत याचिकाओं पर आदेश उसी दिन सुनाया और अपलोड किया जाना चाहिए। यदि फैसला सुरक्षित रखा जाता है तो उसे अगले दिन सुनाना अनिवार्य होगा। शीर्ष अदालत ने यह फैसला झारखंड हाईकोर्ट में लंबित कुछ आपराधिक अपीलों की सुनवाई के दौरान दिया। याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया था कि उनकी अपीलों पर सुनवाई पूरी होने के बावजूद दो से तीन साल तक फैसला नहीं सुनाया गया, जिससे उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन हुआ।

### अदालत की 10 बड़ी बातें

आरक्षित मामलों में कारणयुक्त फैसला तीन महीने के भीतर सुनाने का प्रयास किया जाए। जमानत और अग्रिम जमानत से जुड़े मामलों को प्राथमिकता दी जाए। जमानत याचिकाओं पर आदेश उसी दिन या अधिकतम अगले दिन सुनाया जाए। जमानत मिलने पर आदेश तुरंत जेल प्रशासन को भेजा जाए ताकि रिहाई में देरी न हो। खुले न्यायालय में सुनाए गए फैसलों को 24 घंटे के भीतर वेबसाइट पर अपलोड किया जाए। यदि केवल ऑपरेटिव आदेश सुनाया गया है तो विस्तृत फैसला 15 दिनों के भीतर अपलोड करना होगा। तीन महीने तक फैसला नहीं आने पर मामला मुख्य न्यायाधीश के संज्ञान में लाया जाएगा। तीन महीने और अतिरिक्त एक माह की देरी होने पर पक्षकार मामले को दूसरी पीठ को सौंपने की मांग कर सकेंगे। हाईकोर्ट की वेबसाइट पर आरक्षित फैसलों की स्थिति और तारीखें सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करनी होंगी।

# सिद्धारमैया ने सीएम पद छोड़ा, खरगे और राहुल से मिले

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के एक दिन बाद ही सिद्धारमैया शुक्रवार को दिल्ली पहुंचे।

- बेटे को मंत्री पद सहित कई मांगें रखीं
- डीके शिवकुमार होंगे अगले सीएम



यहां उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात की। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बैठक में सिद्धारमैया ने हाईकमान के सामने अपनी कई मांगें रखीं, जिनमें बेटे यतींद्र सिद्धारमैया के लिए नए मंत्रिमंडल में अहम मंत्रालय की मांग भी शामिल बताई जा रही है। उधर, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का इस्तीफा मंजूर कर लिया गया है। एजेंसी के मुताबिक पार्टी सूत्रों ने कहा है कि डीके अगले हफ्ते नए मंत्रियों के साथ शपथ ले सकते हैं। सरकार में सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन बनाए रखने के लिए 4 डिप्टी सीएम भी बनाए जा सकते हैं।

## पश्चिम बंगाल में 11 होल्डिंग सेंटर स्थापित

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने अवैध घुसपैठियों की पहचान और कार्रवाई के लिए राज्यभर में 11 होल्डिंग सेंटर स्थापित किए हैं। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, इन केंद्रों में फिलहाल 335 संदिग्ध लोगों को रखा गया है। अधिकारियों ने बताया कि ये सभी कार्रवाई राज्य की डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट नीति के तहत की जा रही है, जिसका उद्देश्य अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों की पहचान कर उन्हें वापस भेजना है। उत्तर 24 परगना जिले का बसीरहाट क्षेत्र, जो बांग्लादेश सीमा से सटा हुआ है, यहां सबसे अधिक संदिग्ध लोगों की पहचान हुई है। अधिकारियों के मुताबिक, यहां बांग्लादेशी नागरिकों और रोहिंग्या समुदाय के लोगों के होने की आशंका जताई जा रही है। ये होल्डिंग सेंटर अलग-अलग पुलिस जिलों और प्रशासनिक जिलों में संचालित किए जा रहे हैं। इनमें बरुईपुर, सुंदरबन, बसीरहाट, बोंगांव, बरासत, मुर्शिदाबाद, जंगीपुर और कृष्णानगर शामिल हैं। इसके अलावा मालदा, कूचबिहार और दक्षिण दिनाजपुर जिलों में भी ऐसे केंद्र बनाए गए हैं।

# मौसम का मिजाज बदला आंधी-बारिश का अलर्ट

### प्रमुख मौसम अलर्ट

| राज्य/क्षेत्र | मौसम स्थिति |
|---|---|
| बिहार | 100 किमी प्रति घंटा तक तूफानी हवा |
| पश्चिम बंगाल | भारी बारिश और तेज आंधी |
| उत्तर प्रदेश | धूल भरी आंधी और बारिश |
| राजस्थान | ओलावृष्टि और तेज हवाएं |
| केरल | भारी बारिश का अलर्ट |
| दिल्ली-एनसीआर | बारिश के आसार |

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मौसम ने अचानक करवट ली है और कई जिलों में आंधी, तेज हवाओं, बारिश और आकाशीय बिजली का खतरा बढ़ गया है. मौसम विभाग ने खासकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ और आसपास के इलाकों के लिए 80 से 90 किलोमीटर प्रति घंटे की र से हवाएं चलने की चेतावनी जारी की है। इसके साथ ही कई जिलों में गरज-चमक, ओलावृष्टि और भारी बारिश की भी संभावना जताई गई है। की जा रही है। और की रफ्तार आई हैं, जिसके बाद प्रशासन अलर्ट पर है है और लोगों से सतर्क रहने की अपील। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, उत्तर-पश्चिम भारत के अधिकांश हिस्सों में चल रही हीटवेव अब थम गई है। वहीं मौसम विभाग ने बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में तेज आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है। बिहार में 80 से 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तूफानी हवाएं चल सकती हैं। पश्चिम उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा में भी तेज धूल भरी आंधी आने की चेतावनी दी गई है।

## केरल विधानसभा में वंदे मातरम पर विवाद

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में नई विधानसभा में काम के पहले दिन पर वंदे मातरम के गायन को लेकर एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूडीएफ सरकार और राज्यपाल के कार्यालय (लोक भवन) के बीच यह पहला सीधा टकराव माना जा रहा है। राज्यपाल के नीतिगत संबोधन से पहले यह घटना सामने आई। केरल पुलिस बैंड ने वंदे मातरम का केवल शुरुआती हिस्सा बजाया। लोक भवन ने गुरुवार को पूर्वाभ्यास के दौरान पूरा राष्ट्रगीत बजाने का निर्देश दिया था।

# यूपी-महाराष्ट्र समेत चार राज्यों में एनआईए की छापेमारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने एक बड़े आतंकी नेटवर्क के खिलाफ देशभर में व्यापक कार्रवाई शुरू की है। एजेंसी उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार और महाराष्ट्र में कुल 12 स्थानों पर एक साथ छापेमारी कर रही है। यह कार्रवाई उस मामले से जुड़ी है जिसमें पाकिस्तान से जुड़े एक ऑपरेटिव जसवीर चौधरी और उसके भारतीय सहयोगियों पर ड्रोन के जरिए हथियार, गोला-बारूद और आईईडी की बड़ी खेप भारत में भेजने का आरोप है। एनआईए की टीमें यूपी में 5, राजस्थान में 2, बिहार में 2 और महाराष्ट्र में 3 स्थानों पर तलाशी अभियान चला रही हैं। इस दौरान डिजिटल उपकरण, दस्तावेज और संदिग्ध सामग्री की जांच की जा रही है। जांच एजेंसियों के अनुसार, यह नेटवर्क भारत-पाकिस्तान सीमा के जरिए ड्रोन का इस्तेमाल कर हथियार और विस्फोटक सामग्री की तस्करी कर रहा था। इन हथियारों का उद्देश्य पंजाब, दिल्ली और देश के अन्य हिस्सों में बड़े हमलों को अंजाम देना बताया जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि इस साजिश का मकसद आम नागरिकों की जान-माल को नुकसान पहुंचाना और देश में दहशत फैलाना था। इसी बीच एनआईए ने हरियाणा के सिरसा महिला थाना ग्रेनेड हमले मामले में भी बड़ी कार्रवाई की है। एजेंसी ने इस केस में दो पाकिस्तानी नागरिकों समेत नौ आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है।

### ड्रोन हथियार तस्करी नेटवर्क पर शिकंजा




## भारत में घुसपैठ पर बड़ा एक्शन प्लान

**इंदौर।** देश में घुसपैठ के कारण हो रहे जनसांख्यिकीय बदलाव को लेकर गठित उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष और पूर्व सुप्रीम कोर्ट जज जस्टिस प्रकाश प्रभाकर नावलेकर ने इसे एक गंभीर और बड़ी चुनौती बताया है। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर समिति केंद्र सरकार को और सख्त कानून लागू करने की सिफारिश कर सकती है। जस्टिस नावलेकर ने कहा कि अवैध घुसपैठ केवल सीमावर्ती क्षेत्रों तक सीमित समस्या नहीं है, बल्कि इसका असर अब शहरी इलाकों, औद्योगिक क्षेत्रों और सामाजिक-आर्थिक रूप से संवेदनशील हिस्सों तक फैल रहा है।

# जून में सिर्फ 90प्रतिशत बारिश का अनुमान

**नई दिल्ली।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने शुक्रवार को दक्षिण-पश्चिम मानसून सीजन के लिए अपना दूसरा दीर्घकालिक पूर्वानुमान जारी कर दिया है। मौसम विभाग ने देश के कई महत्वपूर्ण हिस्सों में सामान्य से कम बारिश होने की आशंका जताई है। इसके साथ ही जून की शुरुआत से ही कई राज्यों में भीषण लू का प्रकोप देखने को मिल सकता है। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए मौसम विज्ञान के महानिदेशक डॉ. मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि जून से सितंबर के दौरान पूरे देश में दीर्घकालिक औसत की 90 प्रतिशत बारिश होने की उम्मीद है, जिसमें 4 प्रतिशत का उतार-चढ़ाव हो सकता है।

- यूपी-बिहार समेत 8 राज्यों में टूटेंगे गर्मी के सारे रिकॉर्ड आईएमडी ने बढ़ाई टेंशन

आईएमडी के क्षेत्रीय पूर्वानुमान के अनुसार, इस मानसून सीजन में देश के अलग-अलग हिस्सों में बारिश का मिजाज कुछ ऐसा रहेगा कि यहां सामान्य बारिश होने की उम्मीद है, जो एलपीए का 94 से 106 प्रतिशत तक हो सकती है।

जून के महीने को लेकर डॉ. महापात्र ने कहा कि देश के अधिकांश हिस्सों में मानसून की शुरुआत धीमी रहेगी और बारिश सामान्य से कम रहने की आशंका है। हालांकि, उत्तर-पश्चिम भारत, उत्तर-पूर्व भारत और दक्षिणी प्रायद्वीप के कुछ चुनिंदा इलाकों में सामान्य या उससे अधिक बारिश देखी जा सकती है।

मौसम विभाग ने जून के दौरान देश के अधिकांश हिस्सों में तापमान सामान्य से अधिक रहने का अनुमान जताया है। अधिकतम तापमान के साथ-साथ रात का न्यूनतम तापमान भी सामान्य से ऊपर बना रहेगा।

आईएमडी ने चेतावनी दी है कि जून के महीने में उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, बिहार, ओडिशा, छत्तीसगढ़, गुजरात और आंध्र प्रदेश समेत कई राज्यों में सामान्य से अधिक दिनों तक लू चलेगी। वही, महाराष्ट्र, तेलंगाना और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में भी लू की गतिविधियां बढ़ने की संभावना है।

## महाराष्ट्र : जहरीली शराब पीने से 13 की मौत

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे में जहरीली शराब पीने से कम से कम 13 लोगों की मौत होने की दर्दनाक घटना सामने आई है। यह मामला पुणे के हडपसर इलाके का है। घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। प्रशासन और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इलाके के चार लोगों का इलाज चल रहा है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पिंपरी-चिंचवड पुलिस ने योगेश वानखेड़े नाम के एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है, जिसे पहले पुणे राज्य उत्पाद शुल्क विभाग ने हिरासत में लिया था। आरोप है कि उसी ने दोनों स्थानों पर शराब की आपूर्ति की थी। पुणे पुलिस अधिकारियों के अनुसार आगे की जांच जारी है। पुणे से पांच मौतों की सूचना मिली है, जिनमें से तीन काले पाडल में और दो हडपसर में हुई हैं।

## कनाडा पुलिस को लारेंस गैंग की चुनौती

**ओटावा।** कनाडा में चल रही जबरन वसूली और हिंसक वारदातों के पीछे सक्रिय लॉरेंस गैंग के सिंडिकेट ने ब्रिटिश कोलंबिया पुलिस को सीधे चुनौती देते हुए एक लेटर भेजा है। लेटर में गैंग की ओर से दावा किया गया है कि कनाडा में उनके 1000 से अधिक 'फुट सोल्जर्स' या ग्राउंड स्तर के शूटर सक्रिय हैं। लेटर सामने आने के बाद कनाडा के सुरक्षा तंत्र और वहां रह रहे दक्षिण एशियाई समुदाय, खासकर भारतीय और पंजाबी मूल के व्यापारियों में दहशत का माहौल है। कनाडाई मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जबरन वसूली मामलों के एक प्रमुख जांचकर्ता और एडमॉन्टन पुलिस सेवा के जासूस ने इमिग्रेशन एंड रिफ्यूजी बोर्ड के सामने गवाही देते हुए बताया कि ब्रिटिश कोलंबिया के एबॉट्सफोर्ड पुलिस स्टेशन में पिछले साल 13 अगस्त 2025 को यह पत्र पहुंचा था।

## जून में सिंगापुर जाएंगे लालू प्रसाद यादव

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव जल्द ही सिंगापुर के लिए रवाना होंगे। यह दौरा पूरी तरह चिकित्सकीय बताया जा रहा है। दिसंबर 2022 में सिंगापुर के माउंट एलिजाबेथ अस्पताल में उनका किडनी ट्रांसप्लांट हुआ था। इसके बाद से डॉक्टरों की सलाह पर वे समय-समय पर नियमित जांच के लिए सिंगापुर जाते रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, इस बार भी उनकी यात्रा जून के पहले सप्ताह में प्रस्तावित है। दिल्ली की अदालत और रांची की सीबीआई विशेष अदालत से विदेश यात्रा की मंजूरी मिलने के बाद उनका पासपोर्ट रिलीज कर दिया गया है। चारा घोटाले के विभिन्न मामलों में सजायाफ्ता लालू यादव फिलहाल मेडिकल जमानत पर हैं।

रिपोर्ट

आरबीआई ने वित्तीय वर्ष 27 के लिए 6.9 प्रतिशत जीडीपी ग्रोथ का जताया अनुमान

# तनाव के बीच भी मजबूत रहेगी भारतीय अर्थव्यवस्था

**नई दिल्ली।** पश्चिमी एशिया में चल रहे संघर्ष और बढ़ते ग्लोबल तनाव के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था अपनी मजबूती बनाए रखने के लिए तैयार है। भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट 2025-26 में कहा है कि मजबूत घरेलू बुनियादी ढांचे के दम पर भारत आर्थिक विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ता रहेगा। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की रियल जीडीपी ग्रोथ 6.9 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, कॉरपोरेट और बैंकिंग सेक्टर की स्वस्थ बैलेंस शीट और सरकार द्वारा लगातार पूंजीगत व्यय पर दिया जा रहा जोर इस मजबूत विकास यात्रा को सपोर्ट करेगा। बीते वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान भारत 7.6 प्रतिशत की अनुमानित जीडीपी वृद्धि के साथ सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहा, जो इससे पिछले वर्ष के 7.1 प्रतिशत के मुकाबले बेहतर है।




केंद्रीय बैंक ने चेतावनी दी है कि पश्चिमी एशिया विवाद 2026 में ग्लोबल विकास दर के लिए सबसे बड़ी रुकावट बनकर उभरा है, जिससे व्यापार और वित्तीय बाजारों के लिए जोखिम पैदा हो रहा है। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और सप्लाई चेन में रुकावटों से महंगाई का दबाव बढ़ सकता है। वित्त वर्ष 2026-27 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई दर 4.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो 2025-26 के 2.1 प्रतिशत के मुकाबले काफी अधिक है। आरबीआई के अनुसार, ग्लोबल ईंधन और कमोडिटी की कीमतों में उछाल जैसे कारक महंगाई के लिए जोखिम बढ़ा सकते हैं। साथ ही, इन भू-राजनीतिक जोखिमों के कारण इनपुट और मजदूरी की लागत बढ़ने के साथ-साथ विनिमय दर में भी उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।

राजकोषीय मोर्चे पर केंद्र सरकार के लगातार प्रयास सफल होते दिख रहे हैं। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सकल राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.4 प्रतिशत रहा, जो सरकार के 4.5 प्रतिशत के मीडियम-टर्म लक्ष्य से नीचे है। सरकार ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए राजकोषीय घाटे का लक्ष्य जीडीपी का 4.3 प्रतिशत रखा है, जो हाल के वर्षों में किए गए राजकोषीय मजबूतीकरण के निरंतर प्रयासों को दर्शाता है। लगातार बदल रहे महंगाई के जोखिमों को देखते हुए भविष्य में मौद्रिक नीति को लेकर आरबीआई सावधानी भरा रुख अपना सकता है। महंगाई में तेज गिरावट के कारण 2025-26 के दौरान मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी (एमपीसी) ने पॉलिसी रेपो रेट में 100 बेसिस पॉइंट्स की कटौती की थी। हालांकि, अप्रैल 2026 में एमपीसी ने बढ़े हुए भू-राजनीतिक जोखिमों के बीच विकास और महंगाई के परिदृश्य को देखते हुए सर्वसम्मति से रेपो रेट को 5.25 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने का फैसला किया और अपना 'न्यूट्रल' रुख बरकरार रखा। भले ही पश्चिम एशिया विवाद के लंबे खिंचने के कुछ जोखिम बने हुए हैं, लेकिन भारत के मजबूत मैक्रोइकॉनॉमिक फंडामेंटल्स अर्थव्यवस्था को सहारा देंगे। आने वाले समय में दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों के लिए बार-बार आने वाले सप्लाई झटकों और भू-राजनीतिक अस्थिरता के बीच विकास दर की चिंताओं और महंगाई नियंत्रण में संतुलन बनाना एक बड़ी चुनौती होगी। हालांकि, अनिश्चित वैश्विक माहौल के बावजूद मजबूत घरेलू मांग भारत के लिए एक प्रमुख ग्रोथ ड्राइवर बनी रहेगी।

# लखनापुर में आग से उजड़े कई परिवार

## अनाज से लेकर गृहस्थी तक राख, खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर अग्निकांड पीड़ित

**स्वतंत्र भारत पुवायाँ शाहजहांपुर।** विकासखंड के ग्राम लखनापुर में 24 मई को लगी भीषण आग ने कई परिवारों की जिंदगी तबाह कर दी। आग इतनी भयावह थी कि देखते ही देखते कई कच्चे और पक्के मकान उसकी चपेट में आ गए। हादसे में परिवारों की वर्षों की जमा पूंजी, अनाज, कपड़े और गृहस्थी का पूरा सामान जलकर राख हो गया। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी औरमातम का माहौल बना रहा। कई परिवारों के घर पूरी तरह तबाह आग की इस घटना में सोहनलाल, खुशीराम, बुलाकी, श्रीराम और ओमप्रकाश के घर पूरी तरह नष्ट हो गए। पीड़ति परिवारों ने बताया कि आग इतनी तेजी से फैली कि उन्हें सामान निकालने तक का मौका नहीं



मिला। कुछ ही देर में घरों में रखा अनाज, कपड़े, चारपाई और जरूरी घरेलू सामान जलकर राख हो गया। गृहस्थी का सामान भी नहीं बचा ग्रामीणों के अनुसार, आग की लपटें इतनी तेज थीं कि लोग अपने घरों से जान बचाकर बाहर निकलने में ही जुटे रहे। कई परिवारों की पूरी गृहस्थी खत्म हो गई। पीड़ितों का कहना है कि अब उनके सामने रहने और खाने तक का संकट खड़ा हो गया है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी लोग खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे विधायक घटना की जानकारी मिलते ही पुवायां से भाजपा विधायक चेतराम ने मामले का संज्ञान लिया। विधायक तत्काल तहसीलदार और क्षेत्रीय लेखपाल के साथ गांव पहुंचे और पीड़ति परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण कर नुकसान का जायजा लिया और प्रभावित लोगों को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। प्रशासन को दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश विधायक चेतराम ने मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों को नुकसान का आकलन कर जल्द रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने लेखपाल को दैवीय आपदा राहत कोष के अंतर्गत प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता दिलाने की प्रक्रिया तत्काल शुरू करने को कहा। विधायक ने स्पष्ट किया कि पीड़ति परिवारों को राहत पहुंचाने में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ग्रामीणों ने मांगी स्थायी मदद घटना के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन से प्रभावित परिवारों के लिए स्थायी सहायता की मांग की है। लोगों काकहना है कि आग में सबकुछ खत्म हो जाने के बाद परिवार बेहद मुश्किल हालात में पहुंच गए हैं। ग्रामीणों ने पीड़ितों के लिए आर्थिक सहायता, राशन और अस्थायी आवास की व्यवस्था कराने की मांग उठाई है। गांव में पसरा मातम भीषण आग की घटना के बाद पूरे गांव में मायूसी का माहौल है। जिन परिवारों के घर जले हैं, उनके सामने दोबारा जिंदगी पटरी पर लाने की बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। फिलहाल प्रशासन नुकसान का आंकलन करने में जुटा है और पीड़ति परिवारों को राहत दिलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# दरोगा पर फायरिंग और अभद्रता का आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र में फर्जी लोन की शिकायत की जांच करने पहुंचे दरोगा पर फायरिंग और मारपीट करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से तमंचा और कारतूस भी बरामद किए गए हैं। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है, जबकि दूसरे आरोपी की तलाश जारी है। तिलहर थाने में तैनात दरोगा गौरव कुमार निवासी बुलंदशहर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 26 मई की रात हेड कांस्टेबल भारतमणि के साथ गांव बंधी चक में फर्जी लोन की शिकायत की जांच करने गए थे। शिकायत गांव निवासी नकुल और उसके भाई के खिलाफ थी। आरोप है कि गांव पहुंचते ही दोनों भाइयों ने पुलिस टीम के साथ अभद्रता शुरू कर दी। गाली-गलौज करते हुए सरकारी कार्य में बाधा डाली और दरोगा की डायरी छीन ली, जिसमें रखे



सरकारी दस्तावेज फाड़ दिए। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए फायरिंग कर दी। फायरिंग में पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए। इस दौरान दरोगा की वर्दी भी फाड़ दी गई। घटना के बाद दरोगा की तहरीर पर 28 मई को दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। शुक्रवार को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी नकुल कटरा हाईवे स्थित ब्रिज के पास मौजूद है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से एक तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम नकुल निवासी बंधी चक थाना तिलहर बताया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया। वहीं दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। सूत्रों के अनुसार घटना 26 मई की रात की थी, लेकिन थाना पुलिस ने मामले की जानकारी 27 मई की रात तक उच्च अधिकारियों से छिपाए रखी। मामला एसपी के संज्ञान में आने और फटकार लगने के बाद 28 मई को मुकदमा दर्ज किया गया।

# प्राशिसं प्रतिनिधिमंडल ने वित्त एवं लेखा अधिकारी को दिया ज्ञापन



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने वित्त एवं लेखा अधिकारी अरुण कुमार राणा से मिलकर अपना ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में अवगत कराया गया कि परिषदीय विद्यालयों से 31 मार्च 2026 को सेवानिवृत हुए सभी शिक्षकों के समस्त देयक एवं उनकी पेंशन अभी तक स्वीकृत नहीं हुई है। उनकी पत्रावलियां खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय तथा वित्त एवं लेखा अधिकारी कार्यालय में लंबित हैं जो की अत्यंत खेद का विषय है। वित्त एवं लेखाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया की *उनके द्वारा खंड शिक्षा अधिकारियों को पूर्व में कई बार समय से पत्रावलियां प्रस्तुत करने के लिए कई बार पत्र भी लिखा जा चुका है परंतु समय से पत्रावलियां प्रस्तुत न करने के कारण अभी तक सभी शिक्षकों की पेंशन नहीं लग पाई है।* पुरानी पेंशन से लाभान्वित 42 शिक्षकों में से 21 शिक्षकों की पेंशन लग चुकी है एवं 21 पेंशन पत्रावलियों में आपत्ति पाई गई है जो की खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से आपत्तियां निस्तारित की जाएगी। उनके द्वारा सभी शिक्षकों की पेंशन अति शीघ्र लगाने का आश्वासन भी दिया गया। प्रतिनिधि मंडल में जिला अध्यक्ष यशपाल सिंह, जिला संरक्षक महेंद्र पाल सिंह, जिला मंत्री विजय प्रताप सिंह, जिला कोषाध्यक्ष नितिन मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह आदि उपस्थित रहे।

# बालिकाओं को खेल के प्रति किया जागरूक

**स्वतंत्र भारत खुटार शाहजहांपुर।** ग्राम पंचायत रौतापुर में हब फॉर इंपॉवरमेंट ऑफ वूमेन से जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बालक बालिकाओं को खेल के प्रति जागरूक व महिलाओं को विभागीय योजनाओं के विषय में जानकारी दी गई। अमृता दीक्षित ने महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया एवं दहेज प्रतिषेध अधिनियम व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में बताया गया की बेटी बोझ नहीं है उन्हें शिक्षा दे और आगे बढ़ने का मौका दे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, निराश्रित महिला पेंशन



योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेंटर सेवाएँ, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन एवं 181 महिला हेल्पलाइन – के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।घरेलू हिंसा अधिनियम, बाल विवाह निषेध अधिनियम, मानव तस्करी निरोधक कानून एवं दहेज निषेध अधिनियम – के संबंध में भी उपस्थित जनों को जागरूक किया गया।उक्त कार्यक्रम जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित, जेंडर स्पेशलिस्ट रश्मि देवी, पंचायत सहायक रचना गौतम , आंगनबाड़ी सुशीला देवी, आशा सुमन देवी, बीसी सखी नमिता मिश्रा, समूह सखी मनीषा मौर्य, आदि लोग उपस्थित रहे।

# महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत खुदागंज शाहजहांपुर।** जनपद शाहजहांपुर में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना खुदागंज पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी तिलहर के पर्यवेक्षण में खुदागंज थानाध्यक्ष राजेश कुमार मौर्य के नेतृत्व में पुलिस टीम ने महिला उत्पीड़न एवं आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार दिनांक 24 मई 2026 को थाना फरीदपुर जनपद बरेली क्षेत्र से संबंधित एक प्रकरण में वादी की पुत्री द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में अभियुक्त गौधन लाल पुत्र रामदुलारे निवासी लक्ष्मीपुर



कस्बा एवं थाना खुदागंज, जनपद शाहजहांपुर के विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या 126/2026 धारा 108, 352 बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था, जिसकी पुलिस लगातार तलाश कर रही थी। गुरुवार को खुदागंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कमलापुर पुलिया स्थित मंदिर के पास से आरोपी गौधन लाल को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। गिरफ्तार अभियुक्त की उम्र लगभग 32 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक दिनेशचंद्र, कांस्टेबल गौरव शर्मा एवं कांस्टेबल राहुल कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। खुदागंज पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर लोगों में भरोसा मजबूत हुआ है तथा अपराधियों में पुलिस का खौफ साफ दिखाई दे रहा

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दंपति घायल

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** थाना कटरा क्षेत्र में बुधवार देर रात तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दंपती घायल हो गए। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि पति को भी चोटें आईं। प्राथमिक उपचार के बाद महिला को राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। थाना कटरा क्षेत्र के गांव जलालपुर निवासी जसवंत अपनी पत्नी यशोदा के साथ बाइक से एक रिश्तेदारी से वापस घर लौट रहे थे। देर रात थाना क्षेत्र के एक पेट्रोल पंप के पास पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई, जिससे यशोदा गंभीर रूप से घायल हो गईं, जबकि जसवंत भी चोटिल हो गए। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों और स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों ने तत्काल एंबुलेंस सेवा को सूचना दी। एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद यशोदा की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# रोजा पॉवर में बायोमास कार्यशाला का आयोजन

**स्वतंत्र भारत ददरौल शाहजहांपुर।** विद्युत उत्पादन में पर्यावरण अनुकूल ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देने एवं सतत् विकास के उद्देश्य से रोजा पॉवर प्लांट में मिशन समर्थ के सहयोग से आज एक कार्यशाला एवं जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यशाला में संयंत्र एवं मिशन समर्थ के अधिकारियों, स्थानीय किसानों तथा संबंधित हितधारकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों द्वारा बायोमास के तात्पर्य, विद्युत उत्पादन में इसके महत्व, कोयले के साथ इसके सह दहन की प्रक्रिया, पर्यावरण संरक्षण में इसकी भूमिका तथा किसानों के लिए इससे संबंधित आर्थिक लाभ की विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिभागियों को यह जानकारी भी दी गई कि कृषि अवशेषों का उचित प्रबंधन कर प्रदूषण को कम किया जा सकता है तथा अतिरिक्त आय के अवसर भी सृजित किए जा



सकते हैं। कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए रोजा पॉवर के स्टेशन डायरेक्टर हृदय सिंह तोमर ने कहा कि विद्युत संयंत्र में बायोमास के उपयोग को बढ़ावा देना स्वच्छ ऊर्जा एवं हरित पर्यावरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी संबंधित पक्षों से बायोमास आपूर्ति एवं उपयोग को बढ़ाने में सक्रिय सहयोग की अपील की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने ऐसी जागरुकतापूर्ण कार्यशाला आयोजित करने के लिए रोजा पॉवर का आभार व्यक्त किया और बताया कि जिले में कृषि अवशेषों से लोगों के आर्थिक विकास की असीम संभावनाएं हैं क्योंकि कृषि उत्पादन, विशेषकर धान के उत्पादन में शाहजहाँपुर जिला प्रदेश में अव्वल स्थान रखता है। उन्होंने यह भी बताया कि प्लांट को जितने बायोमास की आवश्यकता है उससे भी अधिक आपूर्ति की संभावना है। उन्होंने इस क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों को किसानो तथा प्लांट के मध्य एक मज़बूत कड़ी के रूप में आगे आने की अपेक्षा की। विशिष्ट अतिथि एवं समर्थ के मिशन डायरेक्टर श्री रवि प्रकाश अग्रवाल ने कृषि अवशेषों के उचित प्रबंधन को देश के लिए बहुत बड़ी चुनौती के रूप में प्रस्तुत किया लेकिन इसी में छुपे अवसर पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कृषि अवशेषों का उचित प्रबंध कर किस प्रकार देश एवं पर्यावरण के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। इस अक्सर पर एस बी आई के एस एम ई ब्रांच के शाखा प्रबंधक ने बायोमास प्लांट लगाने हेतु ऋष्टा दिए जाने पर भी विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला का समापन रोजा पॉवर प्लांट के ऑपरेशन हेड शुवेंदु शेखर डे ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन करने के साथ किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रदेशों से आए उद्यमियों तथा स्थानीय किसानों के अतिरिक्त रोजा पॉवर से उमेश यादव, सुरेंद्र सिंह, धर्मेंद्र बैस, शरद मिश्रा जितेंद्र निगम, मनीष कुमार सिंह, मनोहर कुमार सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रधान पर फर्जी उपस्थिति लगाकर धन गबन का आरोप

## एसडीएम से जांच की मांग

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** क्षेत्र के गांव लखोहा में ग्राम प्रधान पर विकास कार्यों में अनियमितता और सरकारी धन के गबन का आरोप लगाते हुए ग्रामीण ने एसडीएम से शिकायत कर निष्पक्ष जांच की मांग की है। शिकायत मिलने के बाद प्रशासन ने मामले की जांच कराने की बात कही है। गांव लखोहा निवासी राजेंद्र गंगवार ने शुक्रवार को एसडीएम को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत में कराए गए इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य पर मजदूरों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज की जा रही है, जबकि उक्त कार्य मार्च 2026 में ही पूरा हो चुका है। शिकायतकर्ता का कहना है कि प्रधान द्वारा मजदूरों को सुबह-शाम केवल उपस्थिति लगाने के लिए खड़ा किया जाता है और फर्जी तरीके से हाजिरी दर्ज कराई जा रही है। राजेंद्र गंगवार ने यह भी आरोप लगाया कि गांव के पूर्व स्थित देवस्थान और पानी की टंकी के पास बने तालाब का पानी इंजन लगाकर खेतों में भराई के लिए निकाल लिया गया। तालाब सूख जाने से गांव के वंशों, बंदरों और अन्य पशु-पक्षियों को पानी पीने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत में कई सरकारी कार्यों को फर्जी तरीके से दर्शाकर सरकार द्वारा भेजी गई धनराशि का दुरुपयोग किया गया है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।एसडीएम जीत सिंह राय ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है। मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी और आरोप सही पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# खंड विकास कार्यालय पर पेयजल व्यवस्था चौपट, ग्रामीण परेशान

## बाहर लगे इंडिया मार्का हैंड पाइप का सहारा, महंगे दामों पर पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है

**स्वतंत्र भारत कांट शाहजहांपुर।** भीषण गर्मी के चलते खंड विकास कार्यालय पर पेयजल व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो चुकी है इंडिया मार्का हैंड पंप और लगाए गए आरओ वाटर कूलर पूरी तरह से शून्य हो गए हैं वर्षो से खराब होने के बाद दूध ठीक नहीं कराया गया। दूर क्षेत्र से आने वाले ग्रामीणों को ब्लॉक परिसर में बाहर लगे हैंड पंप का सहारा लेना पड़ता हैहजारों रुपए की लागत से लगे आरओ वाटर कूलर केवल शोपीस बनकर रह गए हैं। पेयजल व्यवस्था की बदहाल स्थिति को लेकर गहरी नाराजगी बढ़ रही है। पेयजल व्यवस्था को सुधारने की मांग की है।कार्यालय परिसर में लगे आरओ वाटर कूलर लंबे समय से खराब पड़े हैं। इसके अतिरिक्त, परिसर में लगे इंडियामार्का हैंडपंप काम नहीं कर रहे हैं या उनमें पर्याप्त जलापूर्ति नहीं हो रही है।



दूर-दराज से आने वाले ग्रामीण, फरियादी और वादकारी घंटों तक कार्यालय में अपनी बारी का इंतजार करते हैं। इस दौरान उन्हें पीने का पानी तक उपलब्ध नहीं हो पाता है। कई लोगों को अपनी प्यास बुझाने के लिए मजबूरी में बाहर लगे हैंडपंप का सहारा लेना पड़ता है। कुछ लोग दुकानों से पानी खरीदकर पी रहे हैं। भीषण गर्मी में पेयजल व्यवस्था न होना एक गंभीर समस्या बनी हुई है

सचिव से मिलने ब्लॉक कार्यालय आए थे। यहां उन्हें करीब दो घंटे तक इंतजार करना पड़ा, लेकिन परिसर में पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं थी। मजबूरन उन्हें बाहर लगे नल से पानी पीना पड़ा।
- मुन्ना लाल, निवासी गांव टांडा पर्वतपुर

निजी कार्य से ब्लॉक कार्यालय आए थे और करीब तीन घंटे तक रुकना पड़ा, पीने के पानी की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है।पेयजल व्यवस्था ठीक होनी चाहिए
रमाकान्त चौहनापुर

आरओ वाटर कूलर लंबे उनके आने से पहले से खराब पड़ा है इस संबंध में अकाउंटेंट से बात की है जल्द ठीक करा दिया जाएगा इंडिया मार्का हैंडपंप ठीक से काम कर रहे हैं।
इंद्र कुमार शुक्ला खंड विकास अधिकारी कांट

# व्यास ने सुनाई कंस वध की कथा

**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर/परौर -शाहजहांपुर।** शुक्रवार को ग्राम दहेलिया में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का आज आठवां दिन है। कथा व्यास विपिन कुमार शंख धार ने आज कंस बध की कथा सुनाते हुए बताया कि जब कंस को मालूम हुआ कि उसके मारने वाले का जन्म हो गया है और वह मां यशोदा की गोद में गोकुल में सुरक्षित है। तो उसने कई राक्षसों को भेज कर श्री कृष्ण को मरवाने का प्रयास किया। लेकिन श्री कृष्ण भगवान का कुछ नहीं बिगड़ा और उनके हाथों राक्षस मारे गए तथा उन्हें मुक्ति प्राप्त हुई। जब कंस के सारे प्रयास असफल हो गए तो उसने मथुरा में धनुष यज्ञ का आयोजन किया। वहीं पर श्री कृष्ण ने धनुष को तोड़कर कंस का वध किया। कथा श्रवण में अखिलेश सिंह, सुखबीर सिंह, बृजनंदन शुक्ला, सोनू सक्सेना, धर्मराज सिंह, गोपाल सिंह, संजीव कुमार सिंह, पप्पू सिंह, अमोंग मिश्रा, रामनिवास सिंह, सत्यवीर सिंह चौहान, कल्लू सिंह, कालीचरण राठौर, ज्ञानेंद्र कुमार बाजपेई, अखिलेश कुमार मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# तमंचा के साथ युवक गिरफ्तार

**खुटार।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक को उसके घर से तमंचा के साथ गिरफ्तार किया। जिस पर आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया। शुक्रवार को पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि कस्बा के मोहल्ला नौगवां कोट निवासी दीपक गुप्ता तमंचा के साथ अपने घर में मौजूद है। सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। और घेराबंदी कर दीपक गुप्ता को उसके घर से दबोच लिया। जामातलाशी लेने पर उसके पास एक 315 बोर का तमंचा व एक जिंदा करतूत बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में एसएसआई सुभाष चंद्र व उपेंद्र कुमार मौजूद रहे।

# अकबरी लायन बनी चैम्पियन

**स्वतंत्र भारत खुदागंज शाहजहांपुर।** क्षेत्र में आयोजित अकबरी प्रीमियर लीग का बहुप्रतीक्षित फाइनल मुकाबला गुरुवार को खेल प्रेमियों के उत्साह और रोमांच के बीच सम्पन्न हुआ। फाइनल मैच में अकबरी इलेवन और अकबरी लायन की टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर मैदान पर रोमांच भर दिया, वहीं बड़ी संख्या में मौजूद दर्शकों ने तालियों और नारों के साथ खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। फाइनल मुकाबले में अकबरी इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टीम ने आक्रामक शुरुआत करते हुए 11.3 ओवर में 103 रन बनाए, हालांकि पूरी टीम ऑलआउट हो गई। अकबरी इलेवन की ओर से बाबू ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 29 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली और टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। 104 रनों के लक्ष्य का पीछा करने



उतरी अकबरी लायन की टीम ने संयमित और शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। मैच के अंतिम क्षणों तक चले रोमांचक मुकाबले में अकबरी लायन ने 3 विकेट से जीत दर्ज कर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। टीम की ओर से निजामुद्दीन ने 28 रनों की बेहतरीन पारी खेलकर जीत की नींव रखी और दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन करते हुए ताजीम ने 4 महत्वपूर्ण विकेट झटककर मैच का रुख पलट दिया, जिसके लिए उन्हें ÷मैन ऑफ द मैच÷ के सम्मान से नवाजा गया। वहीं पूरे टूर्नामेंट में लगातार दमदार बल्लेबाजी कर टीम को मजबूती देने वाले इमरान खान को ÷बेस्ट बैट्समैन÷ का पुरस्कार प्रदान किया गया। इमरान खान ने पूरे टूर्नामेंट में अपने शानदार शॉट्स, बेहतरीन टाइमिंग और आक्रामक बल्लेबाजी से दर्शकों का दिल जीत लिया तथा कई अहम मौकों पर टीम के लिए निर्णायक पारियां खेलीं। अवसर पर डॉ. इजहार अली ने विजेता एवं उपविजेता टीम सहित सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान किए। इस दौरान मैदान में मौजूद खेल प्रेमियों और स्थानीय लोगों ने खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत करते हुए तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साह बढ़ाया। पूरे आयोजन में खेल भावना, उत्साह और भाईचारे का अद्भुत माहौल देखने को मिला।




# मेयर ने जल शक्ति मंत्री और निदेशक यूपीएसआरटीसी को भेजा पत्र

### शहर में डाली गई पाइप लाइन के लिए खोदी गई सड़क की मरम्मत, इलेक्ट्रिक बसों का संचालन जलालाबाद तक कराने की मांग

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** नगर निगम की मेयर अर्चना वर्मा ने नगर क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न वार्डों में



जल निगम द्वारा पाइप लाइन स्थापित करने से क्षतिग्रसत मार्गो की मरम्मत कराने की मांग जल शक्ति एवं बाढ नियंत्रण, मंत्री से की है। उन्होंने भेजे पत्र में बताया नगर निगम सीमा अन्तर्गत शासन की मंशानुसार आमजन को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु जल निगम द्वारा विभिन्न वार्डों में पाइप लाइन स्थापित करने का कार्य कराया जा रहा है।

जिसमें पार्षदगण एवं आम नागरिकों द्वारा लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि जल निगम द्वारा मानकों के अनुरूप पाइप लाइन स्थापित करने का कार्य नहीं किया जा रहा है। पाइप लाइन स्थापित करने हेतु मार्गों को क्षतिग्रस्त कर दिया जाता है, किन्तु कार्य पूर्ण होने के उपरान्त मार्गों की समुचित मरम्मत नहीं कराई जाती है, जिससे आमजन को आवागमन में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर बने गड्ढों को न भरे जाने के कारण अनेक स्थानों पर दुर्घटनाएँ भी घटित हो चुकी हैं। इस सम्बन्ध में जल निगम के अधिकारियों को पूर्व में भी आवश्यक सुधार हेतु निर्देशित किया गया, तथापि समस्या यथावत बनी हुई है।

इस लिए नगर निगम सीमा अन्तर्गत पाइप लाइन स्थापना कार्य की जांच कराते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को क्षतिग्रस्त मार्गों की समुचित मरम्मत कराए जाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए जाए। उन्होंने निदेशक, राज्य सड़क परिवहन को भेजे पत्र में बताया कि पूर्व में इलेक्ट्रिक सिटी बसों का संचालन शाहजहाँपुर से जलालाबाद मार्ग पर किया जाता था, किन्तु पिछले कुछ माह से उक्त बसों का संचालन बंद कर दिया गया है। इसके कारण कॉट एवं जलालाबाद आने-जाने वाले यात्रियों को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।जनहित को दृष्टिगत रखते हुए शाहजहाँपुर से जलालाबाद मार्ग पर इलेक्ट्रिक सिटी बसों का संचालन पुनः प्रारम्भ किया जाना अत्यंत आवश्यक है, जिससे आम जनता को आवागमन में सुविधा प्राप्त हो सके।

# पक्की दीवार पर पेड़ गिरने से मलबे में दबकर एक की मौत

**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर -शाहजहापुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम गाजीपुर चिकटिया में बृहस्पतिवार की रात लगभग नौ बजे आए चक्रवाती तूफान और ओलावृष्टि में नीम का पेड़ उखड़कर पक्की दीवार पर पड़े छप्पर पर गिर गया। जिससे छप्पर के नीचे बैठे परिवार के मुखिया प्रेमपाल मौर्य की दीवार के मलबे में दबकर मृत्यु हो गई। दैवीय आपदा में किसान की मौत की सूचना ग्राम प्रधान पूनम देवी के पति अवधेश अग्निहोत्री ने तहसील प्रशासन और थाना को दी। प्रधानपति अवधेश अग्निहोत्री की सूचना पर थानाध्यक्ष मिर्जापुर सोनी शुक्ला ने रात में ही मौके पर जाकर पीड़ित परिवार को सांत्वना दी और शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रधानपति ने बताया कि शुक्रवार सुबह क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक सुखवीर सिंह और लेखपाल बृजकिशोर ने मौके पर पहुंचकर दैवीय आपदा में परिवार के मुखिया प्रेमपाल मौर्य की मृत्यु पर परिवार को ढाढस बंधाते हुए सरकारी सहायता उपलब्ध करवाने की लिखा पढ़ी की। मृतक प्रेमपाल की पत्नी नन्हीं देवी ने बताया कि बीती रात आए



चक्रवाती तूफान में परिवार के सभी लोग घर में थे। जबकि उसके पति घर के बाहर पक्की दीवार के सहारे पड़े छप्पर के नीचे बैठे थे। तभी चक्रवाती तूफान और ओलावृष्टि के बीच अचानक पड़ोस में खड़ा नीम का पेड़ उसकी दीवार और छप्पर पर गिर गया। जिससे उसके पति दीवार के मलबे में दब गए। पेड़ गिरने की आवाज सुनकर परिवार और पड़ोस के लोगों ने जबतक मलबे को हटाकर उन्हें बाहर निकाला,तबतक उनकी सांसे थम चुकीं थीं। मृतक की पत्नी ने रोते बिलखते बताया कि उसके पति ने अब से करीब एक माह पहले ही बड़ी बेटी शिवानी की शादी की थी। घर में बेटी की शादी की खुशियों के बीच बेटी को ससुराल से बुलाने की तैयारी चल रही थी,कि अचानक घर के मुखिया की मृत्यु से शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। मृतक अपने पीछे अपनी पत्नी नन्हीं देवी,22 वर्षीय पुत्र दिनेश कुमार,18 वर्षीय ब्याहता बेटी शिवानी,16 वर्षीय शिखा व 15 वर्षीय सुधा को रोता बिलखता छोड़ गए। ग्राम प्रधानपति अवधेश अग्निहोत्री ने तहसील और जिला प्रशासन से पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता मुहैया करवाए जाने की मांग की है।

# देवी मूर्ति को असमाजिकतत्वों ने किया खंडित

**स्वतंत्र भारत निगोही शाहजहांपुर।** नगर निगोही के मुहल्ला पाल बस्ती रेलवे लाइन के निकट स्थित प्राचीन देवस्थान मिठ्ठान बाबा के नाम से विख्यात है!अस्थाना के आस पास देवी देवताओं के मंदिर है! 28 मई की रात असमाजिक तत्वों ने मंदिर में घुसकर देवी मूर्ति को खंडित कर दिया! जिससे जनता में अक्रोष है ! जानकारी मिलते ही अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे ! जानकारी के उपरांत थाना निगोही पर तहरीर दी! पुलिस घटना की जांच कर रही है! मानता है कि शनिवार के दिन मिठ्ठान बाबा देवस्थान पर सूखा जैसी बीमारियों से पीड़ित बच्चों को नहलाने से उन्हें इस रोग से मुक्ति



मिलती है इस देव स्थान पर उत्तर प्रदेश के कई जिलों से लोग यहां आकर अपनी मन्नतें पूरी होने पर चढ़ावा चढ़ाते हैं और यहां पर स्नान कर कई प्रकार के रोगों से छुटकारा पाते हैं यह देवस्थान इतना प्राचीन है कि आसपास के क्षेत्र के बुजुर्ग व यहां के पुजारी बताते हैं कि यहां पर कभी देवी देवताओं के मंदिर बने हुए हैं! जनकी नगर पंचायत की ओर से मरम्मत के इत्यादि कराई जा रही है यह देवस्थान इतना पुराना है कोई नहीं जानता देव स्थान पर खड़ा पीपल का पेड़ पूजा और रास्ता का केंद्र है पीपल की जड़ में ही कुआं है जिसमें कभी मीठा पानी निकलता था इसीलिए इस स्थान को मिठ्ठान बाबा के नाम से आस्था पूर्ण विख्यात है!

## संक्षिप्त समाचार

### रसंवा कलां में देसी शराब की दुकान में चोरी

#### दुकान से 17 पेटी देसी शराब गायब

**खुटार।** क्षेत्र के गांव रसवा कला में देसी शराब की दुकान स्थित है। जहां पर विगत गुरुवार को सेल्समेन उपेंद्र कुमार निवासी कुरैया कलां, थाना सेरामऊ उत्तरी, जिला पीलीभीत रात दस बजे दुकान को बंद कर चला गया। सुबह जब वह दुकान खोलने के लिए दुकान पर पहुंचा तो देखा कि दुकान के मेंन गेट का दरवाजा जोकि लोहे का लगा हुआ है वह उभरा हुआ था। जिस पर उसने दरवाजे को खोल कर अंदर जाकर देखा तो दरवाजे के अंदर लगे लोहे के जाल की खिड़की में पड़ा ताला टूटा हुआ था। जिस पर उसे शंका हुई कि दुकान में चोरी हुई है। जिस पर उसने दुकान के अंदर जाकर देखा और दुकान में रखी देसी शराब की पेटियों की गिनती शुरू की। जहां पर 17 पेटी देशी शराब गायब थी। जिसकी कीमत 610200 रुपए बताई गई है। सेल्समेन ने तत्काल ही दुकान स्वामी अखिलेश कुमार निवासी खुटार को दुकान में शराब चोरी की सूचना दी। जिस पर उन्होंने दुकान में चोरी होने की सूचना पुलिस को दी, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस ने सेल्समेन उपेंद्र कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है।

### भूसा बनाने के पैसे मांगे तो युवक को जमकर पीटा

**बंडा।** भूसा बनाने के बाद बचे हुए पैसे मांगने पहुंचे युवक को आरोपियों ने जमकर मारापीटा जिससे उसके हाथ की एक उंगली टूट गई । घटना के तीसरे दिन भी जब बंडा पुलिस ने उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की तो पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है । बंडा के गांव मझिगईं निवासी शिवशंकर ने पुलिस अधीक्षक को दिये प्रार्थना पत्र में बताया कि उसने गांव के ही भैयालाल का चार ट्रॉली भूसा बनाया था जिसमें उसके 5600 रुपए बने थे जिसमें पीड़ित को 1400 रुपए मिल गए थे । बुधवार को जब वह बचे हुए रूपये मांगने उसके घर पर गया तो आरोपी सहित चार लोगों ने उसे बुरी तरह लाठी डंडे से मारापीटा जिसमें पीड़ित की बाई हाथ की उंगली टूट गई और पीड़ित के पुत्र ओमदेव की आँख में एक आरोपी ने नोंच लिया । साथ ही उसके ब? बेटे के पैर में भाईलाल ने डंडा मार दिया जिससे उसे गुम चोटें आईं । पीड़ित शिवशंकर ने पुलिस अधीक्षक से अपनी जान माल का खतरा बताते हुए तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है । इस संबंध में थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, जांच के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी ।

### विद्युत लाइन पोल लगाने गई टीम को झेलना पड़ा विरोध

स्वतंत्र भारत ददरौल शाहजहांपुर। गांव चौढेरा में आंधी के दौरान क्षतिग्रस्त हुई विद्युत लाइन और पोल गाड़ने गई टीम को विरोध झेलना पड़ा?। वहां लोगों ने अपने खेत और घर के ऊपर थे तार निकलवाने से इंकार कर दिया। इसे लेकर जमकर नोंक झोंक हुई। सूचना पर आरसी मिशन पुलिस भी मौके पर आ गई, लेकिन वे नहीं माने। बाद में बिजली विभाग की टीम और पुलिस को बैरंग लौटना पड़ा। हाल ही में आई आंधी के चलते गांव चौढेरा में विद्युत तार और पोल क्षतिग्रस्त हो गए थे। शुक्रवार को पूर्वाह्न करीब 11 बजे बादशाहनगर उपकेंद्र में तैनात जेई अरविंद कुमार व टीजी टू मंजेश यादव लाइन डलवाने के लिए टीम सहित पहुंचे। यहां दो लोगों ने अपने घर और खेत के ऊपर से तार निकलवाने से इंकार कर दिया। टीम ने समझाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन वे नहीं माने। सूचना पर आरसी मिशन पुलिस मौके पर आ गई। पुलिस ने भी विरोध कर रहे लोगों को समझाया। वे लाइन बिछवाने को तैयार नहीं हुए। उप खंड अधिकारी अभिषेक दुबे ने बताया कि लाइन पूर्व की तरह ही बिछाई जा थी। जिसका कुछ लोगों ने विरोध किया है। फिलहाल काम रुकवा दिया गया है। मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को दे दी गई है।

# बीएससी नर्सिंग के छात्र ने हॉस्टल में की आत्महत्या

**पुवायां-शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर के आरएमएल इंस्टीट्यूट में बीएससी नर्सिंग के एक छात्र ने हॉस्टल के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान बिहार के रोहतास जिले के रहने वाले 25 वर्षीय अजय राज के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचना दे दी है। अजय राज आरएमएल इंस्टीट्यूट में बीएससी नर्सिंगके द्वितीय वर्ष के छात्र थे। वह पुवायां थाना क्षेत्र स्थित इंस्टीट्यूट के हॉस्टल में अन्य छात्रों के साथ रहते थे। शुक्रवार को अजय अपने दोस्तों के साथ क्लास में गए थे। लंच के समय सभी हॉस्टल लौटे। खाना खाने के बाद अजय अपने कमरे में रुक गए, जबकि उनके दोस्त वापस क्लास में चले गए। शाम करीब पांच बजे छुट्टी के बाद जब दोस्त कमरे पर लौटे, तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। दोस्तों ने



खिड़की से झांककर देखा तो अजय का शव चादर से फांसी पर लटका हुआ था। छात्रों ने तुरंत इंस्टीट्यूट प्रबंधन और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर खिड़की से अंदर जाकर दरवाजाखोला और शव को फंदे से नीचे उतारा। पुलिस ने मृतक के कपड़ों की तलाशी ली, लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। कमरे से अजय के दो मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। इनमें से एक मोबाइल लॉक था, जबकि दूसरे में लॉक नहीं था और उसमें चैटिंग भी मिली है। पुलिस ने चैटिंग की जांच शुरू कर दी है और शव का पंचनामा भरकर आगे की कार्रवाई कर रही है। डिकल विधि से गार्भपात सेतो के तीन बार फॉलोअप करना। 225 बताया जा रहा है कि छात्र पांच दिन की छुट्टी लेकर घर गया था। दो दिन पहले ही वह वापस लौटा था। हालांकि जब आरएमएल इंस्टीट्यूट मैनेजमेंट से इस मामले में उनका पक्ष जानने के लिए फोन पर बात करने की कोशिश की तो उन्होंने कॉल रिसीव नही की।सीओ पुवायां प्रवीण मलिक ने बताया कि, छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। शव को फंदे से उतारा गया है। छात्र के दो मोबाइल कब्जे में लिए हैं। परिवार को सूचना दे दी है।

# सोशल आडिट टीम में भर्ती करवाने के लिए मांगा सुविधाशुल्क

**ददरौल शाहजहांपुर।** विकासखंड भावल खेड़ा की सोशल आडिट टीम में दो लोगों को भर्ती कराने को लेकर प्रत्येक व्यक्ति से 12 हजार रुपए की डिमांड का ऑडियो सोशल मीडिया प्लेट फार्म पर जमकर वायरल हो रहा है। ऑडियो की पुष्टि स्वतंत्र भारत अखबार नहीं करता है। वायरल ऑडियो विकास खंड भावल खेड़ा के एक गांव के रहने वाले पीड़ित और बीआरपी सोशल आडिट टीम के एक सदस्य के बीच का है। बीआरपी द्वारा दो लोगों को सोशल ऑडिट टीम में शामिल करने के एवज में प्रति व्यक्ति पहले 15 हजार की मांग की जा रही है। फिर पीड़ित को खास बताकर 12 हजार की मांग की गई है। इतना ही नहीं किसी महिला अधिकारी से मिलवाने की बात भी कही जा रही है। पीड़ित ने बताया कि प्रत्येक सोशल ऑडिट के 1305 रुपये मिलते हैं वह भी काफी दिनों बाद मिल पाते हैं। वह पहले भी सोशल आडिट टीम का हिस्सा रहा है जो 2 साल के लिए होता है। दोबारा सोशल आडिट टीम में शामिल करने के लिए ही बीआरपी ने उससे 12 हजार की मांग की। पीड़ित ने बताया की काफी पढ़े-लिखे लोगों का भी सोशल आडिट टीम में चयन नहीं हो पता है, जबकि कम पढ़े-लिखे लोगों को पैसे लेकर सोशल आडिट टीम में शामिल किया जाता है। इस प्रकरण में जब विकासखंड भावल खेड़ा के खंड विकास अधिकारी अभिषेक अग्रवाल से बात की गई तो उन्होंने बताया ऑडियो वायरल अभी उन्हें नहीं मिला है।अगर ऑडियो वायरल हुआ है तो उच्च अधिकारियों से इस विषय पर पत्राचार कर सूचित किया जाएगा। वही आरोपी से जब इस विषय में पक्ष जानने की कोशिश की गई तो उन्होंने बताया की मैंने कोई रुपए नहीं मांगे है। जिला विकास अधिकारी ॠषिपाल सिंह को जब इस विषय में फोन किया गया तो उनका फोन नहीं पिकअप हुआ।

# अंगूठी लेकर भागने के मामला का खुलासा नहीं

**स्वतंत्र भारत ददरौल शाहजहांपुर।** रौसर कोठी में सर्राफा की दुकान से सोने की अंगूठी लेकर भागने के मामले का खुलासा पुलिस एक सप्ताह बाद भी नहीं कर सकी है। जबकि दोनों आरोपी सीसीटीवी फुटेज में देखे गए हैं। पुलिस की सुस्त कार्यप्रणाली के चलते लोगों में आक्रोश व्याप्त है। आरसी मिशन थाना क्षेत्र के गांव रौसर कोठी निवासी उदयवीर सिंह की लालबाग रौसर कोठी में सर्राफा की दुकान है। 20 मई को दोपहर करीब 1.40 बजे एक व्यक्ति उनकी दुकान पर ग्राहक बनाकर आया और लेडीज अंगूठी और चैन दिखाने को कहने लगा। आरोपी ने एक लगभग पांच ग्राम की अंगूठी को पैक करा ली। इसके बाद आनलाइन पेमेंट करने के लिए क्यूआर कोड मांगा। जैसे ही उदयवीर क्यूआर बताने लगे तभी आरोपी अंगूठी उठाकर दुकान से बाहर निकल गया और बाहर खड़े अपने साथी की बाइक पर बैठकर फरार हो गया। मामले में पुलिस ने पहले ही धाराओं में खेल करते हुए महज चोरी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। सीसीटीवी फुटेज में दोनों आरोपी साफ तौर पर देखे जा सकते हैं, इसके बावजूद भी पुलिस घटना के एक सप्ताह बाद भी उनकी पहचान करने में नाकाम साबित रही है। इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि फुटेज में चेहरे स्पष्ट नजर नहीं आ रहे हैं। खुलासे और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी हैं।

# युवा उद्योग व्यापार मंडल का शपथ ग्रहण कल




**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल का प्रादेशिक शिक्षण शिविर एवं शपथ ग्रहण समारोह 31 मई को बरेली में स्पर्श रिजॉर्ट में भव्य रूप से मनाया जाएगा। इस संबंध में जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह दुआ की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें युवा जिला अध्यक्ष रोहित अग्रवाल के नेतृत्व में युवा जिला एवं नगर के पदाधिकारी व जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह दुआ एवं नगर अध्यक्ष सुनील गुप्ता के नेतृत्व में जिला एवं नगर पदाधिकारी व प्रदेश मंत्री धर्मपाल रैना संगठन मंत्री सुल्तान अहमद खां युवा प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद प्रदेश मंत्री गौरव गुप्ता सहित कई पदाधिकारी इस समारोह में शामिल होंगे। बैठक में जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह दुआ ने कहा युवा शक्ति का प्ररुषारथ राष्ट्र निर्माण में मुख्य भूमिका निभाता है । नगर अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने कहा प्रदेश में घोषित बिजली की भयंकर समस्या है एवं एक समान मंडी टेक्स की व्यवस्था भी की जानी चाहिए। जिला कोषाध्यक्ष नीरज गुप्ता ने कहा जीएसटी की जटिलताओं का सरलीकरण किया जाना चाहिए। बैठक में नगर कोषाध्याय सतराम चावला जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा अभिषेक गुप्ता चंद्रप्रकाश गुलाटी सहित कई पदाधिकारी शामिल हुए।

# सोने की चेन मामले में बाबा पर मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** कटरा क्षेत्र के गांव फीलनगर निवासी सुतेशपाल ने पुलिस को तहरीर देकर मंदिर के बाबा पर उनकी मां की सोने की चेन वापस न करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।पीड़ित के अनुसार उनकी मां 19 मई को कछियानी खेड़ा स्थित हनुमान मंदिर में प्रसाद चढ़ाने गई थीं। इसी दौरान मंदिर परिसर में उनकी सोने की चेन गिर गई। आरोप है कि मंदिर में मौजूद बाबा ने चेन उठाकर अपने सेवादार को दे दी। यह पूरी घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।सुतेशपाल का कहना है कि जब उन्होंने बाबा से सीसीटीवी फुटेज दिखाने और चेन वापस करने की बात कही तो बाबा ने फुटेज दिखाने से इनकार कर दिया। साथ ही चेन भी वापस नहीं की।प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# गायत्री तीर्थ शांतिकुंज में दो दिवसीय शिक्षक गरिमा शिविर आयोजित



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** गायत्री तीर्थ शांतिकुंज में 25 से 26 मई तक, दो दिवसीय ÷शिक्षक गरिमा शिविर÷ का आयोजन हुआ, जिसमें उत्तरप्रदेश के शिक्षकों, प्राचार्यों, शिक्षा अधिकारियों, प्रबंधको, संयोजकों एवं शिक्षा जगत से जुड़े सैकड़ों प्रतिभागियों ने बड़े उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। शिविर का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों में नैतिक कर्तव्यबोध, मानवीय मूल्यों, संस्कारयुक्त शिक्षा और राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूकता पैदा करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति और गायत्री परिवार के युवा आईकान आद. डॉ. चिन्मय पंड्या ने किया। जनपद से प्रतिनिधित्व करते हुए ग्लेरिंग पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ आशुतोष शुक्ला ने बताया कि जनपद शाहजहांपुर में जिला संयोजक डॉक्टर एचपी गुप्ता एवं विदेशी बहन अर्चना गुप्ता जिले के सभी तहसील ब्लाक संयोजकों के अथक प्रयास से जनपद शाहजहांपुर ने प्रदेश में छठा स्थान प्राप्त किया। जनपद शाहजहांपुर के लगभग 250 विद्यालयों तथा महाविद्यालयों के 25000 छात्र-छात्राओं ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में प्रतिभाग किया।

# ई-रिक्शा चालक को न्याय दिलायेगी पुलिस

**स्वतंत्र भारत खुदागंज शाहजहांपुर।** कस्बे के मुख्य चौराहे पर सवारी बैठाने को लेकर हुए ई-रिक्शा चालकों के विवाद में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना के बाद थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया तथा घायल चालक को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा। जानकारी के अनुसार गुरुवार को मुख्य चौराहे पर सवारी बैठाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया था, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। मारपीट में ग्राम मकरंदपुर निवासी ई-रिक्शा चालक हरिओम घायल हो गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य पुलिस टीम के साथ सक्रिय हुए और मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई शुरू कर दी। थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य ने बताया कि मुख्य चौराहे पर आए दिन अव्यवस्थित तरीके से वाहन खड़े किए जाने और सवारी बैठाने को लेकर विवाद की शिकायतें मिल रही थीं। अब ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जाएगा जो सड़क पर जाम और विवाद की स्थिति पैदा करते हैं। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा तथा चौराहे पर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी की जाएगी। पुलिस की तत्पर कार्रवाई से क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी हुई है।

# डॉ. मनीषा आचार्य मोहम्मदी श्राप चैरिटी सेंटर की मेडिकल डायरेक्टर नियुक्त

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** डॉ. श्राप चैरिटी आई हॉस्पिटल जो भारत में नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में सबसे विश्वसनीय संस्थानों में से एक है, ने मोहम्मदी सेंटर में डॉ. मनीषा आचार्य को मेडिकल डायरेक्टर नियुक्त किए जाने की घोषणा की है। यह नियुक्ति सेंटर की उस निरंतर यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिसके माध्यम से उत्तर भारत के वंचित एवं ग्रामीण समुदायों को विश्वस्तरीय एवं किफायती नेत्र सेवाएँ प्रदान की जा रही हैं। डॉ. आचार्य की क्लिनिकल विशेषज्ञता एवं नेतृत्व क्षमता मोहम्मदी सेंटर के उद्देश्य के साथ पूर्ण रूप से मेल खाती है, ।÷डॉ. मनीषा आचार्य एक प्रतिष्ठित नेत्र रोग विशेषज्ञ हैं, जिन्हें क्लिनिकल



प्रैक्टिस, सर्जिकल उत्कृष्टता एवं स्वास्थ्य प्रबंधन में व्यापक अनुभव प्राप्त है। मोहम्मदी सेंटर में मेडिकल डायरेक्टर के रूप में उनकी नियुक्ति स्ष्टश्वरू की उस प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसके तहत उत्कृष्ट नेतृत्व को संस्थान की जिम्मेदारी सौंपी जाती है।अपने नए दायित्व में डॉ. आचार्य सेंटर की समस्त क्लिनिकल गतिविधियों, गुणवत्ता मानकों एवं रणनीतिक पहलों का नेतृत्व करेंगी, जिससे क्षेत्र में अधिकाधिक मरीजों तक गुणवत्तापूर्ण नेत्र सेवाएँ पहुँचाई जा सकें। वर्ष 2010-11 में अपनी शुरुआत से लेकर आज तक मोहम्मदी सेंटर ने उल्लेखनीय प्रगति की है। प्रारंभिक वर्ष में जहाँ सेंटर ने 6,552 ओपीडी मरीजों को सेवाएँ दीं और 348 सर्जरी कीं, वहीं आज यह सेंटर क्षेत्र का एक प्रमुख नेत्र चिकित्सा केंद्र बन चुका है।

स्वतंत्र भारत
लखनऊ, शनिवार 30 मई, 2026 4
शाहजहांपुर आसपास

# ईद-उल-अज़हा पर सजदे में झुके सिर, दुआ को उठे हाथ

**पूरे जनपद में दिखी अमन,भाईचारे और अकीदत की मिसाल, हजारों अकीदतमंदों ने अदा की नमाज, मुल्क व कौम की तरक्की के लिए मांगी दुआ**

## भाईचारे के साथ मनाया गया ईद-उल-अजहा का त्यौहार



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहाँपुर।** ईद-उल-अज़हा का त्योहार जनपद में बेहद अकीदत, अमन और भाईचारे के साथ मनाया गया। शहर की ऐतिहासिक ईदगाह में मुख्य नमाज़ अदा की गई, जहाँ सुबह से ही मुस्लिम समाज के लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। नमाज़ियों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और देश-दुनिया में अमन-चैन की दुआएं मांगीं। जिला पेश इमाम हुज़ूर अहमद मंजरी ने ईद-उल-अज़हा का खुत्बा पढ़ते हुए नमाज़ अदा कराई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह पर्व त्याग, समर्पण, करुणा और इंसानियत का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि अल्लाह की राह में कुर्बानी केवल एक रस्म नहीं, बल्कि इंसान के भीतर मौजूद स्वार्थ, अहंकार और बुराइयों को त्यागने का प्रतीक है। नमाज़ के बाद बारगाहे-इलाही में हाथ उठाकर देश की तरक्की, आपसी भाईचारे, सांप्रदायिक सौहार्द और पूरी दुनिया में अमन-शांति के लिए विशेष दुआएं की गईं। ईदगाह परिसर में गंगा-जमुनी तहज़ीब की खूबसूरत झलक देखने को मिली, जहाँ विभिन्न समुदायों के लोग एक-दूसरे से मिलते और शुभकामनाएं देते नजर आए। त्योहार को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी लगातार सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। ईदगाह और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा बल तैनात रहे, जिससे लोगों ने पूरी शांति और सुकून के साथ अपनी इबादत अदा की। इस मौके पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, समाजसेवी और गणमान्य लोग भी ईदगाह पहुंचे। उन्होंने मुस्लिम समाज के लोगों को ईद की बधाई दी और आपसी सौहार्द को मजबूत बनाए रखने का संदेश दिया। ईद-उल-अज़हा के इस मुबारक मौके पर पूरे शहर में खुशी और उत्साह का माहौल दिखाई दिया। लोगों ने अपने घरों में विशेष पकवान बनाए और जरूरतमंदों की मदद कर त्योहार की खुशियों को साझा किया।

## व्यापारियों ने गले मिल दी ईद की बधाई, सौहार्द की मिसाल पेश की



**शाहजहांपुर।** उत्तरप्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल द्वारा महानगर कार्यालय खिरनीबाग पर एक भव्य %ईद मिलन% समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में व्यापारिक समाज के तमाम पदाधिकारियों और सदस्यों ने शिरकत कर एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। समारोह में मुख्य रूप से मौजूद *महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम, और ज़िला महामंत्री आकाश दीप गुप्ता* ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम ने कहा कि हमारे देश की खूबसूरती इसकी विविधता और आपसी सौहार्द में है। ईद का त्योहार हमें प्रेम, शांति और मिलजुलकर रहने की प्रेरणा देता है। व्यापारिक समाज हमेशा से हर वर्ग को साथ लेकर चला है और आगे भी यह एकता बरकरार रहेगी। वहीं, ज़िला महामंत्री आकाश दीप गुप्ता ने सभी को ईद की बधाई देते हुए कहा कि त्योहार हमारे बीच की दूरियों को मिटाते हैं। व्यापार और समाज की तरक्की तभी संभव है जब हम सब कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी जिनमें महानगर वरिष्ठ मंत्री रेहान मिर्ज़ा, पचराहा ईकाई अध्यक्ष इकबाल खां व अन्य स्थानीय व्यापारी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे, जिन्होंने इस पहल की सराहना की।

## ईद में गूंजीं अमन और भाईचारे की दुआएं



स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर। ईद उल अजहा का पर्व तिलहर नगर और आसपास के क्षेत्रों में धार्मिक आस्था, भाईचारे और सौहार्द के माहौल में मनाया गया। बृहस्पतिवार सुबह नगर की विभिन्न ईदगाहों और मस्जिदों में हजारों मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज अदा कर मुल्क व कौम की खुशहाली, तरक्की और अमन-चैन के लिए दुआ मांगी।
मौजमपुर स्थित ईदगाह में खानकाह-ए-लियाकती के सज्जादा नशीन एवं शहर इमाम मोहम्मद सुआलेह शद्दन मियां ने सुबह 8=15 बजे ईद उल अजहा की नमाज अदा कराई। नमाज के बाद उन्होंने लोगों को कुर्बानी के पर्व का महत्व बताते हुए आपसी भाईचारे और इंसानियत का संदेश दिया। ईदगाह कमेटी के सदर अध्यक्ष चांद अंसारी ने सभी लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। इसके अलावा उमरपुर स्थित ईदगाह में मौलाना जुबैर, मोहल्ला कच्चा कटरा की बड़ी मस्जिद में मौलाना नौशाद, बहादुरगंज में मौलाना आफताब रजा, चौहटियां बाजार मस्जिद में हाफिज इदरीस रजा, चौकवाली मस्जिद में हाफिज अदीब और बाजार वाली मस्जिद में मौलाना इमरान रजा ने नमाज अदा कराई।नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई दी। नगर में सुबह से ही उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला।सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। एसपी ग्रामीण दीक्षा भंमरे अरुण ने मौके पर पहुंचकर अधिकारियों को शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। वहीं एसडीएम जीत सिंह राय, सीओ इशिका सिंह,प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा एवं अपराध निरीक्षक सुनील यादव पुलिस बल के साथ विभिन्न ईदगाहों और मस्जिदों में भ्रमण करते रहे।प्रशासन की मुस्तैदी के चलते पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।इस दौरान चांद अंसारी, व्यापार मंडल अध्यक्ष सौरभ गुप्ता, रवि, अकरम उल्ला खान, लाल बाबू समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद।

## अकीदतमंदों ने मुल्क व कौम की तरक्की की मांगी दुआ



**निगोही शाहजहांपुर।** ईद उल अजहा का पर्व निगोही नगर और आसपास के क्षेत्रों में धार्मिक आस्था, भाईचारे और सौहार्द के माहौल में मनाया गया। जुमेरात सुबह नगर पंचायत की विभिन्न ईदगाहों और मस्जिदों में हजारों मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज अदा कर मुल्क व कौम की खुशहाली, तरक्की और अमन-चैन के लिए दुआएं मांगी। और एक दूसरे के गले मिलकर। नगर के मोहल्ला गौस नगर स्थित गौसिया मस्जिद में सुबह 5=45 बजे ईद उल अजहा की नमाज तारिक मौलाना ने अदा कराई। नमाज के बाद उन्होंने लोगों को कुर्बानी के पर्व का महत्व बताते हुए आपसी भाईचारे और इंसानियत का संदेश दिया। ईदगाह कमेटी के सदर ने सभी लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। इसके अलावा सदर बाजार स्थित जामा मस्जिद में इमाम तसलीम रज़ा ने नमाज अदा कराई ! इसी तरह क्षेत्र के गांव लोहरगवां, तालगांव, धूल्लिया ऐंठापुर इनायतपुर ,बुढहानपुर,ऊंन पिपरिया आदि स्थानों पर ईदगाहों और मस्जिदों पर नमाज अदा की गई !सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से पुलिस बल मौजूद रहा।
उधर, कस्बा निगोही के मुहल्ला गौस नगर स्थित गौसिया मस्जिद में जुमेरात दिन समय 5=45बजे मौके पर पहुंचे मोहम्मद यासीन अंसारी के साथ हाजी मोहम्मद शकील अंसारी ने ईद उल अजहा की नमाज से पहले कहां कि खुदा ने नेक और एक रहने का हुक्म दिया है! पड़ोसियों रिश्तेदारों समेत हर एक से मोहब्बत और भाई चारे का सलूक करें !जुल्म और फसाद शैतान का काम है! कमजोर वेवस इंसानों की मदद करना फर्ज है!
बच्चों को तालीम देना मां-बाप की जिम्मेदारी है! अल्लाह कुर्बानी और सब्र करने वालों को ही पसंद करता है! वही सच्चा और अच्छा मुसलमान की पहचान है! सैकड़ों की संख्या में मौजूद नमाजियों के साथ नमाज अदा की।

## भाईचारे, त्याग, बलिदान का त्यौहार ईद उल अजहा संपन्न



**स्वतंत्र भारत कांट शाहजहांपुर।** अमन, भाईचारे,त्याग, बलिदान का त्योहार ईद उल अजहा का त्यौहार शांतिपूर्वक संपन्न हो गया ईदगाह सहित कई मस्जिदों में नमाज अदा की गई मुल्क की तरक्की एवं खुशहाली अमन की दुआएं की गई।अधिकारी भी तैनात रहे। नगर क्षेत्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्र में भी बृहस्पतिवार को बकरीद का त्यौहार शांतिपूर्वक संपन्न हो गया नगर की बड़ी ईदगाह में मौलाना रिजवान रजा खान ने ईद उल अजह की नमाज अदा कराई वहीं अड्डे वाली रहमतपुर वाली रावतपुर सैयद बाड़ा वाली मस्जिद सहित नगर की कई मस्जिदों में नमाज अदा कराई गई नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने हाथ उठाकर देश की तरक्की खुशहाली एवं अमन की भाईचारा की दुआएं की इस दौरान पूर्व अध्यक्ष रईस मियां जामा मस्जिद ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष शहजाद अहमद खान पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद इदरीस खान के पुत्र डॉक्टर सोहेल खान डॉक्टर ,शोएब खान, मौलाना वली मोहम्मद ,हाफिज शबनूर हाफिज जमालुद्दीन ,हाफिज ओवैस, मौलाना बशीरुद्दीन सहित बड़ी संख्या में लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी इस दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रभारी निरीक्षक विजय प्रताप सिंह एवं उच्च अधिकारी भी तैनात रहे।

## शांतिपूर्ण माहौल में अदा हुई ईद-उल-अज़हा की नमाज़

**स्वतंत्र भारत खुदागंज शाहजहांपुर।** ईद-उल-अज़हा का पावन पर्व खुदागंज क्षेत्र में गुरुवार को पूरी श्रद्धा, उल्लास, भाईचारे और शांतिपूर्ण वातावरण के बीच मनाया गया। क्षेत्र की विभिन्न ईदगाहों और मस्जिदों में सुबह से ही नमाज़ियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मुस्लिम समाज के लोगों ने नए वस्त्र पहनकर बड़ी संख्या में पहुंचकर ईद-उल-अज़हा की नमाज़ अदा की तथा देश में अमन, खुशहाली, तरक्की और आपसी सौहार्द की दुआ मांगी।खुदागंज क्षेत्र की ईदगाह दीपपुर, जामा मस्जिद दीपपुर, आलमनगर, जलालपुर, सराय खुदागंज सहित अन्य मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज़ पूरी शांति और अनुशासन के साथ सम्पन्न हुई। नमाज़ के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। बच्चों और युवाओं में त्योहार को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया तथा पूरे क्षेत्र में खुशी और रौनक का माहौल बना रहा। ईद-उल-अज़हा पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने में थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य की सक्रियता, सतर्कता और कुशल नेतृत्व की लोगों ने खुलकर सराहना की। थानाध्यक्ष राकेश कुमार मौर्य स्वयं पुलिस बल के साथ लगातार क्षेत्र में भ्रमण करते रहे और संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। सभी प्रमुख ईदगाहों और मस्जिदों पर पुलिस की मजबूत व्यवस्था देखने को मिली, जिससे लोगों ने खुद को पूरी तरह सुरक्षित महसूस किया। नमाज़ के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर दिखाई दिया। पुलिस कर्मियों द्वारा लगातार गश्त की जाती रही तथा हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी गई। थानाध्यक्ष राकेश कुमार मौर्य ने लोगों से शांति, भाईचारा और आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि त्योहार समाज को जोड़ने और प्रेम का संदेश देने का माध्यम होते हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता के सहयोग से ही खुदागंज में हमेशा शांति और सद्भाव का वातावरण बना रहता है। ईद के मौके पर हिन्दू और मुस्लिम समाज के लोगों ने एक-दूसरे को बधाई देकर गंगा-जमुनी तहज़ीब की खूबसूरत मिसाल पेश की। कई स्थानों पर हिन्दू समाज के लोगों ने मुस्लिम भाइयों को ईद की शुभकामनाएं दीं, वहीं मुस्लिम समाज के लोगों ने भी प्रेम और आत्मीयता के साथ उनका स्वागत किया। लोगों ने कहा कि खुदागंज की पहचान हमेशा से आपसी प्रेम, एकता और भाईचारे की रही है। क्षेत्र के बुजुर्गों ने युवाओं को सामाजिक एकता बनाए रखने और सौहार्दपूर्ण वातावरण को मजबूत करने का संदेश दिया। वहीं बाजारों और मोहल्लों में दिनभर चहल-पहल और रौनक बनी रही। ईद-उल-अज़हा का पर्व खुदागंज क्षेत्र में बेहद शांतिपूर्ण, उल्लासपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ, जिसमें पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी और थानाध्यक्ष राकेश कुमार मौर्य की कार्यशैली की लोगों ने विशेष प्रशंसा की।

## बीएड प्रवेश परीक्षा में 7 केन्द्रों पर 2993 विद्यार्थियों होगे शामिल

### बीएड प्रवेश परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने को डीएम ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आगामी 31 मई 2026 को आयोजित होने वाली बीएड प्रवेश परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत मजिस्ट्रेट एवं केंद्र व्यवस्थापकों के साथ कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि बी0एड0 प्रवेश परीक्षा जनपद के 07 केन्द्रों पर कुल 2993 विद्यार्थियों की परीक्षा दो पालियों में प्रातः 9=00 से 12=00 बजे तक एवं द्वितीय पाली 2 से 5 बजे तक सम्पन्न होगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि परीक्षा सकुशल एव शुचिता पूर्ण संपन्न कराये। उन्होंने बताया कि दोनो पालियों में अभ्यर्थी का प्रवेश परीक्षा आरम्भ होने के एक घटा पूर्व प्रवेश आरम्भ होगा तथा परीक्षा प्रारम्भ होने के आधे घण्टे पश्चात् किसी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जायेगा। अभ्यर्थी केवल प्रवेश पत्र दो प्रति में, एक अतिरिक्त फोटो एवं एक पहचान पत्र अवश्य केन्द्र पर साथ लायेगे। किसी भी प्रकार का मोबाइल, कैलकुलेटर या अन्य इलेक्ट्रानिक्स डिवाईस का प्रयोग नही होगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक एवं केन्द्र पर्यवेक्षक आदि मौजूद रहे।

## ईद-उल-अजहा का त्योहार सम्पन्न, शान्तिपूर्ण माहौल में अदा हुई नमाज

### कुर्बानी का सिलसिला ब्रहस्पतिवार से शुरु होकर शनिवार तक रहेगा जारी, मुल्क में खुशहाली की गूंजी सदाऐं



**स्वतंत्र भारत (जलालाबाद-शाहजहांपुर)।** प्रथम वरीयता पर ईद-उल-अजहा की नमाज अदायगी के लिए लोगों ने ईदगाह का चयन किया वहीं नगर की विभिन्न मस्जिदों में भी ईद की नमाज सुरक्षा के पुख्ता इन्तजाम के बीच खशनुमा माहौल में अदा की गयी। भारी संख्या में लोग गुनारा स्थित ईदगाह पहुंचे और अपने रब के आगे दोनों हाथ फैलाकर दुआ-ए-मगफिरत व कबूलियत की इल्तिजा की। आलिम मौलाना मोहम्मद रिजवान खान ओवैसी ने ईद की नमाज पढ़ाई, उसके बाद उन्होंने खुतबा पढ़ा, और अपने रब से मुल्क की खुशहाली व कौम की तरक्की की दुआ मांगी। ईद की नमाज अपने मुकर्रर वक्त के मुताबिक 7:30 बजे आरम्भ हुई।
हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम की अपने रब से बेपनाह मोहब्बत और त्याग व समर्पण के हवाले से मौलाना रिजवान ने लोगों को बताया और मौलाना हजरत इस्माइल अलैहिस्सलाम की कुर्बानी के जज्वे का तज्करा करने से भी नहीं चूके। ईद की नमाज ईदगाह में अदायगी के फायदे भी गिनाए। ईद-उल-अजहा के दिन कुर्बानी करना बतौर त्वाम गोश्त गरीबों में तकसीम करना और उसकी अहमियत पर रौशनी डाली। हजरते इब्राहीम और उनके इकलौते फरजन्द हजरत इस्मईल की कुर्बानी को आलमे इस्लाम के लिए इबरत बताया। उन्होंने कहा कस्बे के रक्के से बाहर, खुले आसमान के नीचे, तेज धूप की षिद्दत से बेहाल लोग बारगाहे खुदा में खुद को समर्पित कर रहे हैं, अपने रब से बेपनाह मोहब्बत में लोगों के सिर झुके हुए हैं अपने सगीरा व कबीरा गुनाहों की मगफिरत चाहते हैं ऐ खुदा इनकी दुआओं को अपनी बारगाह में कबूल फरमाले।
मौलाना रिजवान ने कहा हमारा मजहब खुले में कुर्बानी की इजाजत नहीं देता, अगर प्रशासन हमें ऐसा करने से रोक रहा है तो इसमें गलत क्या है, किसी को भी सड़क पर नमाज पढ़ने से रोका जा रहा है तो इसमें गलत क्या है? हमें शासन और प्रशासन की बात को सुनकर उस पर अमल करना चाहिए। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। वारसी मो. आकिल सिद्दीकी ने अपने पर्तिष्ठान पर षर्बत का वितरण किया। इस मौके पर ईदगाह कमेटी के सदर अधिवक्ता आबिद अली खान, आसिफ अली खान, नबी आलम खान, अयूब अली खान, मोहम्मद वसी खान, चेयरमैन शकील अहमद खान, जाहिद अली खान, राशिद अली पूर्व प्रधान, हिफाजत करीम, सदाकत अली मंसूरी, मुषर्रफअली पूर्व प्रधान, रजी अहमद खान, गुलाम गौस प्रधान पुत्र, युनुस अली, आबिद अली मंसूरी आदि बड़ी संख्या में लोगों ने ईदगाह में नमाज अदा की।
**कस्बे की एक दर्जन मस्जिदों में हुई ईद की नमाज**-कस्बे के अलग-अलग मोहल्लों और ग्रामीण क्षेत्रों की मस्जिदों में ईद की नमाज पूरे हर्षोउल्लास के साथ अदा की गयी। अधिकतर लोगों ने कुर्बानी की वजह से अपनी नजदीकी मस्जिदों में ही नमाज अदा की। कस्बे की जामा मस्जिद, हजरत निजामषाह बर्री दरगाह वाली मस्जिद, बीच की चौपाल वाली मस्जिद, बारह पत्थर और खिरनी वाली मस्जिद, शहीद अहमद यार खान वाली मस्जिद वर्कजई, बरगद वाली मस्जिद आदि में ईद की नमाज अदा की गयी। इस दौरान लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। वहीं किले वाली मस्जिद में ईद-उल-अजहा की नमाज 7:45 बजे आरम्भ हुई और हाफिज मोहम्मद यूसुफअली ने नमाज पढ़ाई। इस दौरान अब्दुल अली खान, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व चेयरमैन सादिक अली खान, अमान अली खान, अब्दुल कसीम खान, एम. आई. खान पत्रकार, हामिद अली, शकील अहमद खान एडवोकेट, नुरैन अली आदि मौजूद रहे।
**पुलिस की कार्य प्रणाली की हुई प्रशंसा**-प्रतिवर्ष के मुकाबले इस वर्ष पुलिस प्रशासन ने काफी मेहनत की और समाज को एकजुट करने का काम किया। शांतिपूर्ण तरीके से ईद-उल-अजहा का त्योहार मनाने के लिए पुलिस तत्पर दिखी। शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप तारीफ उन आला अधिकारियों की भी की जा रही है जिन्होंने निर्देश जारी कर खुले में कुर्बानी न करने के हिदायत दी, लोगों ने इसे अच्छा कदम बताया। इससे काफी हद तक समाज के लोगों में एक जुटता देखने को मिली और एक स्थान पर कुर्बानी कराई गई जो मजहब-ए-इस्लाम में जायज और बहुत ही पाकीजा बात है। पुलिस प्रशासन ने काफी मेहनत कर कुछ चुनिंदा स्थानों पर कुर्बानी करने के लिए प्रेरित किया और मुस्लिम समाज ने इसे स्वीकार किया, किसी ने खुले में कुर्बानी नहीं की इससे एक अच्छा संदेश समाज में गया। षान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पर्याप्त संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात रहे। एसडीएम प्रभात राय, पुलिस क्षेत्राधिकारी ज्योति यादव व प्रभारी निरीक्षक अरविन्द सिंह चौहान दलबल के साथ मौके पर मौजूद रहे।

## आंधी ने मचाई तबाही 16 घन्टे ठप रही बिजली, टूटे पोल व तार

### तीन दिन बीतने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली अब भी नदारद, ठीक करने में जुटा विभाग



**स्वतंत्र भारत (जलालाबाद-शाहजहांपुर)।** बृहस्पतिवार की रात आई भीषण आंधी ने क्षेत्र में भारी तबाही मचाई सबसे ज्यादा बिजली के क्षेत्र में नुकसान पहुंचा है बिजली के खंबे टूटकर गिर गए अथवा पेड़ जमीन से उखड़ कर बिजली के तारों पर गिरे जिससे पूरे इलाके की विद्युत सप्लाई पर खासा असर पड़ा और 16 घंटे के बाद विद्युत सप्लाई मिल सकी फिर भी कई इलाकों में शाम तक बिजली चालू नहीं की जा सकी भीषण गर्मी के मौसम में लोगों का हाल बेहाल हो गया। क्षेत्र में आई तेज आंधी और पानी की वजह से जलालाबाद के कई मोहल्ले प्रभावित हुए हैं जहां मकान और दुकानों पर पड़ी टीन शेड उड़कर दूर गिरे, बिजली की आपूर्ति व्यवस्था भी पूरी तरह चरमरा गई जगह-जगह पेड़ टूट कर बिजली के तारों पर गिरने के कारण लाइनमैन, बिजली विभाग के कर्मचारी पेट्रोलिंग करते रहे फिर भी रात में बिजली चालू नहीं हो सकी। बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा कड़ी मशक्कत करने के बाद नगर के अधिकतर मोहल्लों की बिजली आपूर्ति शुक्रवार दोपहर तक चालू कर दी गई थी, लेकिन कई मोहल्ले में फाल्ट होने के कारण बिजली की सप्लाई सुचारू नहीं हो सकी। कस्बे के मोहल्ला बगिया, रामलीला मैदान के निकट बिजली के पोल गिर जाने के कारण बिजली नदारद रही वहीं खंडहर रोड स्थित मंडी समिति के सामने बिजली के तारों पर गिरे पेड़ से विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो गई कस्बे के ठाकुर द्वारा मंदिर के पास बिजली का तार टूट गया, सदर बाजार में गंगा मेडिकल स्टोर के सामने वाली गली में पीपल का पेड़ की डाल टूटकर बंच लाइन पर गिरी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरिया बुजुर्ग के सामने पेड़ टूट कर बिजली के तारों पर गिरा जिससे तार टूट गए, गुनारा मोड़, बरेली रोड व गांधीनगर, बारह पत्थर चौराहा, रामताल रोड, गौसनगर सहित नगर के अधिकांश मोहल्लों में विद्युत फाल्ट हो गए जिससे बिजली आपूर्ति ठप्प हो गई। ग्रामीण क्षेत्र की यदि हम बात करें तो 3 दिन पहले आई आंधी की वजह से खंडहर गांव में बिजली ठप हो गई थी जो 3 दिन बीत जाने के बाद भी चालू नहीं की जा सकी तब तक दूसरी आंधी भी आ गई। इधर एसडीओ सौरभ कुशवाहा से पूछने पर उन्होंने बताया आंधी और पानी ने नगर के दो पोल गिरे हैं और बंच लाइन व तार टूट गए हैं। सबसे ज्यादा पोल मदनापुर ब्लॉक में 60 से 70 लगभग पोल आंधी में गिरे हैं नगर के अधिकांश क्षेत्र की बिजली आपूर्ति शुरू हो गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में काम युद्ध स्तर पर चल रहा है जिसकी आपूर्ति शीघ्र आरंभ कर दी जाएगी।

# जमीनी विवाद में महिला की हत्या




## ● अलीगंज क्षेत्र में लाठी-डंडे चले, तीन लोग घायल

स्वतंत्र भारत

**बिजुआ-खीरी।** अलीगंज चौकी क्षेत्र में शुक्रवार को एक जमीनी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दो पक्षों के बीच लाठी-डंडे चलने से 53 वर्षीय सदाप्यारी की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। सदाप्यारी को धक्का लगने के बाद वह गिर गई थीं।

मृतका के परिजनों के अनुसार, सदाप्यारी (पत्नी बंधा लाल) का गांव के बाबू राम तिवारी (पुत्र जनार्दन प्रसाद) से 2012 से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। परिजनों का दावा है कि बंधा लाल यह विवाद तीन बार अदालत में जीत चुके थे। शुक्रवार दोपहर करीब 12:15 बजे दोनों पक्षों के बीच फिर



से मारपीट शुरू हो गई।

मारपीट के दौरान सदाप्यारी को धक्का लगा और वह दूर जा गिरीं। परिजन उन्हें आनन-फानन में बिजुआ सीएचसी ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सदाप्यारी का एक साल पहले बच्चेदानी का ऑपरेशन हुआ था और वह नियमित दवाएं ले रही थीं। पीड़ित पक्ष के वीरपाल (पुत्र बंधा) ने डायल 112 पर घटना की सूचना दी। उन्होंने आरोप लगाया कि 112 ने उन्हें और उनके भाई कामेश्वर दयाल को अलीगंज पुलिस चौकी ले जाकर छोड़ दिया। इसके बाद वीरपाल की बहन शशि ने फोन कर बताया कि विपक्षी घर में घुसकर मारपीट कर रहे हैं। इस मारपीट में सदाप्यारी के अलावा शशि (26) के हाथ और सिर में चोटें आई, जबकि अंश कुमार (17) के हाथ में घाव हो गए। सूचना मिलने पर बिजुआ चौकी इंचार्ज सुशील त्रिवेदी अपनी टीम के साथ बिजुआ सीएचसी पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। इस मामले में गोला कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अम्बर सिंह ने बताया कि यह विवाद 2012 से चल रहा था। दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई, जिसमें एक पक्ष से बाबूराम घायल हुए, जबकि दूसरे पक्ष की महिला सदाप्यारी की मौत हो गई और कुछ अन्य लोग घायल हुए हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नाली निर्माण में पक्षपात के आरोप, व्यापार मंडल ने एसडीएम को सौंपा पत्र

**मोहम्मदी खीरी।** मोहम्मदी व्यापार मंडल अध्यक्ष रूपेश गुप्ता के माध्यम से उपजिलाधिकारी को एक पत्र सौंपा। आरोप लगाया गया कि निर्माण कार्य के दौरान कुछ लोगों को लाभ पहुंचाया जा रहा है तथा अपने सगे संबंधियों को प्राथमिकता दी जा रही है। उपजिलाधिकारी ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। वहीं इस संबंध में मेडिकल व्यापारी प्रवीण मल्होत्रा ने बताया कि उन्होंने अपनी दुकान तीन बार तुड़वाई है और नाली सफाई कार्य में किसी प्रकार की कोई बाधा नहीं आ रही है। दूसरी ओर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में गरीबों के शोषण और प्रशासन द्वारा पक्षपात किए जाने के आरोप लगाए हैं।

## शिक्षामित्र सड़क हादसे में हुआ घायल

**खमरिया-खीरी।** ईसानगर ब्लॉक क्षेत्र के समैसा गांव में शुक्रवार को जनगणना कार्य के लिए ड्यूटी पर जा रहे कंपोजिट विद्यालय गैसापुर में तैनात शिक्षामित्र संजुल मिश्रा सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा समैसा गांव के बाहर उस समय हुआ, जब वह जनगणना कार्य के लिए गांव में प्रवेश कर रहे थे। घटना के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने घायल शिक्षामित्र को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खमरिया पहुंचाया, जहां डॉक्टर आर.बी. गुप्ता ने उनका प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों और परिचितों में चिंता का माहौल बन गया। वहीं साथी शिक्षामित्रों और शिक्षकों ने घायल संजुल मिश्रा के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

## मृतक बुजुर्ग की सोशल मीडिया से हुई पहचान

**खमरिया-खीरी।** कस्बा खमरिया में गुरुवार को अपने घर से भटककर पहुंचे एक मानसिक रूप से कमजोर बुजुर्ग की हालत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और उसकी पहचान कराने के प्रयास शुरू कर दिए थे। शुक्रवार को मृतक की पहचान छोटेलाल (75) पुत्र हरदयाल निवासी ग्राम पचपेड़वा थाना फरधान के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि छोटेलाल मानसिक रूप से कमजोर थे और घर से भटककर खमरिया कस्बे में पहुंच गए थे। कस्बे में कुछ लोगों से बातचीत करने के बाद वह वहीं लेट गए और फिर नहीं उठ सके। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी निर्मल तिवारी ने सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों से बुजुर्ग की पहचान कराने का प्रयास शुरू किया। पुलिस की सक्रियता के चलते जल्द ही मृतक की शिनाख्त हो गई।

# मोदी सरकार के 12 वर्षों की गिनाई उपलब्धियां

## ● 5 से 12 जून तक चलेंगे नौ जनकल्याणकारी कार्यक्रम

स्वतंत्र भारत





**लखीमपुर-खीरी।** भाजपा जिला कार्यालय पर '12 साल विश्वास के, विकास के और जनकल्याण के' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस से शुरू होकर 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तक चलने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री एवं पूर्व सांसद अजय मिश्र टेनी रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य एवं जिला प्रभारी वासुदेव मौर्य मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने की। अजय मिश्र टेनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश ने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय दर्शन के आधार पर जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू किया और राष्ट्रवाद के साथ विकास का वातावरण तैयार किया। उन्होंने धारा 370 समाप्त करने, समान नागरिक संहिता, नई शिक्षा नीति, राष्ट्रीय रक्षा नीति तथा मजबूत विदेश नीति का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत का विश्व स्तर पर मान-सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। जिला प्रभारी वासुदेव मौर्य ने बताया कि 5 जून से 21 जून तक नौ विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 5 जून को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान चलाया जाएगा, जबकि समापन 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के साथ होगा। जिला संयोजक रामजी मौर्य ने सभी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी तथा संयोजकों और सहसंयोजकों के नाम घोषित किए। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री अमित सिंह ने किया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, जनकल्याण शिविर, मीडिया संवाद, विकसित भारत संकल्प सम्मेलन, प्रदर्शनी तथा प्राकृतिक खेती कार्यशाला जैसे कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यशाला में जिला महामंत्री राजेश सिंह मनोज वर्मा संतोष कुमारी जिला संयोजक क्रांति मौली विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह मंजू त्यागी विनोद शंकर अवस्थी सदर विधायक योगेश वर्मा के अलावा किरण अग्रवाल संदीप निगम जिला मंत्री शरद मिश्रा ब्लॉक प्रमुख पवन गुप्ता दिव्या सिंह के अलावा प्रमुख मंडल अध्यक्ष मंडल प्रभारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम् तथा समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## आंगनबाड़ी प्री-स्कूल 20 जून तक बंद

स्वतंत्र भारत

**लखीमपुर खीरी।** जनपद में आसमान से बरस रही आग और भीषण लू के प्रकोप को देखते हुए जिला प्रशासन ने नौनिहालों की सुरक्षा के लिए बड़ा कदम उठाया है। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में तीन से छह वर्ष तक के बच्चों के लिए आगामी 20 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित कर दिया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। हालांकि, इस अवधि में आंगनबाड़ी केंद्र बंद नहीं होंगे और विभागीय कार्य पूर्व की भांति संचालित रहेंगे।

# अकीदत के साथ मनाया गया ईद-उल-अजहा का त्योहार




**खीरी टाउन-खीरी।** कस्बा खीरी में बुधवार को ईद-उल-अजहा का त्योहार अकीदत और एहतराम के साथ मनाया गया। कस्बे की ईदगाह और मस्जिदों में मुस्लिम समाज के लोगों ने नमाज अदा की। ईदगाह पर सुबह 8 बजे इमाम मौलाना निजामुद्दीन ने नमाज अदा कराई, जिसमें कस्बे और आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और घरों में कुर्बानी का सिलसिला शुरू हो गया। मौलाना निजामुद्दीन ने लोगों से कुर्बानी के वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर साझा न करने की अपील की। सुरक्षा के मद्देनजर एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, सदर एसडीएम अश्विनी कुमार, एडिशनल एसपी पवन गौतम, सहायक पुलिस अधीक्षक विवेक तिवारी, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि फहीम अहमद, अधिशासी अधिकारी विनीत कुमार, थाना प्रभारी निराला तिवारी और चौकी प्रभारी संजय यादव मौजूद रहे।

**बिजुआ।** भीरा थाना इलाके में भी ईद-उल-अजहा का त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया। क्षेत्र की मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ उमड़ी। नायब तहसीलदार हर्ष निशांत ने सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। भीरा थानाध्यक्ष रोहित दुबे के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा और नमाज समाप्ति तक गश्त जारी रही। पुलिस और स्थानीय लोगों के सहयोग से त्योहार सकुशल संपन्न हुआ।

## माहवारी स्वच्छता दिवस पर जागरूकता रैली



**लखीमपुर खीरी।** महिलाओं और किशोरियों को माहवारी के दौरान स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिला महिला चिकित्सालय में 'विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस' पर जागरूकता रैली एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका डॉ. सुष्मा सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। उन्होंने कहा कि माहवारी कोई शर्म का विषय नहीं, बल्कि महिला स्वास्थ्य का स्वाभाविक हिस्सा है। संक्रमण से बचने के लिए हर 4 से 6 घंटे में सेनेटरी पैड बदलना बेहद जरूरी है। रैली के दौरान अर्श काउंसलर दीपमाला के नेतृत्व में किशोरियों को स्वच्छता अपनाने का संदेश दिया गया। गोष्ठी में डॉ. अंजली ने माहवारी के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों और लापरवाही से होने वाले संक्रमण व बीमारियों की जानकारी दी। किशोरी स्वास्थ्य काउंसलर दीपमाला ने इस वर्ष की थीम पर चर्चा करते हुए किशोरियों को संतुलित आहार और पोषण संबंधी जानकारी दी।

## संक्षिप्त समाचार

### हीटवेव को लेकर स्वास्थ्य विभाग अउलर्ट, अस्पतालों में तत्काल इलाज के निर्देश

**लखीमपुर खीरी (स्वतंत्र भारत)।** जिले में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और लू को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता ने सभी सीएचसी, पीएचसी और आयुष्मान प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि हीट स्ट्रोक या गर्मी जनित बीमारियों से पीड़ित मरीजों को अस्पताल पहुंचते ही तत्काल उपचार उपलब्ध कराया जाए। इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीएमओ ने कहा कि भीषण गर्मी में बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं और दैनिक मजदूर सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने अस्पतालों के 'कोल्ड रूम' की नियमित जांच कराने तथा वहां लगे एसी और कूलर हर समय चालू हालत में रखने के निर्देश दिए हैं, ताकि जरूरत पड़ने पर मरीजों को तुरंत राहत मिल सके। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को दोपहर में धूप से बचने, पर्याप्त पानी पीने और जरूरी होने पर ही बाहर निकलने की सलाह दी है। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने यह भी बताया कि हीट वेव के दृष्टिगत आने वाले मरीजों की सुविधा के लिए जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर चार-चार बेड सुरक्षित रखे गए हैं, वहीं जिला अस्पताल में 10 बेड सुरक्षित हैं। जिससे हीट वेव से ग्रस्त मरीजों को तत्काल बेहतर इलाज मुहैया कराया जा सके न। इसके लिए उनके द्वारा पूर्व में निर्देश जारी किए जा चुके हैं।



### पांच सड़कों का उद्घाटन

**मैलानी खीरी (स्वतंत्र भारत)।** नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कीर्ति माहेश्वरी के नेतृत्व में कार्यकाल के तीन वर्ष पूर्ण होने पर लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से निर्मित पांच सड़कों का उद्घाटन किया गया। इन सड़कों के निर्माण से वर्षों से चली आ रही जलभराव और गंदगी की समस्या से स्थानीय लोगों को राहत मिलेगी। वार्ड संख्या 8 में गोपाल सिंह मार्ग का उद्घाटन सुरेश गुप्ता, मुन्ना सिंह, मुस्ताक मास्टर एवं अन्य नागरिकों की उपस्थिति में हुआ। वार्ड संख्या 2 में अब्दुल्लाह शाह फ्रीडम फाइटर द्वितीय विश्व युद्ध मार्ग का उद्घाटन यासीन मोहम्मद, हनीफ, बबलू सदस्य प्रतिनिधि, रिफाकत अली और नवाब लियाकत द्वारा किया गया। वार्ड संख्या 7 में महर्षि वाल्मीकि मार्ग का उद्घाटन रामकुमार वाल्मीकि, मोहनलाल वाल्मीकि, चमनलाल वाल्मीकि, राजकुमार वाल्मीकि समेत कई लोगों की मौजूदगी में संपन्न हुआ। वहीं वार्ड संख्या 9 में स्वर्गीय शकुंतला देवी मार्ग तथा स्वर्गीय मोहिनी देवी मार्ग का भी उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर बालाजी महाराज खुटार से आए पूज्य श्री नंदन महाराज ने नए वॉटर टैंक का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में प्रताप सिंह रावत, गुरमीत कौर, भवानी शंकर माहेश्वरी, प्रदीप शर्मा, राकेश हार्डवेयर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



### लाखों के जेवरात व नकदी पार

**मितौली।** थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। बीती रात थाना क्षेत्र के ग्राम उसरी पिपरझला निवासी अजय सिंह पुत्र रामपाल सिंह के घर अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया। चोर घर में घुसकर अलमारी का लॉकर तोड़ ले गए और उसमें रखे लाखों रुपये के जेवरात व नगदी पार कर दी। पीड़ित अजय सिंह के अनुसार जब वह सुबह सोकर उठे तो घर का सामान बिखरा पड़ा था तथा अलमारी के लॉकर टूटे हुए मिले। घटना देखकर परिवार में हड़कंप मच गया। चोर घर से एक सोने की अंगूठी, सोने की चेन, दो मंगलसूत्र, सोने के टॉप्स, कान की बाली, कान के कुंडल, चार चांदी की पायल, तीन चांदी के सिक्के, एक चांदी की प्लेट, चांदी का नारियल व सुपारी समेत लगभग 90 हजार रुपये नगद और कुछ बर्तन भी उठा ले गए।



घटना की सूचना तत्काल क् पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी थी। क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में भय और आक्रोश का माहौल है। लोगों का कहना है कि लगातार हो रही चोरियों के बावजूद पुलिस अभी तक किसी बड़े गिरोह तक नहीं पहुंच सकी है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने और जल्द खुलासे की मांग की है।

## समस्याओं को लेकर भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

**फत्तेपुर-खीरी।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर शुक्रवार को तहसील मितौली पहुंचकर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन जिला अध्यक्ष दिलबाग सिंह संधू के नेतृत्व में दिया गया, जिसमें सड़क, बिजली, पानी और शिक्षा से जुड़ी समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग उठाई गई। भाकियू नेताओं ने पुरैना गांव स्थित हाईवे पर मंगलापुर फीडर की लाइन को स्थानांतरित कराने की मांग करते हुए कहा कि लाइन के कारण आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। साथ ही अमरपुर से बरगदिया मार्ग और अमृतपुर से शिवराजपुर पोखरा तक की जर्जर सड़क को जल्द ठीक कराने की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि ब्लॉक मितौली के ग्राम अमरपुर में जल निगम की पाइपलाइन ठीक से कार्य नहीं कर रही है, जिससे ग्रामीणों को पेयजल संकट झेलना पड़ रहा है। इसके अलावा सेल्हिया विद्यालय अमरपुर में साफ-सफाई व्यवस्था सुधारने, स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा के लिए ऊंची रेलिंग लगवाने तथा स्कूलों के बीच से गुजर रही हाईटेंशन लाइन हटवाने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। भाकियू पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि समस्याओं का समाधान न होने पर संगठन आंदोलन करेगा।

## रालोद ने चौधरी चरण सिंह का दी श्रद्धांजलि

**लखीमपुर-खीरी।** भारत रत्न किसान मसीहा एवं पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 39वीं पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय लोक दल के जिला पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने शारदा नगर बैराज स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में ग्राम रौली और सनमानी पुरवा से आए बड़ी संख्या में किसान भाइयों ने भी भाग लिया। इस अवसर पर रालोद जिलाध्यक्ष पंडित शिव प्रसाद द्विवेदी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि चौधरी चरण सिंह का पूरा जीवन किसानों के हितों और अधिकारों की लड़ाई में समर्पित रहा। उन्होंने किसानों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन देते हुए अधिक से अधिक लोगों से पार्टी से जुड़ने का आह्वान किया। इस दौरान उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश बाजपेई, विशेष आमंत्रित सदस्य डॉ. अनुराग शुक्ला, महासचिव राकेश पांडे, सचिव विश्वनाथ शर्मा, इंद्रजीत सिंह, श्रीनगर विधानसभा अध्यक्ष मध्यांशु पांडे, हरनाम वर्मा, विकास गुप्ता, शिवकुमार शर्मा, शकील, प्रदीप सिंह, संदीप सिंह, राधेश्याम शर्मा, पंकज सिंह, निखिल सिंह, मोहन, गुड्डू, हरीश वर्मा, वीरेंद्र वर्मा और अमन वर्मा सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## चार साइबर ठग गिरफ्तार

**निघासन-खीरी।** पढ़ुआ पुलिस ने ऑनलाइन गेमिंग और साइबर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है। बकरीद को लेकर चेकिंग के दौरान लखहा मोड़ के पास कार से चारों आरोपी पकड़े गए। पकड़े गए आरोपियों में संतोष कुमार पुत्र बाबू, दिलीप कुमार व आशीष कुमार पुत्र राम किशोर और अंकित कुमार पुत्र श्याम प्रकाश आदि सभी चचरा पुरवा के निवासी हैं। पुलिस ने इनके पास से 6 लाख के 8 स्मार्टफोन, 20 एटीएम कार्ड, चेक बुक व पासबुक बरामद की हैं। पुलिस के मुताबिक महाराष्ट्र के मुफीज और रफीक से कनेक्शन की जांच जारी है। कार्रवाई के दौरान थानाध्यक्ष मोहित पुंडीर, एसआई जुबैर अहमद, पुष्कर वर्मा सहित कई पुलिस कर्मियों की टीम शामिल रही।

# पुलिस मुठभेड़ में अंतरजनपदीय चोर गिरोह के 6 बदमाश गिरफ्तार



**ईसानगर-खीरी।** ईसानगर पुलिस, खमरिया पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ के दौरान क्षेत्र में सक्रिय अंतरजनपदीय चोरी गिरोह के छह शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। बदमाशों ने चेकिंग के दौरान पुलिस टीम पर फायरिंग की थी। एसएसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार रात ग्राम नौरंगपुर के पास पुलिस टीम चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान मुखबिर से बदमाशों के आने की सूचना मिली। पुलिस ने घेराबंदी की तो संदिग्धों ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में रमाकांत (34) और हारून (27) निवासी जालिमपुर, सीतापुर के पैर में गोली लगी। मौके से उनके साथी संदीप, संजय, पीयूष और धीरज को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सोने-चांदी के जेवरात, 2 लाख 7 हजार 500 रुपये नकद, दो अवैध तमंचे, कारतूस और बिना नंबर प्लेट का सीएनजी ऑटो बरामद किया है। गिरफ्तार बदमाशों पर विभिन्न जिलों में कई संगीन मुकदमे दर्ज हैं।

# भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार और कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस का हमला



**लखीमपुर खीरी।** कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा, जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल और जिला प्रवक्ता अमित गुप्ता ने भाजपा सरकार के मंत्रियों और विधायकों पर भ्रष्टाचार एवं कानून व्यवस्था बिगाड़ने के आरोप लगाए। पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में शासन और प्रशासन पूरी तरह नियंत्रण से बाहर हो चुका है। उन्होंने चंदन चौकी क्षेत्र के पॉक्सो मामले, बांकेगंज उपद्रव और जिले में कथित ब्याज वसूली जैसे मामलों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन सभी के पीछे भाजपा नेताओं की भ्रष्टाचार में संलिप्तता है। उन्होंने मांग की कि इन मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने कहा कि महोबा में बालिका से जुड़े मामले में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय द्वारा पीड़ित परिवार से मुलाकात के बाद भाजपा दमनकारी रवैया अपना रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को विपक्ष के बजाय अपने मंत्रियों और विधायकों की संपत्तियों की जांच करानी चाहिए। जिला प्रवक्ता अमित गुप्ता ने कहा कि पीएम केयर फंड, इलेक्टोरल बॉन्ड और इथेनॉल जैसे मुद्दों में भाजपा सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त है। प्रेस वार्ता में मोहन चंद्र उप्रेती, अब्दुल रहीम, प्रेम वर्मा, रामपाल शाक्य, सुभाष वर्मा और नारायण लाल वर्मा समेत कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सवालों के घेरे में आई बेलरायां क्लस्टर घोटाले की जांच टीम, मुख्यमंत्री से गुहार

## ● डीसी एनआरएलएम की गठित कमेटी पर नहीं भरोसा

स्वतंत्र भारत



**निघासन-खीरी।** विकासखंड निघासन के बेलरायां क्लस्टर में स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) से जुड़े करोड़ों रुपये के कथित गबन और वित्तीय अनियमितताओं के मामले में गठित जांच कमेटी अब सवालों के घेरे में आ गई है। डीसी एनआरएलएम द्वारा बनाई गई जांच टीम पर पीड़ित महिलाओं ने ही गंभीर आपत्ति जताते हुए इसकी निष्पक्षता पर सवाल खड़े किए हैं।

मामले में डीसी एनआरएलएम की ओर से गठित तीन सदस्यीय जांच कमेटी में सहायक विकास अधिकारी (ग्राम्य विकास) रमियाबेहड़ अनुज कुमार अवस्थी, फूलबेहड़ के अनुराग पांडेय तथा निघासन के प्रभारी सहायक विकास अधिकारी राकेश कुमार को शामिल किया गया है, लेकिन जांच कमेटी के गठन के साथ ही पीड़ित महिलाओं में असंतोष फैल गया। महिलाओं का कहना है कि जिन अधिकारियों के कार्यकाल में कथित वित्तीय गड़बड़ियां हुईं, उन्हीं के अधीन जांच कराना पूरी तरह पक्षपातपूर्ण और औपचारिकता मात्र प्रतीत हो रहा है। आरोप लगाया कि स्थानीय अधिकारियों की भूमिका पहले से ही संदेह के घेरे में है। ऐसे में उन्हीं के विभागीय तंत्र से जुड़े अधिकारियों द्वारा जांच किए जाने से निष्पक्ष कार्रवाई की उम्मीद लगभग खत्म हो गई है। जांच टीम में निघासन के प्रभारी सहायक विकास अधिकारी को शामिल करना भी कई सवाल खड़े करता है, क्योंकि स्थानीय स्तर पर लंबे समय से चल रही अनियमितताओं की जानकारी अधिकारियों को पहले से थी, लेकिन समय रहते कोई कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ित महिलाओं ने पूरे मामले की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराते हुए मांग की है कि जांच किसी दूसरे जिले की एडीएम स्तर की स्वतंत्र टीम से कराई जाए। महिलाओं का कहना है कि यदि स्थानीय स्तर पर ही जांच होती रही तो दोषियों को बचाने का प्रयास किया जा सकता है और गरीब महिलाओं को न्याय नहीं मिल पाएगा। मांग की है कि संबंधित खातों की बैंक स्टेटमेंट, ट्रांजेक्शन डिटेल, भुगतान रजिस्टर और समूहों के वित्तीय रिकॉर्ड की गहन जांच कराई जाए। साथ ही जिन अधिकारियों और पदाधिकारियों की भूमिका संदिग्ध मिले, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई कर सरकारी रुपये की वसूली की जो।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## महंगाई का संकट

दो हफ्तों से भी कम समय में चौथी बार पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी ने तीन दिनो के अंदर ही असर दिखाना शुरू कर दिया। इनके महंगा होने से ढुलाई की दरें बढ़ीं। नतीजन ज्यादातर वस्तुओं की कीमतें और बढ़ गईं। हर बार की दाम बढ़ोतरी के बाद ऐसा ही हुआ। जिस तेजी से चारों बार दाम बढ़े, उससे यह शक होता है कि यह सिलसिला कहीं और आगे न चला जाए। अब जब करीब-करीब हर शहर में पेट्रोल के दाम सौ रुपए लीटर से ज्यादा हो चुके हैं तो आम उपभोक्ता की चिंता स्वाभाविक है। कुछ समय पहले पेट्रोल के कम और सीमित इस्तेमाल की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के पीछे कारण यह माना गया था कि पश्चिम एशिया तनाव से उपजती जा रही विषम परिस्थितियों से निपटने की कोशिश के तौर पर उन्होंने यह कदम उठाया है। लेकिन अब यह लगता है कि शायद उनको भी दाम बढ़ोतरी का अंदाजा हो गया था। ध्यान रहे कि बिजली की तरह ही पेट्रोल और डीजल ऐसी जरूरत बन चुके हैं जिनके इस्तेमाल में ज्यादा कमी नहीं की जा सकती। ये आज का चलन हो चुकी हैं। ऐसे में ले-देकर जाकर निगाहें सरकार की तरफ ही उठती हैं कि आखिरी समस्या से निपटने के लिए वह क्या कर रही है या क्या कर सकती है। उसके पास एक ही रास्ता है वैकल्पिक उपायों पर काम करने का। हालांकि सरकार दावा भी यही करती रही है कि ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोत तैयार किए जा रहे हैं लेकिन दो हफ्तों में पेट्रोल डीजल और सीएनजी के दाम जिस तरह बढ़े हैं उससे तो सरकार की कोशिशें सफल होती नहीं दिखाई दे रही हैं। केवल इस दाम बढ़ोतरी के कारण चौतरफा महंगाई बढ़ने का सबसे ज्यादा असर समाज के उसे वर्ग पड़ रहा है जो आर्थिक रूप से कमजोर है और अपनी मूलभूत ज़रूरतें पूरी करने के लिए पूरे दिन संघर्ष करता है। अगर स्थिति को और विषम होने से बचाना है तो सरकार के लिए जरूरी है कि वैकल्पिक रास्ते तैयार करने तथा महंगाई से निपटने के लिए ठोस कदम उठाने की दिशा में प्रयासों को और तेज करे। यह इसलिए भी जरूरी है क्योंकि पश्चिम एशिया में संघर्ष खत्म होने की संभावना नहीं दिखाई दे रही है जिसकी वजह से ऊर्जा संकट लगातार गहरा रहा है।

## बच्चों का विकास

जीवन में पठन-पाठन का बड़ा महत्व है। इसीलिए बचपन से ही इसकी आदत विकसित करने पर घर और विद्यालय दोनों जगहों पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाता है। बच्चा चूंकि आयु की वजह से चंचल होता है तो इसके लिए विशेष प्रयत्न करने होते हैं। उसमें पढ़ने की संस्कृति विकसित करना बहुत जरूरी होता है। स्कूलों में इस पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाना आवश्यक होता है क्योंकि बच्चों का ज्यादातर समय वहीं गुजरता है तो पढ़ाई में उनका ध्यान भी वहीं केंद्रित होता है। यह शुभ लक्षण है कि प्रदेश सरकार इस बात के लिए पूरी तरह से सजग है और इस पर विशेष रूप से ध्यान दे रही है। नए शैक्षिक सत्र की शुरुआत के साथ ही विद्यालयों में इसके लिए अभियान तेज कर दिया गया है। सरकार का मानना है कि नियमित पठन से ही विद्यार्थियों की भाषा क्षमता, संवाद कौशल और विश्लेषण शक्ति स्वतः विकसित होती है तो इसके लिए स्कूलों में रीडिंग ऑवर, समाचार पत्र पठन और ड्रॉप एवरीथिंग एंड रीड अभियान को असरदार तरीके से लागू किया जा रहा है। इसके साथ ही लेखन गतिविधियों को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसमें लेखन प्रतियोगिताएं, पुस्तक समीक्षा, कहानी लेखन और समाचार आधारित लेखन कार्यक्रम आयोजित होंगे। वास्तव में पढ़ाई के साथ इन गतिविधियों में भी बच्चों को संलग्न रखने उनकी अकादमिक क्षमता तो तेजी के साथ विकसित होगी ही, उनके व्यक्तित्व का संपूर्ण विकास भी हो सकेगा। यहां यह बात भी ध्यान रखी जानी चाहिए कि जब विद्यालयों में इस तरह की गतिविधियों को संचालित किया जाने वाला है तो बच्चों के घरों पर उनके माता-पिता को भी इसके लिए प्रयास किए जाने चाहिए ताकि विद्यालय में सीखने के साथ ही घर पर भी इनकी प्रैक्टिस हो सके। ऐसा होने पर वे इनमें तेजी के साथ पारंगत हो सकेंगे। सरकार का यह कार्यक्रम सराहनीय है और उम्मीद की जानी चाहिए कि स्कूलों में इसे सही ढंग से लागू किया जाएगा।

# पढ़ाई और परीक्षा के बुरे दिन

**- अजीत द्विवेदी**

इन दिनों पढ़ाई और परीक्षा के बुरे दिन चल रहे हैं। प्राथमिक विद्यालयों से लेकर उच्च शिक्षण संस्थानों तक शिक्षा की गुणवत्ता गिर गई है और बोर्ड परीक्षा से लेकर दाखिले व नौकरी के लिए होने वाली प्रतियोगिता परीक्षाओं पर संकट है। अगर पढ़ाई की बात करें तो कोविड महामारी के बाद हुए कई सर्वेक्षणों से पता चला कि बच्चों के सीखने की प्रक्रिया यानी लर्निंग प्रोसेस में गड़बड़ी हुई है। प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा की स्थिति यह है कि छठी या सातवीं के बच्चे हिंदी की 10 पंक्तियों का शुद्ध पाठ नहीं कर पाते हैं। अपने दर्जे से कई क्लास नीचे के गणित के सवाल हल नहीं कर पाते हैं।

दूसरी ओर उच्च शिक्षा का हाल यह है कि पांच साल तक एमबीबीएस की पढ़ाई करने के बाद डॉक्टर लोग एमडी की डिग्री के लिए नीट पीजी की परीक्षा देते हैं तो उनको माइनस 40 तक मार्क्स आ रहे हैं। दो सौ सवाल और आठ सौ अंकों की परीक्षा में इस साल काउंसिलिंग के लिए क्वालिफाइंग परसेंटाइल शून्य कर दिया गया था। चार अंक लाने वालों का तो मेडिकल कॉलेज में दाखिला हुआ, एमडी की पढ़ाई के लिए। समझ सकते हैं कि प्राथमिक कक्षाओं से लेकर मेडिकल की पढ़ाई तक की क्या स्थिति है।

पढ़ाई के साथ साथ परीक्षा के भी बुरे दिन चल रहे हैं। इस साल हुई तीन परीक्षाओं में हुई ग़डबड़ी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि सरकार किस तरह से परीक्षा को तदर्थ ढंग से ले रही है और उसका कितना बड़ा नुकसान किशोर व युवा उम्र के छात्रों को भुगतना पड़ रहा है। सबसे ताजा मामला सीबीएसई की 12वीं की परीक्षा का है। इस बार सीबीएसई ने कॉपी जांचने के लिए ऑन स्क्रीन मार्किंग यानी ओएसएम पद्धति अपनाई। इसके तहत 17 लाख से ज्यादा छात्रों की कॉपियों के लाखों पन्ने स्कैन किए गए और उन्हें सिस्टम पर अपलोड किया गया और जांचने वालों ने स्क्रीन पर उन स्कैन की गई कॉपियों को देख कर मार्किंग की। इतना ही नहीं इस बार ऑन स्क्रीन मार्किंग के साथ साथ मार्किंग के तरीके में भी बदलाव किया गया। पता नहीं किस भावना के तहत यह तय किया गया कि इस बार कॉपी जांचने में सख्ती होगी और मामूली गड़बड़ी पर भी नंबर काटे जाएंगे। जैसे किसी छात्र ने आठ की बजाय छह स्टेप में गणित का सवाल हल कर दिया या सभी स्टेप सही हैं परंतु जवाब में गड़बड़ी है या जवाब सही है और स्टेप्स ठीक नहीं हैं तो उनको बहुत कम अंक मिलें हैं। पहले शिक्षक इसमें थोड़ा लचीला रुख रखते थे। इस बार ऐसा नहीं है। इसको अकादमिक फैसला मान कर स्वीकार किया जा सकता है। माना जा सकता है कि अब सीबीएसई बहुत शुद्धतावादी और कट्टर रुख रखेगा।

परंतु इसके अलावा जो गड़बड़ियां हुई हैं वह व्यवस्थागत हैं। मिसाल के तौर पर लाखों पन्नों को स्कैन करके उन्हें अपलोड करते समय बहुत तरह की गड़बड़ी हुई। कई छात्रों की कॉपी का पहला पन्ना तो उनका था परंतु बाकी पन्ने दूसरे छात्र की कॉपी के थे। कई छात्रों की कॉपी के एक ही पन्ने कई बार अपलोड हो गए थे और कई पन्ने छूट गए थे। कई छात्रों की कॉपी के पन्ने ठीक तरह से स्कैन नहीं हुए और धुंधली कॉपी ही अपलोड कर दी गई। इन सारी गड़बड़ियों के बीच शिक्षकों ने पूरी सख्ती से कॉपी जांची। नतीजे आए तो बच्चों और अभिभावकों के हाथ पांव फूल गए।

हजारों बच्चे ऐसे थे, जिन्होंने इंजीनियरिंग में दाखिले के लिए जेईई मेन्स की परीक्षा में 85 या 90 या उससे ज्यादा पर्सेंटाइल हासिल किया है और जेईई एडवांस के लिए क्वालिफाई कर गए लेकिन 12वीं में 75 फीसदी अंक नहीं आए, जिसकी वजह से वे आईआईटी में दाखिला के लिए जेईई एडवांस की परीक्षा नहीं दे सकेंगे। उनकी दूसरी मुश्किल यह है कि केंद्रीय विश्वविद्यालयों के अच्छे कॉलेजों में दाखिला लेने के लिए सीयूईटी की परीक्षा होती है। उसमें पर्सेंटाइल टाई होने पर 12वीं के अंक के आधार पर दाखिले में प्राथमिकता मिलती है।

तभी 12वीं बोर्ड की परीक्षा देने वाले छात्रों में से 25 फीसदी यानी चार लाख से ज्यादा छात्रों ने पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन किया। परंतु वह काम उनके लिए दुस्वप्न की तरह था। कई दिन तक पुनर्मूल्यांकन के आवेदन के लिए बनी वेबसाइट क्रैश होती रही। पहले तो छात्रों को उसका लिंक नहीं मिला। उन्हें सीबीएसई के ट्विट से लिंक खोलना पड़ रहा था। उसके बाद रजिस्ट्रेशन कराने और फीस जमा कराने के बीच साइट क्रैश हो रही थी। ऑनलाइन आवेदन के समय कई छात्रों से बहुत ज्यादा फीस मांगी गई, जिसे लेकर बोर्ड ने कहा कि उनकी साइट हैक कर ली गई थी। अब बच्चों के पैसे लौटाने की प्रक्रिया चल रही है। आग का दरिया पार करने जैसा काम करके बच्चों ने आवेदन कर दिया और जब कॉपी हाथ में आई तो पता चला कि उनके नाम के साथ दूसरे की कॉपी अपलोड कर दी गई है या खराब ढंग से स्कैन की गई कॉपी अपलोड की गई है या सही जवाब को भी गलत बता कर नंबर काट दिए गए हैं। सोचें, यह सारी तकलीफें जिन बच्चों से झेली है वे 17 या 18 साल के किशोर हैं। उनके कोमल मन पर हुए असर का सिर्फ अनुमान किया जा सकता है। हैरानी की बात है कि ओएसएम की पूरी प्रक्रिया बिना पायलट प्रोजेक्ट के शुरू की गई। शिक्षकों को कहा गया कि वे काम करते हुए सीखें यानी इस बैच के बच्चों को प्रयोग के लिए गिनी पिग बना दिया गया। इससे पहले मेडिकल में दाखिले के लिए नीट की परीक्षा हुई। तीन मई को परीक्षा हुई और अगले दिन पता चल गया कि पेपर लीक हो गया था। कई दिन की जांच के बाद नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए ने परीक्षा रद्द कर दी। इसके बावजूद जब एनटीए के चेयरमैन और डीजी की पेशी संसदीय समिति के सामने हुई तो उन्होंने कहा कि उनके सिस्टम से पेपर लीक नहीं हुआ। सोचें, प्रश्न पत्र तैयार करने वाले लोग पेपर लीक में शामिल थे और सीबीआई ने उनको गिरफ्तार किया है। पर एनटीए के अधिकारी कह रहे हैं कि उनके सिस्टम से पेपर लीक नहीं हुआ। क्या प्रश्न पत्र तैयार करने वाले लोग एनटीए के सिस्टम के नहीं थे? असल में नीट यूजी परीक्षा की पूरी व्यवस्था ही तदर्थ है और ठेके पर चल रही है। अब 21 जून को फिर लाखों छात्र नए सिरे से परीक्षा देंगे। ये करीब 23 लाख छात्र भी किशोर व युवा उम्र के हैं और उनके मन पर क्या बीत रही होगी इसका भी अंदाजा लगाया जा सकता है।



तीसरी परीक्षा यूपीएससी की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा है। रविवार, 24 मई को इसकी प्रारंभिक परीक्षा हुई। इसमें ऐसे सवाल पूछे गए हैं, जिससे सब हैरान हैं। कई सवाल तो ऐसे हैं, जिनको देख कर लग रहा है कि रट्टा मार कर पढ़ाई करने वालों को चुनने के लिए ये सवाल तैयार किए गए हैं। कई सवाल तो पूरे के पूरे पन्ने के हैं और उनके विकल्पों को देख कर लग रहा है कि किसी ने इतना लंबा सवाल लिख कर विकल्प तैयार करने में दिमाग नहीं लगाया। कहा जा रहा है कि कोचिंग सेंटर वाले जैसी पढ़ाई कराते हैं उससे अलग सवाल पूछा गया ताकि बच्चों का कोचिंग से मोहभंग हो। क्या इससे भी मूर्खतापूर्ण कोई तर्क हो सकता है? क्या यूपीएससी को पता नहीं है कि जैसा सवाल पूछा जाएगा, कोचिंग वाले वैसी पढ़ाई कराने लगेंगे? क्या उसे यह पता नहीं है कि आईएएस, आईपीएस बनने के लिए छात्र कोचिंग करेंगे ही, चाहे कुछ भी हो जाए? बहरहाल, पढ़ाई और परीक्षाओं को लेकर जिस तरह की घटनाएं हो रही हैं वह सरकार के तदर्थ रवैए को दिखाती हैं। ऐसा लग रहा है कि सरकार को इनकी परवाह नहीं है। ऐसी मानसिकता दिख रही है कि शिक्षा की गुणवत्ता गिरती है तो गिर जाए और परीक्षा में गड़बड़ियां होती हैं तो हो जाए। न तो स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय और न परीक्षा कराने वाली एजेंसियां संरचनागत कमियों को समझ रही हैं और न उन्हें दूर करने की कोशिश कर रही हैं।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### अथैकादशोऽध्यायः

(गतांक से आगे

जैसे पतंगा नष्ट होने के लिये ही प्रज्वलित अग्नि में अतिवेग से प्रवेश करते हैं, वैसे ही ये सब प्राणी भी अपने नाश के लिये आपके मुखों में अत्यन्त बढ़े हुए वेग से प्रवेश कर रहे हैं।

लेलिह्यसे ग्रसमानः समन्ता-ल्लोकान्समग्रान्वदनैर्ज्वलद्भिः।
तेजोभिरापूर्य जगत्समग्रं भासस्तवोग्राः प्रतपन्ति विष्णो।।30।।

आप उन समस्त लोकों को प्रज्वलित मुखों द्वारा सब ओर से निगलते हुए चाट रहे हैं, उनका आस्वादन कर रहे हैं। हे व्यापनशील परमात्मन् ! आपकी उग्र प्रभा सम्पूर्ण जगत् को अपने तेज से व्याप्त करके तपा रही है। तात्पर्य यह है कि पहले आसुरी सम्पद् परमतत्त्व में विलीन हो जाती है, उसके पश्चात् दैवी सम्पद् का कोई प्रयोजन नहीं रह जाता इसलिये वह भी उसी स्वरूप में विलीन हो जाती है। अर्जुन ने देखा कि कौरव-पक्ष, तदनन्तर उसके अपने पक्ष के योद्धा श्रीकृष्ण के मुखों में विलीन होते जा रहे हैं। उसने पूछा-

आख्याहि मे को भवानुग्ररूपो नमोऽस्तु ते देववर प्रसीद।
विज्ञातुमिच्छामि भवन्तमाद्यं न हि प्रजानामि तव प्रवृत्तिम् ।।31।।

मुझे बताइये कि भयंकर आकारवाले आप कौन हैं? हे देवों में श्रेष्ठ ! आपको नमस्कार है, आप प्रसन्न हों। आदिस्वरूप! मैं आपको भली प्रकार जानना चाहता हूँ (जैसे, आप कौन हैं? क्या करना चाहते हैं?); क्योंकि आपकी प्रवृत्ति अर्थात् चेष्टाओं को नहीं समझ पा रहा हूँ। इस पर योगेश्वर श्रीकृष्ण बोले-

श्रीभगवानुवाच-

कालोऽस्मि लोकक्षयकृत्प्रवृद्धो लोकान्समाहर्तुमिह प्रवृत्तः ।
ऋतेऽपि त्वां न भविष्यन्ति सर्वे येऽवस्थिताः प्रत्यनीकेषु योधाः ।।32।।

क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**आत्मवर्गं परित्यज्य परवर्गं समाश्रितः।**
**स्वयमेव लयं याति यथा राजात्यधर्मतः।।**

जिस प्रकार कोई राजा अपने अधर्माचरण के कारण नष्ट हो जाता है, उसी प्रकार अपनों को छोड़कर दूसरों को अपनाने वाला व्यक्ति भी अपने आप नष्ट हो जाता है।

♦♦♦

# हीटवेव का खतरा और ग्लोबल वॉर्मिंग की चेतावनी



**- सुनील कुमार महला**

आज ग्लोबल वार्मिंग का दौर है और ग्लोबल वार्मिंग के इस दौर में बढ़ती गर्मी अब केवल मौसम का सामान्य बदलाव नहीं रह गई है, बल्कि यह एक गंभीर आपदा का रूप ले चुकी है। कहना ग़लत नहीं होगा कि लगातार बढ़ता तापमान, हीटवेव और जल संकट लोगों के स्वास्थ्य, कामकाज और दैनिक जीवन पर गहरा असर डाल रहे हैं। खासकर उत्तर भारत इस समय भीषण गर्मी की चपेट में है, जहां कई राज्यों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है। बहरहाल, यहां पाठकों को बताता चलूं कि हाल के दिनों में उत्तर प्रदेश का बांदा देश का सबसे गर्म शहर माना गया, जहां तापमान लगभग 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इसके अलावा महाराष्ट्र का ब्रह्मपुरी क्षेत्र भी अत्यधिक गर्मी के कारण चर्चा में रहा, जहां तापमान 47 डिग्री सेल्सियस से अधिक रिकॉर्ड किया गया। राजस्थान के श्रीगंगानगर और बाड़मेर, हरियाणा के सिरसा और रोहतक, तथा उत्तर प्रदेश के प्रयागराज और झांसी जैसे शहर भी भीषण गर्मी का सामना कर रहे हैं। लगातार बढ़ती गर्मी और हीटवेव का मुख्य कारण ग्लोबल वार्मिंग, कम होती हरियाली और बढ़ता प्रदूषण माना जा रहा है। इससे लोगों के स्वास्थ्य, जल संकट और सामान्य जनजीवन पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। बढ़ती गर्मी के कारण दिन के समय सड़कों पर सन्नाटा दिखाई देने लगा है और आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। मजदूर, किसान, रिक्शा चालक और खुले में काम करने वाले लोग सबसे अधिक परेशान हैं। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोगों में डिहाइड्रेशन, चक्कर आना, हीट स्ट्रोक और अन्य बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है।



पाठक जानते होंगे कि भारत इस समय दुनिया के सबसे गर्म देशों में शामिल हो गया है। देश की लगभग 76 प्रतिशत आबादी सामान्य से अधिक गर्मी का सामना कर रही है। हर साल बढ़ती गर्मी अब केवल मौसम की समस्या नहीं, बल्कि एक बड़ा सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट बनती जा रही है। अस्पतालों में गर्मी से प्रभावित मरीजों की संख्या बढ़ रही है। बच्चों, बुजुर्गों और पहले से बीमार लोगों के लिए यह स्थिति और अधिक खतरनाक बन गई है। इसी गंभीरता को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कैबिनेट बैठक में सभी मंत्रालयों को हीटवेव से लोगों की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकारों के साथ-साथ आम नागरिकों से भी मिलकर काम करने की अपील की है, ताकि गर्मी से होने वाले नुकसान को कम किया जा सके।

देश के अधिकांश शहर पहले से ही प्रदूषण, कम हरियाली और खराब शहरी योजना जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। महानगरों में तेजी से बढ़ते कंक्रीट के जंगल, वाहनों की अधिकता और बढ़ती आबादी के कारण गर्मी और अधिक महसूस होती है। शहरों में पेड़ों की कटाई और खुले स्थानों की कमी ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। गांवों की तुलना में शहरों में तापमान अधिक रिकॉर्ड किया जा रहा है। यही कारण है कि लोग रात के समय भी गर्मी से राहत महसूस नहीं कर पा रहे हैं। ये शहर देश की अर्थव्यवस्था के प्रमुख केंद्र हैं, इसलिए लोगों का बाहर निकलना और काम करना जरूरी होता है, जिसके कारण वे हीटवेव का सबसे ज्यादा प्रभाव झेलते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, दुनिया में 65 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की गर्मी से होने वाली मौतों में तेजी से वृद्धि हुई है। वास्तव में, गर्मी का असर केवल स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका प्रभाव जल संकट, खेती और बिजली व्यवस्था पर भी दिखाई दे रहा है। कई क्षेत्रों में जलस्तर लगातार नीचे जा रहा है और लोगों को पीने के पानी के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। नदियां, तालाब और जल स्रोत सूखते जा रहे हैं। किसानों के लिए भी यह समय बेहद कठिन बनता जा रहा है, क्योंकि अत्यधिक गर्मी फसलों की उत्पादकता को प्रभावित कर रही है। दूसरी ओर बढ़ती गर्मी के कारण बिजली की मांग तेजी से बढ़ रही है, जिससे कई क्षेत्रों में बिजली कटौती की समस्या भी सामने आ रही है।

अब आवश्यकता इस बात की है कि गर्मी को उतनी ही गंभीरता से लिया जाए, जितनी बाढ़, भूकंप या तूफान जैसी प्राकृतिक आपदाओं को दी जाती है। हीटवेव को भी राष्ट्रीय आपदा की तरह समझने और उससे निपटने के लिए व्यापक तैयारी करने की जरूरत है। लोगों को दोपहर के समय अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचना चाहिए, अधिक पानी पीना चाहिए और जरूरतमंद लोगों, पशु-पक्षियों तथा बुजुर्गों की सहायता करनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने भी लोगों से अपील की है कि वे गर्मी से होने वाली समस्याओं को नजरअंदाज न करें और दूसरों की मदद के लिए आगे आएं।

## काँव-काँव

♦♦♦

**गर्मी से बचाव के लिये लोग पियें खूब पानी-मोदी**
खाने की चीजों पर बढ़ी महंगाई कम रुलायेगी!
**एसआईआर कराना चुनाव आयोग का अधिकार**
सैकड़ों बीएलओ यूंही शौकिया मर गये हुजूर!
**गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ा रहा है प्रदूषण**
हरे पेड़ काटने वाले लोग लैंड डेवेलपर्स हो गये!
**सार्वजनिक वितरण प्रणाली होगी आधुनिक-केंद्र**
राशन में अब केक पिज्जा खाने को मिलेगा!
**बिल्कुल भरोसे के लायक नहीं है अमेरिका-ईरान**
ऐसे घटिया देश से लड़ने की क्या जरूरत है?
**समुद्र के रास्ते ड्रग्स तस्करी की कोशिश नाकाम**
नेपाल से नैमिषारण्य पहुंचें,कैरियर तैयार हैं!

♦♦♦

## प्रेरक प्रसंग

## खुशियों की खोज

रवि एक छोटे से शहर में रहने वाला युवक था, जिसके पास सिर्फ एक सपना था खुद को खुश देखना। उसने कभी नहीं सोचा था कि यह सपना उसको एक अद्वितीय सफर पर ले जाएगा।

एक दिन, वह अपने दोस्तों के साथ शहर की लाइब्रेरी घूमने गया। लाइब्रेरी में उसका काफी मन लगा, और वह वहीं ठहर गया। वहां उसे एक पुरानी पुस्तक मिली जिसमें अत्यंत खुशी की खोज के बारे में लिखा था।

रवि ने उस पुस्तक को खोला और पढ़ा, और फिर उसने तय किया कि वह खुशी की खोज करेगा। उसके दोस्त विचलित रहे, लेकिन उसकी उम्मीद और संवाद के जादू ने उन्हें भी अपने साथ ले लिया।

वे तीनों एक अनोखी यात्रा पर निकल पड़े, खुशी की खोज में। उन्होंने अलग-अलग लोगों से बात की, विभिन्न स्थलों का अन्वेषण किया, और नई चुनौतियों का सामना किया। इस सफर में, उन्होंने जीवन के असली मतलब को समझा और खुशी को अपने अंदर पाया।

कुछ सालों बाद, वे तीनों वापस अपने गाँव लौटे, लेकिन तब सब बदल गया था। अब वे खुद को खुश और संतुष्ट महसूस करते थे और उनकी खुशियां उनके चारों ओर के लोगों को प्रेरित कर रही थीं।

इस प्रेरक प्रसंग से हमें यह सिखने को मिलता है कि खुशी की खोज हमारे अंदर होती है, और हमें किसी खास स्थान पर जाने की आवश्यकता नहीं होती। हमें सिर्फ अपनी आंतरिक यात्रा पर निकलना होता है, और हम अपने जीवन को सजाने के लिए अपने अंदर के संसाधनों का सही तरीके से उपयोग कर सकते हैं।

## आपका पत्र मिला

## पीएम की अपील पर प्रेरणा की मिसाल पेश हो

समाचार पत्रों के पृष्ठों पर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, मंत्रियों व नेताओं की तस्वीरे प्रकाशित हो रही है कि पेट्रोलियम पदार्थों की बचत के लिए भारी भरकम काफिले की जगह इक्का-दुक्का गाड़ियों, सामूहिक वाहनों व साइकिल पर सफर कर रहे हैं।यह सब देखकर सुकून का एहसास हुआ। लेकिन यह सुकून राहत देने वाला जब होगा तब यह सामूहिक सफर क्षणिक नहीं दीर्घकालिक हो। केवल चार दिन की चांदनी, फिर अंधेरी रात की उक्ति चरितार्थ करने वाला सामूहिक सफर न हो। यह तो जगजाहिर है कि अमेरिका इजरायल व ईरान के बीच महासंग्राम चल रहा है। इसके चलते तेल का वैश्विक संकट छाया हुआ है। इस संकट से भारत भी अछूता नहीं है। भारत अपनी जरूरत का कच्चा तेल 88 प्रतिशत के लगभग दूसरे देशों से आयात करता है। जिसका भुगतान भी बहुमूल्य डॉलर में करना होता है। लेकिन युद्ध के कारण सप्लाई चैन प्रभावित हो रही है। ऐसी विषम परिस्थितियों का सामना करने के लिए पेट्रोलियम पदार्थ की बचत करना एक मात्र विकल्प है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी यही शुभ संदेश दिया है। आम हो या खास, राजा हो या प्रजा, अधिकारी हो या कर्मचारी सभी को आपातकालीन स्थितियों में ही पेट्रोलियम पदार्थों से चलने वाले वाहनों का उपयोग करना चाहिए। सामान्य स्थिति में सार्वजनिक साधनों या साइकिल का उपयोग करना चाहिए, यह भी देशभक्ति का नायाब नमूना हैं। ये जो तस्वीरें प्रकाशित हो रही है, यह महज कुछ समय के लिए नौटंकी/ दिखावा न हों।

**हेमा हरि उपाध्याय 'अक्षत'**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।
**संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
***E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com***

# दूध नहीं पीता बच्चा तो उसकी जगह खिलाएं ये आहार



दूध को सम्पूर्ण आहार माना जाता है क्योंकि इसमें प्रोटीन भी है, कैल्शियम भी है, कार्बोहाइड्रेट, फैट और विटामिन जैसे कई ऐसे पोषक तत्व है जो हमारी बॉडी के लिए बहुत जरूरी होते हैं इसलिए तो कहा जाता है कि दूध जरूर पीएं। तो चलिए इस बारे में आपको बताते हैं- दूध की दगह इन चीजों को करें बच्चे की डाइट में शामिल- जैसे दूध की जगह बच्चे को दही दें। हंग कर्ड बनाकर दे सकते हैं। पनीर बहुत हैल्दी होता है। दूध को पनीर के रूप में बच्चों की डाइट में शामिल कर सकते हैं। योगर्ड स्मूदीज बनाकर दे सकते हैं। आप दूध की ऑप्शन में कुछ और हैल्दी फूड भी शामिल कर सकते हैं जिसमें दूध जैसे ही न्यूट्रिशंस मिलते हैं, जैसे - ब्रोकली खानें को दें। कॉकोनेट मिल्क, बादाम मिल्क या सोया मिल्क उनकी डाइट में शामिल कर सकते हैं। यह भी दूध जैसे ही पोषण देते हैं। टोफू अगर आपके बच्चे को टेस्टी लगता है तो इसे शामिल करें। बीन्स और दालें उनकी डाइट में शामिल करें। क्योंकि बीन्स और दालों में प्रोटीन, फाइबर और विटामिन भरपूर होते हैं। अगर बच्चा अभी 1 साल से छोटा है तो दाल का पानी और इनकी प्यूरी बना कर दी जा सकती है। जो बच्चों को नॉन-वेज खिलाने के इच्छुक रहते हैं। वह फिश उनकी डाइट में शामिल कर सकते हैं। चिकन-अंडा उनकी डाइट में शामिल कर सकते हैं। हालांकि इसे कैसे, कब और कितनी मात्रा में देना है इस बारे में एक्सपर्ट या डॉक्टर की राय जरूर लें। हंग कर्ड को आप घर पर आसानी से तैयार कर सकते हैं। इसे रेडी करने के लिए दही को मलमल के कपड़े में बांधकर टांग दिया जाता है ताकि इसका सारा पानी निकल जाए। जब सारा एक्सट्रा पानी निकल जाता है तो इससे गाढ़ा दही मिलता है। इस तैयार दही को ही हंग कर्ड कहते हैं

# बच्चों को खुद करने दें समस्या को हल, बढ़ेगा आत्मविश्वास

*अक्सर प्यार में हम बढ़ते बच्चों का हर काम कर देते हैं और उनकी सुविधा के लिए उनका हर संभव प्रयास हम बिना बोले करते जाते हैं। कई बार हम उन्हें प्रॉब्लम से बचाने के लिए वह बातें भी सिखाना शुरू कर देते हैं, जो शायद वे अपने एक्सपीरियंस से खुद सीख सकते हैं। क्या आप जानते हैं कि अगर आप उन्हें हर बात न सिखाएं और खुद अपनी समस्याओं का हल निकालने दें, तो इससे उन्हें क्या फायदा मिलेगा और उनकी पर्सनैलिटी डेवलपेंट पर क्या असर पड़ेगा? जानिए फायदे।*



-जब बच्चे समस्याओं का समाधान खुद खोजते हैं, तो उनके अंदर आत्मनिर्भरता का विकास होता है। इसलिए उन्हें अपने तरीके से चीजों को आजमाने का अवसर दें, जिससे वे अपने निर्णय खुद ले सकें।

-बच्चों को यह समझने का मौका दें कि उन्हें अपने विचारों पर विश्वास करना चाहिए। इससे उनकी सोचने और तर्क करने की क्षमता बढ़ती है। मसलन, अगर वे पजल नहीं सॉल्व कर पा रहे तो खुद बना देने के बजाय उन्हें हिंट्स दें। -जब बच्चे अपने निर्णय खुद लेते हैं और उनके परिणामों का सामना करते हैं तब वे जिम्मेदार बनते हैं। उन्हें अपनी गलती से सीखने दें, जिससे वे भविष्य में और बेहतर निर्णय ले सकें। -बच्चों की जिज्ञासा को जीवित रखना जरूरी है। अगर वे कुछ पूछें तो तुरंत जवाब देने से बेहतर होगा कि उन्हें उस विषय पर सोचने और और जवाबों की खोज करने के लिए मोटिवेट करें। जिससे नए विषयों और अवधारणाओं के प्रति रुचि विकसित कर सकें। -यह बात समझने का प्रयास करें कि जब बच्चे समस्याओं का सामना करते हैं, तो उन्हें सही समाधान ढूंढने का अवसर मिलता है। इसलिए अपनी बातें या समझ उन पर थोपने की बजाय बिना किसी हस्तक्षेप के उन्हें चुनौती का सामना करने दें। -उन्हें सीखने के प्रोसेस में जानें दें। बच्चों को समय दें कि वे सीखें और अभ्यास करें। अगर आप उन्हें जल्दी करने की सलाह देंगे तो वे अपने अनुभवों से सीख नहीं सकेंगे। -जब बच्चे खुद समाधान खोजते हैं, तो उन्हें सेल?फ मोटिवेशन मिलता है। यह उन्हें आत्म-सम्मान और संतोष प्रदान करता है। इस तरह वे हाइपर एक्टिविटीज से दूर रहते हैं और शांति से अपना काम करते हैं। इन बातों को ध्यान में रखें तो बच्चे अच्छी सोच समझ रखने वाले, प्रॉब्लम सॉल्वर और सक्रिय इंसान बनते हैं। अपने बच्चों को स्वतंत्रता दें, जिससे वे जीवन की चुनौतियों का सामना कर सकें और अपने सपनों को साकार कर सकें।

## रेड, येलो और ग्रीन ट्रैफिक लाइट्स




कहानी

एक बार की बात है, सिग्नल टाउन नाम का एक छोटा-सा शहर था जहाँ ट्रैफिक लाइट्स सिर्फ गाड़ियों को नहीं, बच्चों को भी सीख देती थीं। इस टाउन में रहती थीं तीन ख़ास लाइट्स - रेड दीदी, येलो भैया और ग्रीन छोटी। ये तीनों हर दिन स्कूल के बाहर लगी रहती थीं, बच्चों को सिग्नल देतीं, लेकिन एक दिन उन्होंने कुछ नया करने की सोची।

**● रेड दीदी – रुको और सोचो**

रेड दीदी बहुत शांत थीं। जब भी कोई बच्चा जल्दी में होता या गलती करने वाला होता, वो चमक उठतीं और कहतीं - रुको! पहले सोचो, फिर आगे बढ़ो।

एक दिन, एक बच्चा - विशाल बिना देखे सड़क पार कर रहा था। तभी रेड दीदी ने तेज़ चमककर कहा, विशाल! अगर तुम सोचोगे नहीं, तो चोट लग सकती है। विशाल रुक गया और देखा कि एक तेज बाइक आ रही थी। उसने रेड दीदी का धन्यवाद किया और समझा कि ज़िंदगी में भी कई बार रुकना ज़रूरी होता है।

**● येलो भैया – तैयार रहो**

येलो भैया बहुत समझदार थे। उनका काम था बच्चों को चेतावनी देना कि आगे कुछ बड़ा होने वाला है। विशाल एक बार स्कूल में क्रिकेट खेलने जा रहा था। उसका मन नहीं लग रहा था, लेकिन येलो भैया ने धीरे से कहा - विशाल, तैयार हो जाओ। जो आने वाला है, वो तुम्हारे लिए खास हो सकता है।

विशाल ने ध्यान दिया, और अगले ही पल उसे टीम में ओपनर बना दिया गया! उसने शानदार बैटिंग की और उसकी टीम जीत गई।

**● ग्रीन छोटी – आगे बढ़ो**

ग्रीन छोटी सबसे चुलबुली और पॉजिटिव लाइट थीं। जब भी कोई बच्चा डरता या हिचकिचाता, वो ग्रीन हो जातीं और कहतीं - चलो! अब आगे बढ़ने का समय है। विशाल एक बार स्कूल में भाषण देने से डर रहा था। तभी ग्रीन छोटी मुस्कराई और बोलीं, विशाल, डर छोड़ो। अब समय है चमकने का! विशाल ने हिम्मत जुटाई, स्टेज पर गया, और पूरे स्कूल ने उसके भाषण पर तालियाँ बजाई। विशाल को अब समझ आ गया था

**● रेड दीदी सिखाती हैं – रुकना ज़रूरी है।**

**● येलो भैया बताते हैं – पहले से तैयार रहो।**

**● ग्रीन छोटी कहती हैं – समय आने पर डरना नहीं, आगे बढ़ो।**

अब वो हर दिन ट्रैफिक लाइट्स की बातों को याद करता और ज़िंदगी के हर मोड़ पर सोच-समझकर निर्णय लेता।

**सीख–** ट्रैफिक लाइट्स की कहानी हमें सिखाती है कि सही समय पर रुकना, सोच-विचार करना और फिर पूरे आत्मविश्वास से आगे बढ़ना - यही जीवन की असली ट्रिक है।

# लाडलों की हैं गर्मी की छुट्टियां, आपकी नहीं कैसे बनाएं काम और परिवार में संतुलन



बच्चों को गर्मी की छुट्टियों का बेसब्री से इंतजार रहता है। छुट्टियों में उन्हें पूरा आराम और खेलने का मौका मिल जाता है, वहीं माता पिता के लिए खासकर वर्किंग पेरेंट्स की जिम्मेदारी अधिक बढ़ जाती है। उनके लिए दफ्तर और परिवार के बीच संतुलन बनाना चुनौती होती है।जहां गर्मी की छुट्टियों में बच्चे अपने माता पिता का ध्यान, परवाह और साथ चाहते हैं तो वहीं काम के साथ बच्चों पर पूरा ध्यान दे पाने के लिए माता पिता को भी काफी प्रयास करने पड़ते हैं। इस लेख में कुछ टिप्स दिए गए हैं जिसे अपनाकर माता पिता बच्चों और काम दोनों को साथ में मैनेज कर सकते हैं।

**पहले से करें छुट्टियों की प्लानिंग-** गर्मियों की छुट्टियों की तारीखें पहले से तय होती हैं। ऐसे में अपने ऑफिस वर्कलोड को प्लान करें। अगर संभव हो तो एक-दो छुट्टियां बच्चों के साथ बिताने के लिए रखें।

**बच्चों के लिए बनाएं डेली रूटीन-** बच्चों के लिए एक टाइम टेबल बनाएं जिसमें खेल, पढ़ाई, क्रिएटिव एक्टिविटी और आराम शामिल हो। इससे वे व्यस्त रहेंगे और आपको भी अपने काम के लिए समय मिलेगा।

**बच्चों की लें मदद-** बच्चों को छोटा-मोटा काम देकर उन्हें व्यस्त और जिम्मेदार बनाएं। जैसे, डेस्क की सफाई, पानी की बोतल भरना, अपने खिलौने समेटना आदि। इससे बच्चे व्यस्त भी रहेंगे और आपको काम में मदद भी मिल जाएगी।

**वीकेंड बनाएं खास-** अगर सप्ताह की शुरुआत में आप व्यस्त हैं तो वीकेंड पर बच्चों के साथ क्वालिटी टाइम बिताने की योजना बनाएं। हर वीकेंड पर उनके साथ पार्क जाएं या साथ में किचन में कुछ बनाएं, मूवी देखें या गेम्स खेलें आदि।

**परिवार की मदद लें-** अगर आपके पास दफ्तर का बहुत अधिक काम है तो परिवार के दूसरे सदस्यों, अपने पार्टनर या दोस्तों की मदद लेने में हिचकिचाएं नहीं। बच्चे को उसके नाना नानी या दादा दादी संग वक्त दें ताकि उनकी छुट्टियां भी मजेदार गुजरें और आपका काम भी हो सके।

# कम उम्र में ही बच्चों को सिखाएं ब्रश करने का सही तरीका



अक्सर पेरेंट्स बच्चों की ओरल हाइजीन को इग्नोर कर देते हैं। जिसकी वजह से अक्सर उनके दांत खराब होने लगते हैं। ऐसे में बच्चों के मुंह की सफाई का खास ख्याल पेरेंट्स को रखना चाहिए। यहां हम बता रहे हैं बच्चे को ब्रश करवाने का सही तरीका और उनके लिए सही टूथ ब्रश कैसे चुनें। **बच्चों को ऐसे सिखाएं ब्रश करने का तरीका :** 6 महीने की उम्र से ही बच्चों के दांत निकलने लगते हैं। ऐसे में पेरेंट्स को हाइजीन का खास ख्याल रखना चाहिए। बच्चे को दिन में दो बार ब्रश करवाएं। बच्चे के मुंह में जोर से रगड़कर साफ करने की बजाए हल्के हाथों से ब्रश को घुमाएं। शुरुआत में बच्चे को रोज एक ही जगह पर बिठाकर ब्रश करवाएं। उन्हें सुबह जगते ही ब्रश करवाएं। इसी के साथ रात में खाना खाने के बाद भी बच्चे को ब्रश जरूर करवाएं। इससे दातों में सड़न की समस्या नहीं होगी।

**बच्चे के लिए कैसे चुनें टूथब्रश**

बच्चों के लिए ब्रश खरीदते समय आपको कुछ बातों को ध्यान में रखना चाहिए। जैसे बच्चों का टूथब्रश सॉफ्ट और नर्म होना चाहिए। बच्चों को रोजाना ब्रश करवाना मुश्किल हो सकता है। ऐसे में एक ऐसा ब्रश चुनें जो कलरफुल हो जो बच्चों को अट्रैक्ट करे। अगर ब्रश आकर्षित होगा तो इससे बच्चों का ब्रश करने का मन होगा। कई बार पेरेंट्स बच्चों को साल भर तक एक ही ब्रश का इस्तेमाल सालभर के लिए करते हैं। ऐसे में आपको इस बात का ध्यान रखना होगा की बच्चों का ब्रश 3 महीने के बाद बदलना चाहिए।

# अपने घर पर पड़े वेस्ट से बेस्ट चीजें बनाने के मजेदार तरीके

घर पर ऐसी कई चीजें पड़ी होती हैं जिनका उपयोग किया जा सकता है। आप अपने घर को सजाने के लिए बेकार चीजों का उपयोग कर सकते हैं। हम प्रोजेक्ट बनाने के लिए इन चीजों का उपयोग कर सकते हैं। हम कई चीजों को बनाने के लिए बेकार चीजों का फिर से उपयोग कर सकते हैं। **वेस्ट चीजें अलग-अलग प्रकार की हो सकती हैं :-** **आर्गेनिक वेस्ट:** जैसे कि रसोई वेस्ट, सब्जियों, फूलों, पत्तियों, फल। **टॉक्सिक वेस्ट:** जैसे कि पुरानी दवाएँ, पेंट, रसायन, जूता पॉलिश, बल्ब, बैटरी। **फिर से इस्तेमाल किया जाने वाला वेस्ट :** जैसे कागज, कांच, प्लास्टिक। बेकार चीजों का उपयोग करके आप किस प्रकार की चीजें बना सकते हैं? बेकार चीजों का फिर से इस्तेमाल करना और उसमें से नई चीजें बनाना एक अच्छा विचार है। हम बेकार चीजों से बहुत सारी उपयोगी चीजें बना सकते हैं और इन चीजों का उपयोग करके अपने घर को सजा सकते हैं। आप अपने बच्चों के लिए खिलौने जैसी चीजें बना सकते हैं। जब हम बेकार चीजों का सही तरीके से उपयोग करते हैं तो यह हमारे और हमारे आसपास के लिए बहुत अच्छा हो सकता है। यह आपके घर में बने कचरे को कम करने का एक अच्छा तरीका है। यह आपके बच्चों को बेकार की चीजों से नई चीजें बनाने में व्यस्त रखने का सबसे अच्छा तरीका है। क्राफ्ट्स को बनाने और अपने बच्चों को व्यस्त रखने के लिए घर के वेस्ट को उपयोगी बनाने के 27 तरीके यहां दिए गए हैं। **मोज़े का स्नोमैन :** कभी-कभी आपका बच्चा एक मोजा खो देता है और उसकी जोड़ी बेकार हो जाती है। एक तरीका है ताकि आप उसको एक स्नोमैन में बदल सकें।

# बनाएं अपने बच्चों को इमोशनली स्ट्रांग

पेरेंट्स इस बात को लेकर परेशान रहते हैं कि उनके बच्चे को छोटी सी भी बात बर्दाशत नहीं होती है। वो बहुत जल्दी रोने लगता है। लेकिन इसके लिए उनको दोषी ने ठहराएं, उनकी कोई गलती नहीं है। ऐसा पेरेंटिंग स्टाइल में कमी होने की वजह से होता है कि बच्चे इमोशनली स्ट्रॉग नहीं बन पाते हैं और बात- बात में रोने लगते हैं। इसके पीछे की वजह स्कूल में उसकी किसी परेशानी का झेलना भी हो सकता है। ऐसे में उन्हें डांटने के बजाए, उनकी परेशानी को समझने की कोशिश करें, ताकि वो मेंटली स्ट्रॉग बने। **बच्चों की बात सुनें :** जब वो आपसे कुछ कहे तो उसे ध्यान से सुनें। उनकी बातों को अहमियत दें। ऐसे में वो सम्मानित महसूस करेंगे और उन्हें लगेगा की कोई उन्हें सुन और समझ रहा है। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा और मानिसक तौर पर वो मजबूत बनेंगे। **सिखाएं समस्या का सामना करना :** किसी मुश्किल में फंसने पर उन्हें खुद पर विश्वास करके इससे निकलना सिखाएं। इसके लिए आप उसे फेवरेट हॉबीज में डालें, उसके अंदर प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल डेवलप करें। इससे उनका हौसला बढ़ेगा और वो किसी समस्या से डरेंगे नहीं। **भावनाओं के बारे में करें बात :** उसे समझाएं कि हर किसी को अलग-अलग भावनाएं होती हैं और इसमें कुछ भी बुरा नहीं है। इससे वो दूसरों की भावनाओं को भी समझेंगे। **छोटी- छोटी बातें से सिखाएं खुशी ढूंढना :** छोटी- छोटी सफतलाओं पर भी खुश हो। इससे वो सीखेगा कि हर कदम महत्वपूर्ण है। **बच्चों को भी दें बोलने का अधिकार :** अक्सर यह देखा गया है कि जो बच्चे अपनी बात या अपनी भावनाओं को एक्सप्रेस करना नहीं सीख पाते वे जीवनभर इमोशनली वीक रह जाते हैं। इसलिए अपने बच्चे को अपनी हर बात बोलने का अधिकार दें और उन्हें अपने इमोशन को शो करने का तरीका बताएं। **दें गलती करने का आजादी :** बच्चे को गलती करने की आजादी दें। अगर आप बात बात पर टोकते हैं और उसे गलत करने से मना करते हैं तो इस तरह वह चीजों को सीख नहीं पाएगा और उसका आत्मविश्वास और भी घट जाएगा।

# बच्चों की ग्रोथ जानने के लिए कराएं ये जरूरी टेस्ट

हर माता-पिता की यह चाहत होती है कि उनका बच्चा सेहतमंद, तंदुरुस्त और अपनी उम्र के हिसाब से अच्छे से विकास करे। बच्चे का कद, वजन, मानसिक विकास और शारीरिक क्षमता सही दिशा में बढ़ रही है या नहीं, यह जानना बहुत ज़रूरी होता है। केवल बाहरी लक्षणों को देखकर अंदाज़ा लगाना हमेशा सही नहीं होता। कई बार बच्चों की ग्रोथ धीमी हो रही होती है लेकिन मां-बाप को इसका पता देर से चलता है। ऐसे में समय-समय पर कुछ ज़रूरी मेडिकल टेस्ट करवा लेना बहुत फायदेमंद साबित हो सकता है। डॉक्टर भी सलाह देते हैं कि बच्चों की सही ग्रोथ जानने और किसी परेशानी की पहचान करने के लिए कुछ बेसिक हेल्थ टेस्ट ज़रूर करवाए जाने चाहिए। ये टेस्ट पोषण, ग्रोथ हार्मोन और शरीर के बाकी ज़रूरी फंक्शन को समझने में मदद करते हैं।

**आइए जानते हैं बच्चों की ग्रोथ चेक करने के लिए कौन-से 5 टेस्ट जरूरी हैं**

**ग्रोथ हार्मोन लेवल टेस्ट-** यह टेस्ट यह पता लगाने के लिए किया जाता है कि बच्चे के शरीर में ग्रोथ हार्मोन सही मात्रा में बन रहा है या नहीं। अगर ग्रोथ हार्मोन की कमी हो जाए, तो बच्चे की हाइट रुक सकती है और ओवरऑल ग्रोथ भी धीमी हो सकती है। इस टेस्ट से यह भी जाना जा सकता है कि बच्चा अक्सर थका-थका क्यों रहता है, मांसपेशियां कमजोर क्यों हैं और कद क्यों नहीं बढ़ रहा। अगर कोई दिक्कत मिले, तो सही समय पर इलाज शुरू किया जा सकता है।

**थायरॉइड फंक्शन टेस्ट-** थायरॉइड हार्मोन शरीर के विकास और दिमाग की ग्रोथ में बहुत अहम रोल निभाता है। अगर थायरॉइड में गड़बड़ी हो जाए, तो बच्चे की ग्रोथ रुक सकती है, वजन अचानक बढ़ या घट सकता है और बच्चा सुस्त पड़ सकता है। इस टेस्ट से यह भी पता लगाया जा सकता है कि बच्चा पढ़ाई में ध्यान क्यों नहीं दे पा रहा या हर समय थका-थका क्यों लगता है। बच्चों की हड्डियों की मजबूती के लिए विटामिन डी और कैल्शियम बहुत जरूरी हैं। अगर इनकी कमी हो जाए, तो बच्चे की हड्डियां कमजोर हो सकती हैं, चलने में देरी हो सकती है और बार-बार मांसपेशियों में खिंचाव या दर्द की शिकायत हो सकती है। इस टेस्ट से हड्डियों की हेल्थ का अंदाज़ा लगता है और जरूरत पड़ने पर सप्लीमेंट या डाइट में बदलाव किया जा सकता है।

**हीमोग्लोबिन और आयरन लेवल टेस्ट-** हीमोग्लोबिन और आयरन की कमी बच्चों में थकान, चिड़चिड़ापन और विकास में रुकावट का कारण बन सकती है। अगर बच्चा बार-बार बीमार पड़ता है, खाना नहीं खाता या ध्यान नहीं लगाता, तो यह टेस्ट जरूर करवाएं। यह टेस्ट पोषण स्तर और एनीमिया जैसी दिक्कतों की पहचान करता है ताकि सही इलाज शुरू हो सके। **ब्लड शुगर और मेटाबॉलिज्म प्रोफाइल-** यह टेस्ट यह बताता है कि बच्चे का शरीर खाने को कैसे पचा रहा है और ऊर्जा में कैसे बदल रहा है। अगर बच्चा मोटा हो रहा है, बार-बार प्यास लग रही है, कमजोरी महसूस कर रहा है या अचानक वजन बढ़ या घट रहा है, तो यह टेस्ट करवाना जरूरी है। इससे डायबिटीज या मेटाबॉलिज्म से जुड़ी समस्याओं का भी पता चलता है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**शनिवार, 30 मई 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके 1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ प्रथम ज्येष्ठ मासोत्तमे शुक्ल पक्षे, चतुर्दशी तिथौ शनि वासरे 11/59/ विशाख नक्षत्रे 13/12/ शिव योग 29/11/ वणिज करणे 11/59/ वृश्चिक राशिगत चन्द्रमा घं.06मि.39पर।

व्रत एवं त्यौहार- भद्रा घं.11 मि. 59 से घं.25 मि.07 तक। व्रत की पूर्णिमा।

**मेष :** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी।

**वृष :** व्यस्तता बढ़ेगी। व्यावसायिक प्रगति होगी। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। रचनात्मक कार्यों में प्रगति होगी।

**मिथुन :** आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। किसी कार्य के संबंध होने से प्रभाव बढ़ेगा। धन यश कीर्ति में वृद्धि होगी।

**कर्क :** पारिवारिक जीवन सुख में होगा। हनुमान जी की उपासना आपके लिए लाभदायक होगी। शासन सत्ता से सहयोग लेने में सफल रहेंगे।

**सिंह :** जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। धन सम्मान में वृद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन आवश्यक है। आलस्य त्यागे।

**कन्या :** व्यर्थ की उलझन रहेगी। यात्रा की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। व्यस्तता अधिक होगी। आत्मबल में सुधार होगा।

**तुला :** वरिष्ठ परिजनों पर व्यय होगा। धर्म में आस्था बढ़ेगी। मनोमालिन्य दूर होगा। इच्छाशक्ति क्षीण रहेगी।

**वृश्चिक :** सुख में कमी रहेगी। कटु वचन ना कहें। यात्रा से लाभ। धैर्य बनाएं रखें। आर्थिक मामलों में जोखिम न उठाएं। व्यय भार बढ़ेगा।

**धनु :** शारीरिक सुख में वृद्धि होगी। परिवार में सुख साधन की वृद्धि होगी। दुर्गा जी की उपासना से लाभ होगा। असम्मान का भाव रहेगा।

**मकर :** बुद्धि चातुर्य से उत्तम धन लाभ होगा। संयम एवं धैर्य से कार्य के होने की संभावना है। यात्रा का योग।

**कुंभ :** निजी संबंध प्रगाढ़ होंगे। संबंधों में निकटता आएगी। पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। यश धन कीर्ति में वृद्धि होगी।

**मीन :** यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद और लाभदाई होगी। संबंधों में निकटता आएगी।

# बच्चों का ब्रेन शार्प करने के लिए कराएं ये एक्टिविटी



हर माता-पिता अपने बच्चे को पढ़ाई-लिखाई में होशियार होने के साथ-साथ उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ते देखना चाहते हैं। बच्चों को फ्यूचर के लिए हमेशा तैयार और ऊंचे पोजीशन पर देखने के लिए जरूरी है कि बचपन से ही उन्हें सही गाइडेंस मिले। सिर्फ खेल-कूद या फिजिकली ही नहीं बल्कि जीवन के हर पड़ाव पर आने वाली मुश्किलों से लड़ने के लिए भी बच्चों को मेंटली मजबूत होना चाहिए। इसके लिए बेहद जरूरी है कि पैरेंट्स टीनएज से ही अपने बच्चों में कुछ एक्टिविटीज की आदत डालें, जिससे वह अपने लक्ष्य पर बेहतर तरीके से फोकस करने में सक्षम हो सके। ऐसा करने से फ्यूचर में सफलता प्राप्त करने की संभावना काफी हद तक बढ़ जाती है। तो चलिए जानते हैं कि पैरेंट्स को बच्चों में वो कौन सी आदत डालनी चाहिए, ताकि उन्हें फ्यूचर के लिए तैयार होने में मदद मिल सके। **रोजाना योग की आदत :** बच्चों को रोजाना कुछ यागासन या मेडिटेशन आदि करवाते रहना चाहिए। इससे न केवल फिजिकली बल्कि मेंटली स्ट्रॉन्ग होने में भी मदद मिलेगी। इसके अलावा उनमें बचपन से ही एरोबिक्स एक्टिविटी करने की आदत डलवाएं। यह बच्चे को लाइफटाइम के लिए हेल्दी बनाए रखने में मदद करता है। **ब्रेन एक्सरसाइज :** बच्चों की मेमोरी शार्प करने के लिए जरूरी है कि आप उन्हें ब्रेन एक्सरसाइज करवाते रहें। इसके लिए मार्केट में मिलने वाले गेम जैसे प्रॉब्लम सॉल्विंग पजल, सुडोकु का इस्तेमाल करवाएं। इससे बच्चे में क्रिएटिविटी क्षमता बढ़ेगी। साथ ही, आपका बच्चा मुसीबत आने पर प्रॉब्लम का सॉल्यूशन भी आसानी से ढूंढ पाएगा। **टीम वर्क की आदत :** टीम वर्क में काम करना हर व्यक्ति को आना चाहिए। तभी जीवन में सफलता मिलती है। सिर्फ खुद से मतलब रखने वालों को कभी भी सोशल बिहेवियर के बारे में समझ नहीं आता है। इसलिए जरूरी है कि बचपन से ही बच्चों में टीम वर्क की आदत डाल देनी चाहिए।



# जनगणना लक्ष्य अधूरा, चार चार्ज अधिकारियों पर कार्रवाई की तलवार

## डीएम समीक्षा के बाद निगम प्रशासन का कड़ा रुख

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** भारत जनगणना-2027 के तहत नगर निगम क्षेत्र में चल रहे मकान सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य की धीमी प्रगति पर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। नगर निगम के अपर नगर आयुक्त ने कार्य में लापरवाही पाए जाने पर चार जोन अधिकारियों को स्पष्टीकरण और चेतावनी पत्र जारी करते हुए जवाब तलब किया है। कार्रवाई के बाद निगम महकमे में हलचल तेज हो गई है।




जिलाधिकारी की हालिया समीक्षा बैठक में यह सामने आया कि कई प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को समय पर नियुक्ति पत्र तथा जनगणना सामग्री उपलब्ध नहीं कराई गई। इससे एचएलबी और मकान गणना कार्य प्रभावित हुआ और पोर्टल पर प्रगति अपेक्षा के अनुरूप नहीं पाई गई। समीक्षा के दौरान अधिकारियों की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए गए।

नोटिस पाने वाले अधिकारियों में जोन-1 के सहायक अभियंता मुकेश शाक्य, जोन-2 के सहायक अभियंता मूलचंद, जोन-3 के उप नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नैन सिंह तथा जोन-4 के कर अधीक्षक मुन्नाराम शामिल हैं। सभी अधिकारियों को दो दिन के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

अपर नगर आयुक्त ने निर्देश दिए हैं कि 29 मई तक कम से कम 80 प्रतिशत और 30 मई तक शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा कराया जाए। साथ ही चेतावनी दी गई है कि निर्धारित समयसीमा में कार्य पूरा न होने पर जनगणनाअधिनियम-1948 की धारा 11 के तहत अनुशासनिक कार्रवाई की संस्तुति शासन स्तर पर भेजी जाएगी। जिला प्रशासन ने जनगणना को राष्ट्रीय महत्व का कार्य बताते हुए स्पष्ट किया है कि इसमें किसी भी स्तर की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

# 'धूप में तपते चेहरों को मुस्कान दे रहे, डीएम इंसानियत की पहचान दे रहे'



-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** भीषण गर्मी और हीट वेव के बढ़ते असर के बीच जहां गर्म हवाओं से हर शख्स बेहाल है, वहीं डीएम का नेक प्रयास लोगों के लिए ढाल है।

डीएम अविनाश सिंह ने अपने सरकारी आवास के समक्ष शीतल पेयजल के लिए वाटर कूलर की व्यवस्था कराई है, जिससे राहगीरों, श्रमिकों और दूरदराज से आने वाले लोगों को ठंडा व स्वच्छ पानी उपलब्ध हो रहा है। तपती धूप और गर्म हवाओं के बीच यह व्यवस्था लोगों को खासा सुकून दे रही है। पानी पीने पहुंचे रिक्शा चालकों, मजदूरों, बुजुर्गों और ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने सराहना करते हुए इसे मानवीय संवेदनाओं से जुड़ा कदम बताया। लोगों का कहना है कि तेज गर्मी में ठंडे पानी की यह सुविधा किसी राहत से कम नहीं है। डीएम अविनाश सिंह ने जनपदवासियों से भी अपील की कि वे अपने घरों, दुकानों और सार्वजनिक स्थलों पर जरूरतमंदों के लिए पेयजल की व्यवस्था करें। साथ ही पक्षियों और पशुओं के लिए भी पानी उपलब्ध कराने का संदेश दिया। लोककल्याण और सेवा भावना से जुड़ी यह पहल समाज में सहयोग, संवेदनशीलता और मानवता का सकारात्मक संदेश दे रही है। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा व स्टाफ मौजूद रहा।

# आईएफटीपी से हो रही रोजगार की राह आसान

**बरेली।** इंस्टीट्यूट ऑफ फाइनेंशियल ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट (आईएफटीपी) के प्रांगण में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक मनोज कुमार गुप्ता एवं गौरव नागपाल ने आईएफटीपी के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि उनके संस्थान द्वारा बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विसेज एवं इंश्योरेंस सेक्टर में रोजगार सृजन हेतु उन छात्र-छात्राओं को जिन्हें रोजगार की तलाश है, तीन माह का एक स्पेशल कोर्स कराया जाता है जिसमें उनको बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विसिज एवं इंश्योरेंस सेक्टर में जॉब के लिए क्या तैयारी की जाती है, किस तरह इंटरव्यू फेश करना है आदि की ट्रेनिंग दी जाती है। संस्थान के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न जॉब फेयर में भी समय-समय पर भाग लिया जाता है जिसमें संस्थान उनका हर प्रकार से सहयोग करता है।

मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि उनके संस्थान से कोर्स कर चुके कई युवा बड़ी-बड़ी कंपनियों में जॉब कर रहे हैं।

# मुख्य सचिव ने अधिकारियों से मांगी योजनाओं की अपडेट रिपोर्ट



-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** एनआईसी सभागार में शुक्रवार को मुख्य सचिव एसपी गोयल की अध्यक्षता में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मंडल और जनपद स्तर के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक में शासन की विभिन्न योजनाओं, विकास कार्यों तथा जनहित से जुड़े मामलों की प्रगति की समीक्षा की गई।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मंडलायुक्त भूपेंद्र एस चौधरी, जिलाधिकारी अविनाश सिंह, एसपी सिटी मानुष पारीक, एडीएम सिटी अविनाश त्रिपाठी व डीआईओएस अजीत कुमार समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मंडलायुक्त भूपेंद्र एस चौधरी ने सभी विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए। उन्होंने लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समय से पूरा करने और जनहित से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने की हिदायत दी।

उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए गुणवत्ता और पारदर्शिता बनाए रखना सभी विभागों की जिम्मेदारी है।

# एमएसएमई समागम में उद्योग विस्तार की रणनीति पर बोलेंगे सुनील सिंधी

## 1 जून को बीएल एग्रो के मंच से व्यापारिक संभावनाओं पर होगा मंथन

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** उद्योग एवं व्यापार जगत से जुड़े लोगों के लिए 1 जून को शहर में विशेष गोष्ठी 'समागम एमएसएमई' का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय व्यापार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुनील जे. सिंधी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। आयोजन आईएमए हॉल में सोमवार रात 8 बजे होगा।

कार्यक्रम का आयोजन बीएल एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड की ओर से किया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार गोष्ठी में व्यापारी, कॉमर्शियल हाउस, सर्विस प्रोवाइडर्स, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, इंजीनियर्स, डॉक्टर्स, बिल्डर्स और आर्किटेक्ट्स सहित विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। गोष्ठी में औद्योगिक विकास, व्यापारिक चुनौतियों, निवेश की संभावनाओं और एमएसएमई सेक्टर को नई दिशा देने पर विस्तार से चर्चा होगी। संस्था चेयरमैन डॉ. घनश्याम खंडेलवाल ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय व्यापार और उद्योग को राष्ट्रीय स्तर से जोड़ते हुए नई संभावनाओं के द्वार खोलना है। उन्होंने शहर के उद्यमियों और व्यापारिक संगठनों से कार्यक्रम में सहभागिता की अपील की है।

# 28 जून से शुरू होगा पल्स पोलियो अभियान, 7 लाख बच्चों को पिलाई जाएगी दवा

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** जनपद में 28 जून से शुरू होने वाले पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए शुक्रवार को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में सभी विभागों को अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए।

डीएम ने कहा कि अभियान के पहले दिन स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर विशेष पोलियो बूथ बनाए जाएंगे। बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए गए कि सभी विद्यालय सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक खुले रहें और जिन स्कूलों में बूथ संचालित होंगे वहां मिड-डे मील की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। आशा कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर जागरूकता फैलाने तथा पांच वर्ष तक के बच्चों को बूथ तक लाने की जिम्मेदारी दी गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि जिले में करीब 7 लाख बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। बूथ दिवस के बाद 29 जून से घर-घर जाकर छूटे बच्चों को दवा दी जाएगी, जबकि 6 जुलाई को मॉप-अप राउंड चलाया जाएगा। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. प्रशांत रंजन ने बताया कि अभियान के तहत 2823 बूथ और 1732 टीमें तैनात की जाएंगी। इस दौरान सीडीओ देवयानी यादव, सीएमएस डॉ रमेश दीक्षित, सीएमओ डॉ विश्राम सिंह आदि उपस्थित रहे।

# लॉटरी से आबकारी की पांच दुकानों का सफल आवंटन

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** आबकारी विभाग द्वारा शेष बची पांच शराब दुकानों के व्यवस्थापन की प्रक्रिया शुक्रवार को एनआईसी सभागार में लॉटरी के माध्यम से सम्पन्न कराई गई। पूरी प्रक्रिया प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में पारदर्शिता के साथ शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई। विभाग के अनुसार दुकानों के आवंटन के लिए कुल 93 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनके आधार पर लॉटरी निकाली गई।

लॉटरी प्रक्रिया के दौरान एसपी सिटी मानुष पारीक, एडीएम सिटी अविनाश त्रिपाठी तथा जिला आबकारी अधिकारी हुकुम सिंह व सेक्टर के आबकारी इंस्पेक्टर मौजूद रहे। अधिकारियों की निगरानी में सेक्टर-1, सेक्टर-3 और सेक्टर-4 के अंतर्गत आने वाली नवाबगंज, खजूरिया, मीरगंज, सनैया एवं सिविल लाइन-ए क्षेत्र की दुकानों का सफल आवंटन किया गया। जिला आबकारी अधिकारी हुकुम सिंह ने बताया कि शासन के निर्देशों के अनुरूप पूरी प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराया गया। व्यवस्थापन प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे। लॉटरी परिणाम घोषित होने के बाद सफल आवेदकों में उत्साह देखने को मिला।

# संक्षिप्त समाचार

## ईद उल अजहा का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**भुता।** क्षेत्र में ईद उल अजहा (बकरीद )का त्योहार पूरी अकीदत आपसी भाईचारे और हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। मस्जिदों और ईदगाह पर हजारों लोगों ने नमाज अदा कर दुआएं मांगी। हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों ने सामूहिक रूप से नमाज अदा की और देश में अमन चैन तथा भाईचारे की दुआ मांगी। ईदगाह परिसर में ही लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। और आपसी सौहार्द का संदेश दिया। नमाज के बाद विभिन्न राजनीतिक दलों ने नेताओं ने भी ईदगाह पहुंचकर मुस्लिम समाज के लोगों को शुभकामनाएं दीं। पर्व को लेकर बच्चों एवं युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला ।ईद के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था भी चाक चौबंद रही। ईदगाह मस्जिदों प्रमुख चौराहों आदि जगह पर पुलिस बल तैनात रहा। थाना प्रभारी रविंद्र कुमार अपनी पुलिस टीम के साथ लगातार मुस्तैद नजर आए। प्रशासन द्वारा पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए थे।

## स्विमिंग पूल नहाने गए युवक के साथ जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर मारपीट, प्राथमिकी दर्ज

**भुता।** थाना क्षेत्र के ग्राम भगवानपुर निवासी शुभम स्विमिंग पूल नहाने ग्राम में म्योड़ी गया था। इस दौरान वहां पर दबंग किस्म के लोग राज बाबू व रजत ने युवक के साथ जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने पीड़ित के पिता की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। पुलिस मामले की जांच व आरोपियों की तलाश कर रही है। पीड़ित पिता ने बताया मेरा लड़का शुभम स्विमिंग पूल नहाने ग्राम म्योड़ी गया था। कि वहां पर मौजूद ग्राम लाड़पुर निवासी राज बाबू व रजत बेवजह मेरे लड़के के साथ जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर उसके साथ मारपीट करने लगे। किसी तरह वहां पर मौजूद लोगों ने आपस में बीच बचाव करवा दिया। उक्त आरोपियों ने मेरे बेटे शुभम को स्विमिंग पूल से घर लौटते समय भुता में घेर लिया और उसके साथ दोबारा मारपीट करने लगे। पीड़ित पिता ने इसकी शिकायत डायल 112 पर कर विपक्षीगण के गांव गए तो उसके साथी शिवम ने लाठी से मेरे ऊपर हमला कर मुझे व मेरी पत्नी को भी घायल कर दिया। जिससे मेरे खुली चोटें आई हैं। उक्त आरोपी पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दे रहे हैं। इधर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर उक्त तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। पुलिस मामले की जांच व आरोपियों की तलाश कर रही है।

## बाइक सवार युवक की अज्ञात वाहन से टक्कर लगने के बाद मौत



**फतेहगंज पूर्वी।** थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर निवासी प्रमोद उम्र26 वर्ष बुधवार रात नौ बजे पचोमी की प्लाईबुड फैक्ट्री से डयूटी करकर वापस गांव जा रहे थे तभी गांव के बाहर ही शाहपुर बनियान मार्ग पर किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी ।टक्कर लगने के बाद वाहन चालक वाहन लेकर भाग गया। ग्रामीणों ने प्रमोद को घायलावस्था में पड़े देखा तो परिजनों और पुलिस को सूचना दी परिजन आनन फानन में प्रमोद को लेकर फरीदपुर सरकारी अस्पताल लेकर गए जहाँ डॉक्टरों ने प्रमोद को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। प्रमोद के परिवार में पत्नी के साथ दो बेटे हैं। ब्रह्स्पतिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव में पहुंचा तो गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। कुछ ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में एक ट्रैक्टर से दुर्घटना होना लग रही है। थाना प्रभारी राजकुमार सिंह ने बताया कि अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर लगने से युवक की मौत हुई है। वाहन चालक की सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से तलाश की जा रही है।

## पीएचसी में मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया गया



**फतेहगंज पूर्वी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरीदपुर, बरेली के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहगंज पूर्वी में 'मासिक धर्म स्वच्छता दिवस' के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों एवं महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं जागरूकता के प्रति प्रेरित करना था।

कार्यक्रम में एएनएम मधु चंद्रा द्वारा उपस्थित महिलाओं एवं किशोरियों को मासिक धर्म के दौरान साफ-सफाई बनाए रखने, सैनिटरी पैड के सुरक्षित उपयोग एवं संक्रमण से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

मेडिकल ऑफिसर डॉ. संजीव दिवाकर ने बताया कि मासिक धर्म एक सामान्य प्राकृतिक प्रक्रिया है तथा इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना आवश्यक है। उन्होंने महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी किसी भी समस्या होने पर तुरंत स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने की सलाह दी। इस अवसर पर पम्मी,बागीश त्रिपाठी, प्रिंस एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी प्रदान किया गया। सीएचसी फरीदपुर की स्वास्थ्य टीम द्वारा समय-समय पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है।

# जाम के झाम से जूझ रहा नगर का मुख्य मार्ग

-स्वतंत्र भारत-



**फरीदपुर।** ई रिक्शा, टेंपो एवं फल ठेला वालों के कारण नगर के मुख्य मार्गो पर लगा रहता है जाम । बरसों से लोग हो रहे परेशान। पुलिस और नगर पालिका की नाकामी हो रही उजागर। फरीदपुर नगर क्षेत्र के मुख्य मार्ग बरसों से अतिक्रमण की चपेट में है। मुख्य मार्गो पर बेतहाशा अतिक्रमण होने के कारण लोगों को आने जाने में भी काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। अतिक्रमण के कारण लगने वाले जाम से परेशान होकर कई बार नगर की जनता ने मुख्य मार्गो से अतिक्रमण हटाए जाने के लिए जिलाधिकारी बरेली एसडीएम फरीदपुर नगर पालिका परिषद फरीदपुर शिकायतें की थी मगर पालिका द्वारा अतिक्रमण हटाने के नाम पर रश्म अदायगी कर हर बार अपनी जिम्मेदारी से इति श्री कर ली और फिर दोबारा अतिक्रमण हो गया।

नगर के मुख्य बाजार में सड़क के दोनों तरफ फैला हुआ है अतिक्रमण नगर के मुख्य बाजार में सत्संग भवन से लेकर बीसलपुर मोड तक सड़क के दोनों तरफ दुकानदारों ने अपना अपना सामान अपनी दुकान के आगे तक फैला रखा है शेष बची जगह पर फल ठेले वालों ने अपनी दुकाने लगाकर अतिक्रमण कर लिया है बाकी रही सही कसर ई रिक्शा एवं टेंपो चालकों ने अपने वाहन सड़क पर खड़े कर पूरी कर ली है ई-रिक्शा एवं टेंपो चालकों पर पुलिस का शिकंजा कमजोर होने के कारण उनके चालक अपनी मनमानी करते हैं। रोडवेज की बसें जब बस स्टैंड तक अंदर से होकर पहुंचती है तो इन ई रिक्शा एवं टेंपो सड़क पर ही खड़े होने के कारण घंटो जाम लग जाता है। जिससे राहगीरों स्कूल जाने आने वाले छात्र-छात्राओं को बेहद परेशानी होती है। फरीदपुर में इस फैले हुए अतिक्रमण का स्थाई समाधान करने में तहसील प्रशासन एवं पालिका प्रशासन नाकाम साबित हुआ है। अतिक्रमण से परेशान लोगों ने फरीदपुर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे जिला अधिकारी बरेली को भी प्रार्थना पत्र देकर अतिक्रमण हटाए जाने की मांग की थी जिलाधिकारी ने पालिका के अधिशासी अधिकारी को 54 हटाए जाने की निर्देश दिए थे मगर पालिका प्रशासन ने जिलाधिकारी के निर्देशों का पालन तो किया मगर यह अतिक्रमण हटाओ अभियान रस्म अदायगी कर समाप्त हो गया। तहसील प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के कारण नहीं है पा रहा है अतिक्रमण परेशान हो रही है जनता।

# रिटायर्ड लेखपाल के पुत्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, रेलवे ट्रेक पर मिला शव



**फरीदपुर।** नगर के मोहल्ला नहर कोठी निवासी रिटायर्ड लेखपाल के 24 वर्षीय पुत्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शुक्रवार की सुबह उसका शब रेलवे ट्रैक पर मिला। परिजनों ने उसकी हत्या की आशंका जताई है और घटना की तहरीर थाना पुलिस को दी है। नगर के मोहल्ला नहर कोठी निवासी रिटायर्ड लेखपाल जागन लाल का 24 वर्षीय पुत्र अभिषेक सागर का शब पुलिस को गुरुवार की रात्रि आसरा कॉलोनी के पीछे रेलवे ट्रैक पर मिला था। पुलिस ने उसके परिजनों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही परिजन भी पहुंच गए। पुलिस ने शब का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बरेली भेज दिया। पुलिस द्वारा जानकारी करने पर मृतक के परिजनों ने बताया है कि गुरुवार की शाम समय लगभग 8:00 बजे उसके मोबाइल पर किसी अज्ञात का फोन आया था और वह घर से मोटरसाइकिल उठाकर चला गया तभी पुलिस द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि अभिषेक की ट्रेन से चपेट में आकर मौत हो गई है उसका शब रेलवे ट्रैक पर पडा है। परिजनो ने उसकी हत्या किए जाने की आशंका जताते हुए थाना पुलिस को घटना की तहरीर दी है। रिटायर्ड लेखपाल जगलाल के चार पुत्र एक पुत्री है अभिषेक सबसे छोटा पुत्र था। जागन लाल की दो शादियां हुई थी पहली पत्नी की मौत हो गई थी उससे तीन पुत्र एक पुत्री है। दूसरी पत्नी का अभिषेक था।

## ट्रेन की चपेट में आकर मरने वाले युवक की हुई शिनाख्त, हत्या की आशंका

**फरीदपुर।** 24 -25 मई की रात्रि में ट्रेन की चपेट में आकर एक अज्ञात युवक की मौत हो गई थी पुलिस को रेलवे लाइन पर मिला था शब। पुलिस ने युवक के मिले शव की शिनाख्त कराऐ जाने का काफी प्रयास किया था शिनाख्त न होने पर उसका पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बरेली मोर्चरी में रखवा दिया गया था। समय सीमा बीत जाने के बाद शव की शिनाख्त न होने पर उसको अज्ञात में दफना दिया गया था। 28 मई को उसका फोटो देखकर अपने बेटे सोनू के रूप में पहचान की। परिजनों ने उसके दोस्त पर उसकी हत्या किए जाने की आशंका जाहिर करते हुए थाना पुलिस को घटना की तहरीर दी है।

नगर के मोहल्ला फर्कपुर निवासी मुन्नी पत्नी नन्हे शाह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि मोहल्ले का ही युवक तारिक उसके पुत्र सोनू को 25 मई की सुबह 10:00 बजे घर से बुला कर ले गया था लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा। महिला ने उसके दोस्त पर उसकी हत्या किए जाने की आशंका जताते हुए थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है।

# रिछा गांव में करंट की चपेट में आकर दो भैंसो की मौत, किसान बाल-बाल बचा

-स्वतंत्र भारत-



**भुता।** थाना क्षेत्र के गांव रिछा में चुगाने जा रहे। किसान की दो भैंस 11000 हजार की विद्युत लाइन की चपेट में आने से मौके पर दर्दनाक मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पीड़ित किसान वर्जन सिंह ने बताया की शुक्रवार दोपहर लगभग 3:00 अपनी पालतू दो भैंस को चुगाने खेत पर ले जा रहा था। कि रास्ते में सड़क से 4 फिट ऊंची लटक रही 11हजार की विद्युत चालू लाइन की चपेट में आने से मेरी दोनों पालतू भैंस की मौके पर तड़प तड़प कर मौत हो गई। जिसमें एक भैंस गर्भवती थी। गनीमत यह रही की किसान अपने जानवरों से कुछ दूरी पर चल रहा था। किसान ने बताया मेरे जानवर के करंट के समय मुझे भी झटका सा आया था। जिससे मैं दूर जा गिरा।

ग्रामीणों ने बताया 2 दिन पहले यह विद्युत लाइन गांव में पहले भी लटक रही थी। जिसकी बिजली उपकेंद्र पर शिकायत की गई थी। मगर सूचना पर आए लाइन मैंन ने इसकी मरम्मत सही ना कर खाना पूर्ति कर चला गया। और एक दिन बाद ही यह हादसा हो गया। गनीमत रही किसान सुरक्षित है। नहीं तो एक बड़ा हादसा हो सकता था।

इधर सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। ग्रामीणों में बिजली विभाग के खिलाफ काफी आक्रोश भरा हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से किसान के हुए नुकसान के मुआवजे की मांग की है।

# ऑपरेशन कन्विक्शन में तीन मामलों में दोषियों को सजा, दहेज हत्या में 7 साल की कैद



-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** जनपद में चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत पुलिस और अभियोजन की प्रभावी पैरवी से शुक्रवार को तीन अहम मामलों में अदालत ने दोषियों को सजा सुनाई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के निर्देशन और पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अंशिका वर्मा की निगरानी में अभियोजन पक्ष ने अदालत में मजबूत पैरवी की। पहले मामले में एडीजे-01 कोर्ट ने थाना बहेड़ी क्षेत्र के हत्या प्रकरण में आरोपी छोटू उर्फ तस्लीम को धारा 304 भादवि में दोषी मानते हुए पांच वर्ष के कठोर कारावास और पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। आरोपी ने वर्ष 2022 में मारपीट के दौरान आरिफ के सिर पर ईंट मार दी थी, जिससे उसकी मौत हो गई थी। वहीं दहेज हत्या के दूसरे मामले में एडीजे-05 कोर्ट ने राजवन्त कौर उर्फ राजदीप कौर को दोषसिद्ध करते हुए धारा 304बी में सात वर्ष, धारा 498ए में तीन वर्ष, धारा 201 में एक वर्ष तथा डीपी एक्ट में दो वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने कुल 35 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया। मामले में मुख्य आरोपी सिमरनजीत सिंह की मृत्यु होने पर उसे दोषमुक्त कर दिया गया।

तीनों मामलों में पुलिस, विवेचकों और कोर्ट पैरोकारों की प्रभावी कार्रवाई को अहम माना गया।

# कूड़े से पटे नाली-नालियां स्वच्छ भारत मिशन को दिखा रहे ठेंगा, बारिश में होगा जलभराव

-स्वतंत्र भारत-



**फरीदपुर।** भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन अभियान का फरीदपुर की नगरपालिका परिषद द्वारा खुलेआम की जा रही है अवहेलना नगर में साफ सफाई के नाम पर की जा रही है खाना पूरी। डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन अभियान भी हो गया टांय टांय फिश। बरसात का मौसम आने वाला है मगर अभी तक नालों की तली झाड़ सफाई शुरू करने का कार्य शुरू नहीं किया गया है। नगर के मोहल्ला परा मैं पुराने रामलीला के पास भूरे खा गोटिया से होकर परा शमशान भूमि तक जाने वाला नाला कूढे कचरे से पटा पड़ा हुआ है। काफी समय से सफाई न होने से इस भीषण पडने वाली गर्मी से नाले में भयानक बदबू एवं मच्छरों के प्रकोप बढ़ जाने से मोहल्ले वासियों का जीना दुश्वार कर दिया है। नगर पालिका स्टाफ से नालों की सफाई के संबंध में जानकारी किए जाने पर बताया गया कि अभी पालिका अध्यक्ष से इस कार्य की स्वीकृति नहीं दी गई है इसीलिए नालों की सफाई नहीं हो पा रही है। बरसात से पूर्व हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी सफाई समय पर नहीं हुई तो बरसात के मौसम में नगर में जल भराव की समस्या भयानक रूप खड़ी हो जाएगी और पूरे नगर वासियों को फिर इस समस्या से दो-चार होना पड़ेगा। नगर पालिका परिषद की लापरवाही के कारण वर्षों से नगर वासी जल भराव की समस्या से परेशान है। आज तक नगर की जल भराव जैसी समस्या का समाधान नहीं हो सका है। सांसद, विधायक, यहां तक की पालिका अध्यक्ष द्वारा इस समस्या को दूर किए जाने को लेकर किए गए वादे पूरे नहीं कर सके है। और नगर की जनता की नजरों में क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधि अपने वादों में हवा हवाई साबित हुए हैं।



# विधायक ने किया सरदार पटेल चौक पार्क का लोकार्पण, नगर की बढ़ी सुंदरता

स्वतंत्र भारत

**पिहानी।।** नगर पालिका परिषद की ओर से नवनिर्मित सरदार पटेल चौक पार्क का लोकार्पण विधायक श्याम प्रकाश चेयर पर्सन शाहीन बेगम ,अधिशासी अधिकारी अमित कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। इस दौरान पार्क परिसर में स्थापित लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा का अनावरण भी किया गया। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिकों, सभासदों व बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही।

लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए विधायक श्याम प्रकाश ने कहा कि सरदार पटेल केवल एक व्यक्तित्व नहीं, बल्कि राष्ट्र की एकता और अखंडता के प्रतीक हैं। उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज को विकास और भाईचारे के मार्ग पर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि नगर की सुंदरता और जनसुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं तथा यह पार्क नगरवासियों के लिए एक सुंदर सौगात साबित होगा।

विधायक ने कहा कि नगर के प्रमुख चौराहों का सौंदर्यीकरण नगर की पहचान को नई दिशा देता है। आने वाले समय में भी विकास कार्यों की श्रृंखला निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने नगर पालिका परिषद की पहल की सराहना करते हुए कहा कि जनहित से जुड़े कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए जा रहे हैं।

### तीन बंदरों की प्रतिमा स्थापना की उठी मांग

पिहानी कस्बे के पूर्व सभासद संजीव शर्मा ने सरदार पटेल चौक पर तीन बंदरों की प्रतिमा स्थापित किए जाने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि पूर्व में यह स्थान बंदर पार्क के नाम से प्रसिद्ध था और यहां तीन बंदरों की पहचान लोगों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रही है। संजीव शर्मा ने विधायक श्याम प्रकाश से मांग करते हुए कहा कि सरदार पटेल चौक के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ यहां तीन बंदरों की प्रतिमा स्थापित कराई जाए, जिससे पुरानी पहचान भी कायम रह सके और नई पीढ़ी को महात्मा गांधी के 'बुरा मत देखो, बुरा मत सुनो, बुरा मत कहो' के संदेश से प्रेरणा मिले।



अधिशासी अधिकारी अमित कुमार सिंह ने कहा कि नगर पालिका का उद्देश्य नगरवासियों को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराना है। सरदार पटेल चौक पार्क को आधुनिक स्वरूप देकर विकसित किया गया है, जिससे लोगों को बैठने और सुंदर वातावरण का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि नगर की सुंदरता बनाए रखने में आमजन का सहयोग भी अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में मौजूद सभासदों और स्थानीय लोगों ने पार्क निर्माण को नगर के लिए सराहनीय पहल बताया। समारोह के दौरान पूरे पार्क को आकर्षक ढंग से सजाया गया था और लोकार्पण के बाद लोगों ने पार्क पहुंचकर नई व्यवस्था का अवलोकन किया। विधायक प्रतिनिधि धर्मेश मिश्रा विपिन मिश्रा चेयरपर्सन प्रतिनिधि सैफ खान, भाजपा नगर अध्यक्ष गौरव गुप्ता, मनीष शर्मा, नीरज सिंह , रामदास कटियार, पूर्व मंडल अध्यक्ष गोपामऊ नागेंद्र सिंह, रितेश सिंह, भानु मिश्रा ,अमित कुमार सभासद, दिनेश अर्कवंशी, शिव सिंह,अंकित श्रीवास्तव , पूर्व सभासद राजीव गुप्ता,सभासद पियूष शुक्ला , सभासद सानू सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष आदर्श सिंह , अवधेश रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।

# सुबह छोटे भाई ने दरवाजा खोला तब जमीन पर मृत मिला बडा भाई

- करंट लगने से जताई जा रही मौत की आशंका
- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

स्वतंत्र भारत

**शाहाबाद (हरदोई)।** जब बुजुर्ग बडा भाई गुरुवार के दिन प्रातः काफी समय बीत जाने के बाद भी घर से बाहर नही निकला तब छोटा भाई किसी तरह से घर अंदर गया जहां यह देखकर उसके होश ही उड गये कि उसका बुजुर्ग भाई जमीन पर मृत अवस्था मे पडा है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि करंट लगने से उसकी मौत हो गयी , फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार थाना व ग्राम पचदेवरा निवासी रामनाथ ( 71 ) खेती का कार्य कर अपना भरण पोषण करते है। उनकी पत्नी का निधन हो चुका है तथा उनके दोनो पुत्र अपने परिवार सहित दिल्ली मे रहकर प्राइवेट नौकरी करते है जिसके चलते वह अपने गांव के घर मे अकेले रहते है। गुरुवार के दिन प्रातःकाल काफी समय तक रामनाथ के बाहर न जब नही निकला तब उनके छोटे भाई कुन्ने ने दरवाजे पर दस्तक दी लेकिन कोई जबाव नही मिला तब उसने दूसरे दरवाजे पर धक्का देकर घर के अंदर प्रवेश किया। घर के अंदर का नजारा देख कर वह हतप्रभ रह गया । उसका बडा भाई रामनाथ जमीन पर मृत अवस्था मे पडा था तथा उसके पास ही बिजली का तार तथा बोर्ड भी पडा हुआ था ,जिसको देखकर आशंका व्यक्त की जा रही थी कि शायद करंट लगने से रामनाथ की मौत हुई होगी। घटना की जानकारी लगते ही मौके पर भीड एकत्र हो गयी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगी।

# लखनऊ पब्लिक स्कूल के दो छात्र आईएएस और छः छात्र पीसीएस में चयनित

स्वतंत्र भारत



**माधोगंज।** कस्बे के लखनऊ पब्लिक स्कूल आयोजित प्रेस वार्ता मे संस्था के संस्थापक चेयरमैन एवं सांसद डॉ. एस.पी. सिंह ने संस्था की शैक्षिक उपलब्धियों पर विस्तृत चर्चा की।

डॉ. एस.पी. सिंह ने बताया 23 मई को लखनऊ में आयोजित सम्मान समारोह में ढ्ढष्टस्श्व, ढ्ढस्ष्ट, ष्टक्चस्श्व एवं उत्तर प्रदेश बोर्ड के 542 मेधावी छात्र-छात्राओं तथा 22 पूर्व छात्रों को सम्मानित किया गया, जो वर्तमान में ढ्ढस्, क्कष्टस् सहित विभिन्न उच्च प्रशासनिक पदों पर देश की सेवा कर रहे हैं। एलपीएस के ए-ब्लॉक शाखा के छात्र शिवम अवस्थी ने ढ्ढष्टस्श्व परीक्षा में 99.8% अंक प्राप्त कर देश में द्वितीय स्थान हासिल किया है। यह एलपीएस के 43 वर्षों के इतिहास का सर्वोच्च परिणाम है। शिवम अवस्थी को संस्था द्वारा ?1.50 लाख की सम्मान राशि प्रदान की गई। वहीं शवीर प्रकाश श्रीवास्तव, समृद्धि द्विवेदी, इकरा आलम,जूही चौधरी व श्रेयांश सिंह को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ?50,000 की सम्मान राशि दी गई। एलपीयस सीतापुर शाखा के श्रेयांश सिंह ने 99% अंक प्राप्त कर जनपद टॉप किया।लखीमपुर के विशेष बाजपेयी जिला टॉपर बने। बी-ब्लॉक शाखा की छात्राएं अद्रिजा चौरसिया एवं आरोही सिंह ने 96.17% अंक प्राप्त कर उत्तर प्रदेश में 10वां तथा लखनऊ में पहला स्थान हासिल किया।उन्होंने कहा कि अगले सत्र से कक्षा-5 से ही एलपीएस टॉपर घोषित करने की नई पहल शुरू की जा रही है।संस्था ने अपने पूर्व छात्रों को जोड़ने हेतु 'चह्लह्लह्यश्चह्यञ्' ढ्डह्लह्लश्चः//द्यश्चह्यष्डुद्यह्लद्वढ्ढठ्ठद्ध.ष्पद्ध एलुमनाई पोर्टल लॉन्च किया है, जिसकी थीम 'स्रह्ल ह्वद्य ह्लद्गद्यद्ध1द्ग श्चह्लह्ल ह्यष्द्धश्चश्चद्य स्रड्ड4ह्य' रखी गई है।

इस वर्ष एलपीएस के दो पूर्व छात्र आईएएस तथा छह छात्र पीसीएस में चयनित हुए हैं। माधोगंज शाखा के योगेन्द्र सिंह ने क्कस्ष्ट 2025 में 286वीं रैंक प्राप्त कर ढ्ढस् बनने का गौरव हासिल किया। लखीमपुर शाखा के सचिन वर्मा ने ढ्ढस् एवं क्कष्टस् दोनों परीक्षाएं उत्तीर्ण कीं।क्कष्टस् में चयनित छात्रों में एलपीएस सीतापुर के सौरभ दीप एवं अमित कुमार, बी-ब्लॉक राजाजीपुरम के अक्षय कुमार, लखीमपुर की निधि वर्मा तथा आनंद नगर शाखा के अभिषेक दीक्षित शामिल हैं। वहीं बी-ब्लॉक राजाजीपुरम शाखा के अतिथि कुमार का चयन ऋक्चढ्ढ में ग्रेड-क्चमैनेजर पद पर हुआ है। गोमतीनगर स्थित लखनऊ पब्लिक कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज (रुक्कष्टक्क) में प्रत्येक कोर्स के साथ ॅ ढ्ढ आधारित प्रशिक्षण जोड़ा गया है। क्चक्च, क्चष्टश्वद्ब, क्चह्यस्ष्ट, क्चष्ट, स्ष्ट एवं स्क्च पाठ्यक्रमों में ॅह्लह्वद्बद्बष्ढ्डद्य ढ्ढठ्ठह्लद्गद्यद्यद्बद्दद्गठ्ठष्द्ग, स्रड्डष्द्बद्बठ्ठद्द स्द्गङ्कह्लठ्ठद्बठ्ठद्द, ष्ड्डह्लड्ड स्ष्द्बद्गठ्ठष्द्ग, ष्ट4ड्ढद्गह्म् स्द्गष्ह्वह्म्द्बह्लह्4 एवं क्चह्वह्यद्बठ्ठद्गह्यह्य ढ्ढठ्ठह्लद्गद्यद्यद्बद्दद्गठ्ठष्द्ग जैसे विषय पढ़ाए जाएंगे। साथ ही जल्द ही क्चक्त्रद्गष्ष्द्ध पाठ्यक्रम भी प्रारंभ किया जाएगा। यहां पर माधोगंज में लखनऊ पब्लिक कॉलेज आफ फार्मेसी है, उसमें डी फार्मा की भी कक्षाएं चल रही है ।

उन्होंने बताया कि संस्था का क्कद्यड्डष्द्गद्दद्गठ्ठह्ल ष्टद्गद्यद्य लगातार कार्य कर रहा है। पिछले वर्ष ञ्जष्टस्, ञ्जद्गठ्ठश्वड्डष्ह्ल, ढ्ढष्टढ्ढष्टढ्ढ क्चड्डठ्ठद्म, ॅ×द्बह्य क्चड्डठ्ठद्म एवं ॥ष्ठस्नष्ट क्चड्डठ्ठद्म सहित 67 कंपनियों द्वारा आयोजित जॉब फेस्टिवल एवं 18 प्लेसमेंट ड्राइव्स में 630 विद्यार्थियों का चयन हुआ।

इस वर्ष संस्था के 758 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 233 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। 48 विद्यार्थियों का चयन ढ्ढढ्ढञ्ज स्रड्डद्बठ्ठद्बह्य में हुआ है।

# सीडीओ ने की सीएम डैश बोर्ड राजस्व एवं विकास कार्यो की समीक्षा



**हरदोई।।** आज मुख्य विकास अधिकारी नेहा व्याडबाल, की अध्यक्षता में राजस्व एवं विकास कार्यों से सम्बंधित विभागों की सीएम डैशबोर्ड की प्रगति की समीक्षा बैठक आहूत की गयी। उन्होंने कहा कि सीएम डैशबोर्ड पर विभागीय योजनाओं की प्रगति बढायी जाये। उन्होंने कहा कि सभी विभाग राजस्व वसूली पर विशेष ध्यान दे और निर्धारित समयसीमा मे लक्ष्य पूरा करें। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी अधिकारियों से कहा कि सीएम डैश बोर्ड पर खराब प्रगति जनपद की रैंक को प्रभावित कर सकती है, इसलिये सभी विभाग अपने-अपने विभाग की रैकिंग पर विशेष ध्यान दे। रैकिंग में सुधार के लिए विशेष प्रयास किये जाएं। सूचनाओं की विभागीय पोर्टल पर ससमय फीडिंग सुनिश्चित की जाये। उन्होंने फैमिली आईडी कार्ड तथा स्वनिधि योजना की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुये प्रगति मे सुधार लाने के निर्देश सम्बन्धित को दिये। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि पुराने वादों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाये। उन्होंने निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुये सीएनडीएस को प्रगति बढाने के निर्देश दिये। इस अवसर अपर जिलाधिकारी दीपाली भार्गव, ज्वाइंट मजिस्टेट संस्कृति द्विवेदी, सभी उप जिलाधिकारी प्रभारी जिला सूचना अधिकारी व अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# बीएड प्रवेश परीक्षा, दो पालियों में 6 परीक्षा केन्द्रों पर

**हरदोई।** 31 मई रविवार को दो पालिया में छः परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश संयुक्त बी0एड प्रवेश परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु अपर जिलाधिकारी वि0रा0 दीपाली भार्गव की अध्यक्षता में एक बैठक आहूत की गयी। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी सेक्टर मजिस्टेऊट एवं केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिये कि पुलिस की संयुक्त टीम के साथ कोषागार से प्रश्न पत्रों को लेकर परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचायें तथा परीक्षा केन्द्रों पर सीसी टीवी कैमरा, शौचालय, पेयजल विद्युत व्यवस्थायें ठीक करा लें। उन्होने कहा कि पहली पाली की परीक्षा प्रातः 9 बजे से शुरू होगी परन्तु अगर कोई परीक्षार्थी किसी कारण 9.30 बजे तक आता है तो उसे परीक्षा के लिए प्रवेश दिया जाये और द्वितीय पाली अपरान्ह 2 बजे से शुरू होगी। । उन्होने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि



समय पर परीक्षा केन्द्र पर पहुंच कर परीक्षार्थियों की तलाशी लेकर प्रवेश दिलायें तथा परीक्षा केन्द्रों के आस-पास लोगों को जमा न होने दे तथा सभी संबंधित अधिकारी बीएड परीक्षा सकुशल, निष्पक्ष एवं शान्ति पूर्ण सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक सहित सभी सेक्टर मजिस्टेट तथा केन्द्र व्यवस्थापक उपस्थित रहें।

# मातृशक्ति व दुर्गावाहिनी का शौर्य संचलन

स्वतंत्र भारत





**संडीला।** विश्व हिंदू परिषद की मातृशक्ति और दुर्गावाहिनी की बहनों ने सोमवार को नगर में भव्य 'शौर्य संचलन' निकाला नारी शक्ति के अदम्य साहस और अनुशासन की झलक पूरे नगर में देखने को मिली संचलन का नेतृत्व क्षेत्रीय मंत्री कल्पना जी, वर्गाधिकारी डॉ. विभा जी, प्रांत संयोजिका मुद्रा जी और जिला संयोजिका अपर्णा सिंह ने किया नगर के मुख्य चौराहे से शुरू हुआ यह संचलन विभिन्न मार्गो से होता हुआ भुइयां देवी मंदिर, इमलिया बाग पहुंचकर संपन्न हुआ हाथों में शस्त्र, माथे पर तिलक और गले में भगवा पटका धारण किए हुए बहनों ने पूरे मार्ग में अनुशासन का परिचय दिया मार्ग में स्थानीय नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर संचलन का जोरदार स्वागत किया भारत माता की जय 'वंदे मातरम' के गगनभेदी नारों से संडीला का माहौल राष्ट्रभक्ति से सराबोर रहा संचलन के दौरान ढोल-नगाड़ों की गूंज और देशभक्ति गीतों ने वातावरण को और उत्साहपूर्ण बना दिया पदाधिकारियों ने कहा कि नारी केवल ममता की मूर्ति नहीं, बल्कि जरूरत पड़ने पर धर्म, समाज और संस्कृति की रक्षक भी है उन्होंने कहा कि आज की नारी मां दुर्गा का रूप धारण कर समाज को जागरूक करने का कार्य कर रही है यह संचलन बेटियों को आत्मनिर्भर, निडर और संस्कृति के प्रति सजग बनाने का संदेश देता है कार्यक्रम में अवध प्रांत के 25 जिलों से मातृशक्ति और दुर्गावाहिनी की बहनें शामिल हुई वर्गाधिकारी डॉ. विभा सिंह ने बताया कि संचलन में कुल 283 बहनों ने सहभागिता की भुइयां देवी मंदिर पहुंचने पर संचलन का गरिमामयी समापन हुआ और सभी ने देवी का आशीर्वाद लिया समापन अवसर पर कार्यकर्ताओं को राष्ट्र व संस्कृति रक्षा के लिए निरंतर सक्रिय रहने का संकल्प दिलाया गया विहिप पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सांस्कृतिक चेतना जागृत करते हैं स्थानीय लोगों ने संचलन की भूरि-भूरि प्रशंसा की और इसे ऐतिहासिक बताया सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा संचलन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ और पूरे नगर में सकारात्मक संदेश गया विहिप ने कहा कि भविष्य में भी नारी जागरण के लिए ऐसे कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे।

# मुख्यमंत्री से हरदोई में प्रहलाद व नृसिंह भगवान की मूर्ति स्थापना की

**हरदोइ।** आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से जिला पंचायत अध्यक्ष हरदोई प्रेमावती, सदस्य राष्ट्रीय परिषद एवं क्षेत्रीय महामंत्री अनु. मोर्चा अवध क्षेत्र भाजपा पीके वर्मा तथा डॉ. नीरज ने मुख्यमंत्री आवास 5 कालिदास मार्ग, लखनऊ में शिष्टाचार भेंट की।इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने जनपद हरदोई की विभिन्न जनहित समस्याओं एवं विकास कार्यों के निस्तारण को लेकर मुख्यमंत्री से विस्तृत चर्चा की। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने जिला पंचायत हरदोई द्वारा प्रकाशित स्मारिका 'संकल्प पथ' मुख्यमंत्री को भेंट की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनहित से जुड़े मुद्दों पर सकारात्मक आश्वासन दिया। बैठक के दौरान हरदोई जनपद के विकास हेतु कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव मुख्यमंत्री के समक्ष रखे गए, जिनमें राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना, भगवान नरसिंह एवं भक्त प्रह्लाद की भव्य प्रतिमा स्थापना। जिला मुख्यालय से सभी विकास खंडों तक इलेक्ट्रिक बस सेवा संचालित किए जाने, प्रेस क्लब भवन की स्थापना, चौरासी कोसीय परिक्रमा मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, कचहरी परिसर एवं अधिवक्ता चैंबरों के जीर्णोद्धार और आधुनिकीकरण, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान की तर्ज पर आधुनिक प्रेक्षागृह निर्माण, विकास खंड सुरसा में उच्च स्तरीय स्पोर्ट्स स्टेडियम निर्माण, जनपद में आधुनिक ट्रैफिक प्रबंधन प्रणाली विकसित किए जाने, सांडी पक्षी विहार एवं धोबिया आश्रम के सर्वांगीण विकास व सर्किट हाउस निर्माण कराए जाने संबंधी मांग शामिल रहीं। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से जनपद के समग्र विकास एवं आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए शीघ्र कार्रवाई की मांग की।

# सेना भर्ती में युवाओं ने बढ़ाया क्षेत्र का मान, कई युवाओं का चयन

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** सवायजपुर क्षेत्र के युवाओं ने भारतीय सेना भर्ती में सफलता हासिल कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। लगातार मेहनत, संघर्ष और मजबूत इरादों के बल पर कई युवाओं ने सेना में चयन पाकर अपने परिवार और गांव का नाम रोशन किया है। युवाओं की सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल बना हुआ है। लोनार थाना क्षेत्र के दुलारपुर गांव निवासी अनुज प्रताप सिंह ने लगातार प्रयासों के बाद यह मुकाम हासिल किया। पहली भर्ती में सभी चरण सफलतापूर्वक पास करने के बावजूद मेरिट सूची में नाम नहीं आ सका था, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और दूसरी बार बरेली जाट रेजिमेंट सेंटर भर्ती में अंतिम चयन सूची में स्थान प्राप्त किया। इसी गांव के अनुभव सिंह ने भी संघर्ष के बाद सफलता हासिल की। शुरुआती असफलता के बाद उन्होंने लगातार मेहनत जारी रखी और दूसरी भर्ती में दौड़, लिखित परीक्षा, मेडिकल व मेरिट सभी चरण सफलतापूर्वक पार कर भारतीय सेना में चयन प्राप्त किया।

दुलारपुर निवासी कुलदीप कुमार ने भी सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी करते हुए सेना में अपनी जगह बनाई। वहीं अनुराग यादव ने पहले प्रयास में असफल होने के बावजूद हिम्मत नहीं हारी और दूसरे प्रयास में भारतीय सेना की टेक्निकल शाखा में चयनित होकर सफलता हासिल की। पवन पाल ने वर्ष 2025 की सेना भर्ती में शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी चरण पास कर सेना में चयन प्राप्त किया। मोहित यादव ने कई असफलताओं के बाद भी अपने लक्ष्य को नहीं छोड़ा और वर्षों की मेहनत के बाद आर्मी क्लर्क पद पर चयनित होकर परिवार व क्षेत्र का नाम रोशन किया। सारांश सिंह ने पहले ही प्रयास में आर्मी क्लर्क भर्ती में सफलता प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

बताया गया कि सभी सफल युवाओं ने मदन मोहन इंटर कॉलेज, सतौथा, हरपालपुर (हरदोई) से शिक्षा प्राप्त की है। विद्यालय परिवार ने युवाओं की सफलता पर खुशी जताते हुए इसे अन्य छात्रों के लिए प्रेरणादायक बताया। ग्रामीणों और परिजनों ने सफल युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेहनत और आत्मविश्वास के दम पर हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

# हरदोई-लखनऊ नेशनल हाईवे निर्माण में चटकी नींव ने खड़े किए सवाल

**हरदोई।** राजधानी से हरदोई को जोड़ने वाले नेशनल हाईवे के निर्माण पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। हरदोई के खेतुई स्थित बाईपास पर निर्माणाधीन अंडरपास के पिलर की चटकी हुई नींव ने निर्माण गुणवत्ता और मानकों को लेकर चिंता बढ़ा दी है। स्थानीय लोगों के मुताबिक नेशनल हाईवे 731 के निर्माण कार्य में भारी लापरवाही बरती जा रही है। आरोप है कि निर्माण में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी कर घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिसके चलते पिलरों की नींव में दरारें दिखाई देने लगी हैं। तस्वीरों में अंडरपास के पिलर की नींव स्पष्ट रूप से चटकी हुई नजर आ रही है, जिससे निर्माण कार्य की मजबूती पर सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते जांच कर आवश्यक कार्रवाई नहीं की गई तो भविष्य में यह बड़ा हादसा साबित हो सकता है। सूत्रों की मानें तो निर्माण कार्य में लगी कंपनी द्वारा जल्दबाजी और लागत बचाने के प्रयास में गुणवत्ता से समझौता किया जा रहा है। स्थानीय नागरिकों ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि करोड़ों रुपये की लागत से बनने वाले हाईवे और पुलों में यदि निर्माण के दौरान ही दरारें दिखाई देने लगें, तो यह आम जनता की सुरक्षा के साथ बड़ा सवाल है।

# डीपीआरओ का विदाई समारोह आयोजित

**हरदोई।** जनपद में प्रभारी जिला पंचायत राज् अधिकारी रहे विनय कुमार सिंह का तबादला हो जाने के बाद शाहजहांपुर रोड स्थित स्टेटस क्लब में विभागीय कर्मचारियो द्वारा विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में विभाग के सहायक विकास अधिकारी सचिव एवं लिपिक गण मौजूद रहे।इस अवसर पर वक्ताओं ने जिला पंचायत राज अधिकारी रहे विनय कुमार सिंह की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए उन्हें एक अच्छा अधिकारी बताया और कहा कि सब के सुख- दुख में शामिल रहने वाले ऐसे अधिकारी काम ही होते हैं। वक्ताओं ने कहा कि उनके रहते जिले में विभाग ने काफी प्रगति की और उनसे कर्मचारियो को काफी कुछ सीखने को भी मिला है। वक्ताओं ने कहा कि विनय कुमार सिंह ने कभी किसी का अहित नहीं किया और समय- समय पर सीख भी दी। इस अवसर पर वक्ताओं ने उन्हें निरंतर प्रगति करने की शुभकामनाएं दी और कहा मेरी यही कामना है कि विनय कुमार सिंह फिर से जनपद में जिला पंचायत राज अधिकारी बनकर आए और हम लोग उनके साथ कार्य करें। इस अवसर पर एडीओ पंचायत नरेंद्र वर्मा, कौशलेंद्र भारती, विजय सिंह तोमर, मेवाराम, प्रदीप गुप्ता एवं सभी ब्लॉकों के सचिव तथा कार्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे



# पिहानी के वाटर पार्क में बीयर पीते वीडियो वायरल

**पिहानी।** पिहानी स्थित बाबा वाटर पार्क का सोशल मीडिया पर वायरल हो रही एक वीडियो और कुछ तस्वीरों को लेकर दावा किया जा रहा है कि वाटर पार्क परिसर में खुलेआम बियर पी जा रही है। कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ने तो यहां तक आरोप लगा दिए कि वाटर पार्क अब 'दारू और अय्याशी का अड्डा' बन चुका है। वायरल वीडियो और तस्वीरों के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। लोग सवाल उठा रहे हैं कि यदि सार्वजनिक मनोरंजन स्थलों पर इस तरह की गतिविधियां हो रही हैं तो प्रशासन की निगरानी व्यवस्था पर भी प्रश्नचिह्न खड़े होते हैं। हालांकि, जिस वीडियो और फोटो को लेकर विवाद खड़ा हुआ है, उसे लेकर नया मोड़ भी सामने आया है। बताया जा रहा है कि वायरल वीडियो एक किसान नेता से जुड़ी है। वीडियो वायरल होने के बाद संबंधित किसान नेता ने सामने आकर इन दावों को भ्रामक बताया है। उनका कहना है कि वीडियो और तस्वीरों के साथ छेड़छाड़ की गई है तथा कुछ सामग्री एआई तकनीक की मदद से तैयार कर गलत तरीके से प्रचारित की जा रही है। इस पूरे मामले में अभी तक प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए ताकि सच्चाई सामने आ सके और अफवाहों पर विराम लग सके। अब देखने वाली बात यह होगी कि जिला प्रशासन हरदोई और स्थानीय पुलिस इस वायरल वीडियो की जांच करवाते हैं या फिर मामला अन्य वायरल घटनाओं की तरह समय के साथ ठंडे बस्ते में चला जाएगा।

## रंगदारी न देने पर प्रधान प्रतिनिधि के घर फायरिंग

**हरियावां।।** हिंगुआपुर गांव में बुधवार देर रात रंगदारी को लेकर हुई फायरिंग से इलाके में सनसनी फैल गई। गांव निवासी एवं प्रधान प्रतिनिधि रजनीश कुमार ने आरोप लगाया है कि कपूरपुर निवासी हरिओम और उच्चवल निवासी नौशाद अपने करीब आधा दर्जन साथियों के साथ रात लगभग 11 बजे उनके घर पहुंचे और रंगदारी की मांग करने लगे। पीड़ित के अनुसार विरोध करने पर आरोपितों ने तमंचे से चार राउंड फायरिंग कर इलाके में दहशत फैलाने का प्रयास किया। गोलियों की आवाज सुनते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। परिवार के लोग घर के अंदर दुबक गए, जबकि आसपास के ग्रामीण भी भयभीत होकर अपने घरों से बाहर निकल आए। रजनीश कुमार का कहना है कि आरोपित पहले भी उन्हें जान से मारने की धमकी दे चुके हैं। उनका आरोप है कि करीब एक सप्ताह पहले भी रंगदारी न देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी गई थी।

# पत्रकार को दबंगों ने रास्ते में गाली-गलौज कर लात-घूसों से पीटा

- तहरीर के बाद भी नहीं की कार्रवाई

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** थाना सांडी क्षेत्र के लड़ैतापुरवा गांव में दबंगों ने जनता की आवाज न्यूज चैनल के पत्रकार सूरज कुमार को रास्ते में रोककर गाली-गलौज की और लात-घूसों से जमकर पीट दिया। आरोपियों ने पीड़ित पत्रकार को जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने 25 अप्रैल को कोतवाली सांडी में तहरीर दी, लेकिन 28 अप्रैल तक पुलिस ने मामले में कोई कार्रवाई नहीं की है। क्या है मामला लड़ैतापुरवा निवासी सूरज कुमार पुत्र ओमप्रकाश जनता की आवाज न्यूज चैनल में पत्रकार हैं। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 25 अप्रैल 2026 को शाम करीब 4:30 बजे वह गेहूं पिसाकर घर लौट रहा था। तभी गांव के ही गोविंद पुत्र तोताराम ने उसे अपने घर के सामने रोक लिया। सूरज का कहना है कि गोविंद से उसका कोई लेन-देन नहीं था।

तीन और लोग पहुंचे, करने लगे मारपीट आरोप है कि इसी दौरान रमेश व वीरेश पुत्र काशीराम तथा अर्जुन पुत्र वैजनाथ भी मौके पर आ गए। चारों ने मिलकर पत्रकार सूरज को गंदी गंदी गालियां देनी शुरू कर दीं। मना करने पर चारों ने लात-घूसों से मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर आस-पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। दोबारा मिले तो जान से मारने की धमकी।

पीड़ित पत्रकार का आरोप है कि विपक्षीगण झगड़ालू और दबंग किस्म के हैं। जाते-जाते धमकी दी कि रास्ते में दोबारा मिल गए तो जान से मार देंगे। पत्रकार की तहरीर पर भी नहीं हुई कार्रवाई पीड़ित सूरज कुमार ने 25 अप्रैल को ही कोतवाली सांडी में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की थी। तहरीर देने के तीन दिन बाद भी पुलिस ने न तो मुकदमा दर्ज किया है और न ही आरोपियों पर कोई कार्रवाई की है।

# जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने उद्योग बंधु की बैठक कर सुनी समस्याएं

## निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का तत्काल समाधान करें अधिकारी

■ औद्योगिक आस्थान में सड़कों को दुरुस्त करने के निर्देश

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु एवं व्यापार मण्डल समिति की बैठक हुई। बैठक में उद्यमियों ने बिजली, पानी, सड़क, एनओसी और बैंक ऋण से जुड़ी समस्याएं रखीं। जिलाधिकारी ने निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा करते हुए पाया कि 69 प्रकरण विभिन्न विभागों में लंबित हैं। इसी प्रकार सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान योजना 2025-26 के अन्तर्गत बैंको को भेजे गए 973 आवेदन पत्र आनलाइन अग्रसारित किए गए जिसमें 136 स्वीकृत, 108 आवेदन पत्र वितरित तथा 314 आवेदन पत्र विभिन्न बैंको द्वारा निरस्त किए गए जबकि 620 आवेदन पत्र बैंको में स्वीकृति हेतु लम्बित है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि ÷ईज ऑफ डूइंग बिजनेस सरकार की प्राथमिकता है अतएव सभी लंबित एनओसी, अनापत्ति और स्वीकृतियां अविलम्ब जारी करते हुए वितरण की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाए।

चुनार से तीन किलोमीटर आगे स्थित लगभग 10 ईकाईयो को जोड़ने वाले चुनार उदित नगर बड़ा गांव जर्जर मार्ग बनवाने तथा शहरी क्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था हेतु खोदे गए गड्ढे को ठीक कराने, तहसील चैराहा से पाण्डेयपुर रोड मरम्मत पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियो को उपरोक्त कार्यो को 15 दिवस के अन्दर मुख्य मार्गो की मरम्मत पैचवर्क और नाली सफाई का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरसात से पहले सड़कें दुरुस्त हो जानी चाहिए, ताकि कच्चे माल व तैयार उत्पाद की आवाजाही में दिक्कत न हो। विद्युत विभाग को औद्योगिक फीडर पर ट्रिपिंग रोकने और 24 घंटे निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को समयबद्ध तरीके से सहमति प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में औद्योगिक आस्थान चुनार मीरजापुर में पार्क का रेनोवेशन, राजकीय चीनी पात्र विकास केन्द्र, चुनार के बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य, जिला निर्यात समिति की बैठक समय से कराने तथा जनपद में स्थापित होने वाली औद्यागिक ईकाईयो (एमओयू) के आने वाले समस्याओं से उद्यमियो के द्वारा उठाया गया जिस पर जिलाधिकारी ने बिन्दुवार प्रकरण को गम्भीरता से लेते हुए अधिकारियो को समाधान कराने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, उपायुक्त उद्योग संदीप कुमार के अलावा मनोज खण्डेलवाल, मण्डल सचिव इंडियन इंडस्ट्रीस्ज एशोसिएशन आशीष बुधिया, मीरजापुर कार्पेट से मोहनदाल अग्रवाल, राहुल कुमार, अशोक पटेल, आरके यादव, आशीष कमार, अमित श्रीनेत्र, आशीष सिंह, मुकेश तिवारी, दुर्गा प्रसाद चौधरी, राधेश्याम हरकघा विभाग सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व उद्यमी उपस्थित रहें।

# बीच सड़क गिरा नीम का पुराना पेड़

**बिजली आपूर्ति रही बाधित**

**मीरजापुर।** नगर क्षेत्र के शुक्लहां मोहल्ले में विशालकाय नीम का पेड़ आंधी तूफान में धराशाई हो जाने से लोग बाल-बाल बचे हैं। हालांकि पेड़ की चपेट में आने से सड़क किनारे खड़े कई ई-रिक्शा सहित आस-पास के घरों दुकानों के सामान नष्ट होने के साथ बिजली का पोल भी टूटकर ज़मीन पर आ गये। जिसके चलते बिजली आपूर्ति कई घंटे तक बाधित रही है। मोहल्ले के लोगों सहित स्थानीय सभासद पति कमलेश मौर्या ने बताया कि उन्होंने इस संदर्भ में बिजली विभाग के अधिकारियों सहित संबंधित विभाग के जिम्मेदार मुलाजिमों को भी जर्जर पुराने पेड़ को कटवाने की मांग कि थी, लेकिन भविष्य में होने वाले हादसों को नकारते हुए इस पर कोई भी ध्यान नहीं दिया गया जिसका प्रतिफल यह रहा है कि आज यह हादसा हो गया।

# अवैध रूप से पेड़ों की कटाई कर लकड़ियों का किया गया भंडारण

■ ड्रमडगंज वनरेंज के भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव में मध्य प्रदेश के लकड़ी करोबारी द्वारा किया गया भंडारण, वन विभाग की मिलीभगत ट्रक से लादकर काटी गई लकड़ियों को भेजा जा रहा मध्य प्रदेश



**मीरजापुर।** एक तरफ सरकार वनों की सुरक्षा और उनकी देखभाल के लिए तमाम प्रयास कर रही है। लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही से जंगल में स्थित हरे भरे पेड़ो की धड़ल्ले से कटाई की जा रही है। शुक्रवार को मध्य प्रदेश की सीमा पर स्थित भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव के गुलरिहा बस्ती में बबूल, जामुन,इमली तथा यूकेलिप्टस पेड़ों की लकड़ियां काटकर रखी गई लकड़ियों को ट्रक पर लादा जा रहा था। ग्रामीणों ने बताया कि वनविभाग की मिलीभगत से मध्यप्रदेश के हनुमना निवासी एक लकड़ी कारोबारी द्वारा भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव के जंगल से महज आधा किलोमीटर दूर विभिन्न प्रजातियों के पेड़ों की काटी गई लकड़ियों का कई महीनों से यहां अवैध रूप से भंडारण किया जा रहा है। वनविभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही से जंगल में स्थित पेड़ों का कटान होने जंगल वीरान होते जा रहे हैं जिससे सरकार के वनावरण बढ़ाने के मंसूबों पर पानी फिर रहा है।इस संबंध में वनरक्षक अनादि नाथ तिवारी ने बताया कि मध्यप्रदेश के एक लकड़ी कारोबारी द्वारा मध्यप्रदेश की काटी गई लकड़ियों का भैसोड़ बलाय पहाड़ में भंडारण किया गया है। वहीं डीएफओ मीरजापुर राकेश कुमार प्रजापति ने बताया कि मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। वनों का कटान करने वाले के विरुद्ध अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कैनाल निर्माण में घटिया सामग्री लगाने का आरोप, जांच की मांग

**मीरजापुर।** जिले के विकास खंड छानबे क्षेत्र के भवरूपुर-अजगना हरगढ़ बाजार के पास कैनाल प्रथम पर चल रहे निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी और घटिया सामग्री इस्तेमाल किए जाने का मामला सामने आया है। निर्माण कार्य का विरोध करते हुए भाजपा नेता ने नहर विभाग के अधिकारियों से तत्काल जांच कर कार्रवाई की मांग की है। भाजपा नेता राम मनोहर का आरोप है कि निर्माण कार्य में निर्धारित मानकों के विपरीत सफेद बालू का प्रयोग किया जा रहा है, जबकि तकनीकी मानकों के अनुसार लाल बालू का उपयोग होना चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता की पूरी तरह अनदेखी की जा रही है, जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है। उन्होंने बताया कि कैनाल में जब पानी छोड़ा जाता है तो तेज दबाव के साथ बहाव होता है। ऐसी स्थिति में घटिया सामग्री से किया जा रहा निर्माण अधिक दिनों तक टिक नहीं पाएगा और कुछ ही समय में बह जाने की आशंका है। इससे निर्माण कार्य का उद्देश्य ही समाप्त हो जाएगा। क्षेत्रीय लोग भी निर्माण की गुणवत्ता को लेकर चिंतित हैं। यदि समय रहते विभागीय अधिकारी ध्यान नहीं देते हैं तो भविष्य में बड़ा नुकसान हो सकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मौके पर पहुंचकर निर्माण सामग्री की जांच कराने तथा मानक के अनुरूप कार्य सुनिश्चित कराने की मांग की है।

# बढ़नी में अज्ञात वाहन की टक्कर से व्यक्ति गंभीर घायल



**बढ़नी, सिद्धार्थनगर।** नगर क्षेत्र के बढ़नी बस स्टाप निवासी संजय कसौधन (45 वर्ष) पुत्र रामदीन शुक्रवार को एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार संजय कसौधन मंदिर से अपने घर जा रहे थे, तभी रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में संजय के सिर में गंभीर चोट आई है तथा हाथ की हंसुली (कॉलर बोन) भी टूट गई। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बढ़नी पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक डॉ. सर्वन चौधरी ने उनका प्राथमिक उपचार किया। चोट की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाद परिजनों में चिंता का माहौल है। वहीं अज्ञात वाहन की पहचान और दुर्घटना की परिस्थितियों को लेकर जानकारी जुटाई जा रही है।

# दो फॉर्च्यूनर गाड़ियों में मिला करोड़ों रुपये से भरा बैग, शुरू हुई जांच

**मीरजापुर।** चील्ह थाना पुलिस को शुक्रवार को एक बड़ी सफलता मिली है पुलिस टीम को चेकिंग के दौरान दो फॉर्च्यूनर गाड़ियों में करोड़ों रुपये से भरा बैग मिला है। जिसकी नगर मजिस्ट्रेट के निगरानी में रुपयों की गिनती हो रही है। रूपयों को गिनने के लिए बाकायदा बैंक से मशीन मंगाई गई। कैश करोड़ों के ऊपर बताया जा रहा है। पुलिस जांच में जुटी है कि किसकी है फॉर्च्यूनर गाड़ी इसकी भी जांच हो रही है। नगर मजिस्ट्रेट के निगरानी में चील्ह थाना पर रुपयों की गणना हो रही है जहां आयकर विभाग सहित अन्य भी मौजूद रहे हैं।

# हैंडपंप है खराब, जल जीवन मिशन भी नाकाम, ग्रामीण पानी के लिए परेशान

**मीरजापुर।** जिले के विकास खण्ड जमालपुर के ग्राम मनऊर पुरब पट्टी आबादी में लगा हैंडपंप काफी दिनों से खराब पड़ा हुआ है तथा जल जीवन मिशन का पाइप लाइन गलियों में बिछें होने के बावजूद भी कनेक्शन नहीं दिये जाने से ग्रामीण पेयजल के लिए दर-दर भटक रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब से जल जीवन मिशन के तहत गांवों में हर घर, जल नल योजना शुरू हुआ है तभी से गांवों में मौजूद पहले के जल स्रोतों पर ग्राम पंचायत सहित शासन के जिम्मेदार लोगों द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पीने के पानी के लिए ग्रामीणों को दर-दर भटकना पड़ रहा है।बार-बार शिकायत के बाद भी जिम्मेदार लोगों द्वारा ध्यान नहीं दिये जाने से आजिज मनऊर पुरब पट्टी के ग्रामीणों द्वारा हैण्ड पंप के मरम्मत एवं जल जीवन मिशन पाइप लाइन से पानी का कनेक्शन दिए जाने की मांग को लेकर खराब हैण्ड पंप के पास खड़े होकर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन करने वालों में अन्न दाता मंच के संयोजक चौधरी रमेश सिंह सहित दुर्गा शर्मा, भानु शर्मा, झारकंडे प्रजापति, बुद्धन प्रसाद, मेटी प्रजापति, राजेन्द्र बियार, विनोद गुप्ता, सुरज कुमार, संतोष शर्मा, रघुनाथ गुप्ता, लालचंद यादव, अनिरुद्ध प्रजापति, डोमन प्रजापति आदि लोग मौजूद रहे। आश्चर्य की बात है कि मिर्जापुर जिले के जमालपुर विकासखंड क्षेत्र के ही मूल निवासी प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह हैं, बावजूद इसके उन्हीं के ही पैतृक ग्रह गांव क्षेत्र में पेयजल की समस्या गंभीर बनी हुई है।


स्वतंत्र भारत

**वर्गीकृत**

**सूचना**

मैने अपनी पुत्री मुस्कान के गलत आचरण के कारण अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। इनके किसी भी कृत्य के वे स्वंम जिम्मेदार होगें। मेरा व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी। संजय तिवारी S/oमदन लाल तिवारी, नि.434/134 करीमगंज की ढ़ाल कृष्णपुरी कालोनी लखनऊ।

**सी.आर.-405/ L-40**

**संबंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र विकास को दुर्व्यवहार के कारण अपनी चलअचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध-विच्छेद कर लिया है। उसके कृत्यों से मेरा कोई वास्ता न होगा। राजेंद्र पुत्र कालीचरन नि. चंद्रपुर पोस्ट बौरी तिलहर, शाहजहांपुर।

**सी.आर.-404/ D-28**

**सूचना**

मैं, लिंजू वेलायुधन, पत्नी आर्मी संख्या-14856583X, रैंक-हवलदार,नाम- श्रीकुमार के., यूनिट - 504 ए.एस.सी बटालियन,पिन -905504 सी/ओ - 56 एपीओ निवासी - ग्राम - कवासेरी पोस्टल ऑफिस - कवासेरी तहसील - अलाथुर,जिला - पलाकड़, राज्य-केरल पिन -678543 मेरे पति के सेवा रिकॉर्ड में मेरा नाम गलती से लिंजू श्रीकुमार दर्ज है, जबकि आधार कार्ड के अनुसार मेरा सही नाम लिंजू वेलायुधन है।

**सी.आर.-402/ D-49**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम HABEEBUN NISA था जो कि अब बदलकर HABEEBUN NISHA हो गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। HABEEBUN NISHA W/O MOHAMMAD KALEEM KHAN ,SHAH JI KA PURA CHAK BABURA ALIMABAD NAINI PRAYAGRAJ U-P.

**सी.आर.-402/ D-33**

**सूचना**

मेरा पहले नाम मो0 अन्सार अली एच0के0 शाह पुत्र मोहम्मद खलील था जबकि आधारकार्ड सहित अन्य अभिलेखों में मेरा नाम मोहम्मद अन्सार अली शाह पुत्र खलील शाह (Mohammad Ansar Ali Shah s/o Khalil Shah) दर्ज है। दोनो नाम का एक ही व्यक्ति है। मोहम्मद अन्सार अली शाह पुत्र खलील शाह ग्रा0 चन्दापुर,पो0 दारीचौरा, उतरौला बलरामपुर।

**सी.आर.-403/ D-46**

**सूचना**

मेरा सही नाम राजकुमार यादव पुत्र दुर्योधन यादव ग्राम शेखपुरा पोस्ट बद्दोपुर थाना कोतवाली, जिला आजमगढ़ । पीनकोड नंबर 2761 25 है, जबकि पासपोर्ट में गलत नाम राजा कुमार यादव हो गया है। मुझे मेरा सही नाम राजकुमार यादव के नाम से जाना व पहचाना जाए ।

**सी.आर.-400/ D-40**


# सत्यधाम आश्रम के वार्षिकोत्सव में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

## निज स्वरूप का ज्ञान ही परमबोध-सत्यसमदर्शी कविराजदेव



**सुलतानपुर।** जिले के कोइरीपुर रेलवे स्टेशन के समीप स्थित सिंहौली गांव के सत्यधाम आश्रम में वार्षिकोत्सव के अवसर पर दो दिवसीय संत समागम एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से आए संत-महात्माओं और हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। आयोजन के दौरान आध्यात्मिक प्रवचन, सत्संग, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भंडारे का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ संतों के चरण प्रच्छालन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। सत्यधाम के गद्दीधीश आचार्य सत्यसमदर्शी देवेन्द्र कविराजदेव जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि निज स्वरूप का ज्ञान ही परमबोध है। उन्होंने संत दर्शन, भक्ति, मुक्ति तथा जन-जीव कल्याण के महत्व पर प्रकाश डाला। समागम में गुरु मां उत्तम साहिब, संत निर्मल जी, संत शत्रुघ्न जी, संत कर्मेंद्र जी, संत लक्ष्मण दास, संत निर्मोही जी एवं स्वामी पारसनाथदास जी सहित कई संतों ने सत्संग के माध्यम से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक संदेश दिए। आश्रम में समय-समय पर गौसेवा, समाजसेवा, प्रतिभा सम्मान, सेवा शिविर, सत्संग तथा नैतिक, शैक्षिक और जनजागरण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। भजन संध्या में लोकगायकों ने बांधा समां सांस्कृतिक संध्या के दौरान आयोजित भजन कार्यक्रम में वॉयस ऑफ अवध कीर्ति चौरसिया ने अवधी भजनों की प्रस्तुति देकर खूब सराहना बटोरी। वहीं धर्मेंद्र गोल्डन, शिवकुमार सूफी, अनमोल चौधरी, दिव्या तिवारी, अंजू यादव, दृष्टि सिंह एवं प्रदीप वर्मा समेत अन्य कलाकारों ने भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुधा देव ने की। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन निष्ठा तिवारी ने किया।


अदालती सूचना ता.पेशी 15.07.2026 इश्तहार मुजरिया न्यायालय सिविल जज जू.डि. तिलहर-शाहजहांपुर मूल वाद संख्या 223 वर्ष 2025 सुनीता देवी पत्नी रंजीत सिंह नि.ग्रा. फरीदापुर पर. व तह. तिलहर-शाहजहांपुर..वादिनी बनाम जनसाधारण..प्रतिवादीगण। अंतर्गत धारा भा. उ. द. अधि.सन् 1925ई.दरख्वास्त मुसम्मी सुनीता देवी वादिनी उक्त ने वास्ते हुसुल सर्टीफिकेट वसूल कर्जा किफलत हाय मुसम्मी स्व. रंजीत सिंह नि.ग्रा. फरीदापुर पर. व तह. तिलहर जिला शाहजहांपुर मुतवफी भारतीय हिन्दू उत्तराधिकार अधि.सन् 1925ई. हरगाह मुसम्मी सुनीता देवी वादिनी उक्त ने वास्ते हुसुल सर्टीफिकेट वतारीख 15.07.2026 वास्ते समाअत दरख्वास्त हाजा के मुकर्रर हुई है लिहाजा इश्तहार जारी किया जाता है कि जिस किसी को दरख्वास्त हाजा की निस्वत उजर हो तो स्वंय या वकील वतारीख 15.07.2026 पेश होकर उजर पेश करे दरसूरत इन्काजे तारीख मुकर्रर कोई उजर सुना नहीं जायेगा और मुनासिव हुक्म सादिर होगा। आज वतारीख 07.05.2026 को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार मुन्सरिम सिविल जज (जू.डि.)/न्या. मजिस्ट्रेट तिलहर-शाहजहांपुर।

**सी.आर.- 404/D-CN**


# गोमती मित्र मंडल समिति होगी लखनऊ में सम्मानित

**सुल्तानपुर।** माय होम इंडिया परिवार द्वारा 30 मई दिन शनिवार को लखनऊ के छत्रपति शाहूजी महाराज भागीदारी भवन में आयोजित होने वाले स्वातंर्त्यवीर सावरकर जयंती महोत्सव में पर्यावरण एवं गोमती स्वच्छता के लिए किए गए व किये जा रहे उल्लेखनीय कार्यों के लिए विशिष्ठ अतिथि पूर्व बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार प्रो.डॉक्टर सतीश द्विवेदी, मुख्य वक्ता पूर्व राष्टीय सचिव भाजपा एवं संस्थापक माय होम इंडिया सुनील देवधर व कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कृपा शंकर सिंह पूर्व गृह राज्य मंत्री महाराष्ट्र की उपस्थिति में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ असीम अरुण करेंगे गोमती मित्र मंडल समिति कुशभवनपुर को सम्मानित, उपरोक्त कार्यक्रम में विशेष भूमिका का निर्वहन करने वाले आलोक रंजन द्वारा आयोजक मंडल को गोमती मित्र मंडल द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तार से चर्चा करने के बाद आयोजक मंडल द्वारा यह निर्णय लिया गया है। सम्मान प्राप्त करने गोमती मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन गोमती मित्रों के साथ शनिवार 30 मई को लखनऊ पहुंचेंगे।

## कांपा गांव में नदी के किनारे अज्ञात शव मिलने से क्षेत्र सनसनी

**बल्दीराय/सुलतानपुर।** हलियापुर थाना क्षेत्र के कापा गांव में गोमती नदी किनारे अमेठी जनपद की सीमा के पास एक अज्ञात शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना डायल 112 के माध्यम से पुलिस को मिली, जिसके बाद पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी कर शव को कब्जे में ले लिया। शव की शिनाख्त कराने के लिए आसपास के जनपदों में डीसीआर के माध्यम से सूचना भेजी गई है। वहीं सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से भी पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।क्षेत्राधिकारी बल्दीराय आशुतोष कुमार ने बताया कि मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल मौके पर कानून व्यवस्था सामान्य बनी हुई है।

# संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत

**बल्दीराय।** बल्दीराय थाना क्षेत्र के ग्राम सझौंवा मजरे बहुरांवा में दोपहर एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही बल्दीराय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार मृतका लक्ष्मी (27 वर्ष) पत्नी रविकुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस जब घटनास्थल पर पहुंची तब तक परिजन महिला को इलाज के लिए अस्पताल ले जा चुके थे। बल्दीराय पुलिस घटना स्थल का निरीक्षण के बाद अस्पताल पहुंच कर मृतका के शव का पंचनामा करवाने के बाद शव को पीएम के लिए मर्चरी हाऊस भेज दिया। **मृतका के भाई ने हत्या किए जाने की जताई आशंका-** कूरेभार थाना क्षेत्र के पूरे सागर मजरे पुरखीपुर निवासी मृतका के भाई कप्तान ने आरोप लगाया कि उसकी बहन की शादी करीब 15 वर्ष पूर्व रविकुमार के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग उसे प्रताड़ित करते थे। भाई का आरोप है कि बृहस्पतिवार को भी लक्ष्मी के साथ मारपीट की गई, जिसके चलते उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। मृतका अपने पीछे दो मासूम बच्चों, पुत्र श्लोक कुमार (8 वर्ष) एवं पुत्री सृष्टि (4 वर्ष) को छोड़ गई है।


**सूचना**

सर्वसाधारण और संबंधित अधिकारियों को सूचित किया जाता है कि मेरी बेटी दिव्या नेभानी (रोल नंबर 23174657) की CBSE क्लास 10 की मार्कशीट (2025) में उसके माता-पिता के नाम में गलतियाँ हैं, जो स्कूल रिकॉर्ड भरते और वेरिफ़ाई करते समय हमारी गलती की वजह से हुई और इसके लिए न तो CBSE बोर्ड और न ही स्कूल ज़िम्मेदार है।

मेरा सही नाम अनिल कुमार सिंधी है (आधार नंबर 857627076313 के अनुसार), लेकिन मार्कशीट में यह गलती से अनिल नेभानी प्रिंट हो गया है।

इसके अलावा, मेरी पत्नी, जो दिव्या की माँ हैं, का नाम पूनम है (आधार नंबर 324285766960 के अनुसार), लेकिन मार्कशीट में यह गलती से कोमल नेभानी प्रिंट हो गया है। मेरी पत्नी के नाम में यह फ़र्क सिंधी समुदाय में एक रिवाज़ की वजह से है, जहाँ शादी के बाद एक महिला अपना नया नाम अपना लेती है। यह सुधार CBSE रिकॉर्ड में ऑफ़िशियल सुधार के लिए निवेदित है। मकान नंबर 456, पटेल नगर, पोस्ट ऑफिस- गोंडा, जिला- गोंडा

**सी.आर.- 401/L**

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। **कार्य का नामः** (1) थावेः एक स्टैबलिंग लाइन (सीएसएल 700 मी0) तथा एक रनिंग लाइन (सीएसएल 750 मी0) का प्रावधान (फेज-II) **ई-निविदा सूचना सं0:** एनईआर-बीएसबी-2026-70 **अनुमानित लागत (₹)** : 5,39,03,736/- **अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (₹)** : 10,78,100/- **निविदा बंद होने की तिथिः** 25.06.2026 **स्वीकृत जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 12 माह। **कार्य का नामः** (2) दुल्लहपुरः ट्रैक मशीन स्टाफ के लिए टाइप-II (6 यूनिट), टाइप-III (1 यूनिट) एवं टाइप-IV (1 यूनिट) आवास का प्रावधान। **ई-निविदा सूचना सं0:** एनईआर-बीएसबी-2026-71 **अनुमानित लागत (₹)** : 1,93,66,627/- **अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (₹)** : 3,87,300/- **निविदा बंद होने की तिथिः** 25.06.2026 **स्वीकृत जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 8 माह। • निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2026-70 से एनईआर-बीएसबी-2026-71 दिनांक 25.06.2026 को 11:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0) वाराणसी

मुजाधि/डब्लू-129

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं0 11-DYCEGA-2026**

उप मुख्य इंजीनियर (गोरखपुर क्षेत्र), पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैं:- **क्र0 सं0: 1 कार्य का विवरणः** गोरखपुर में महाप्रबंधक कार्यालय परिसर में 24 माह हेतु इण्डोर एवं उद्यान कार्य हेतु विकसित सजावटी पौधो की आपूर्ति एवं अनुरक्षण का कार्य। **अनुमानित लागत (रु. में) कुल योग** : 1,70,89,141.25/- **बयाने की राशि (रु0 में)** : 3,41,800.00 **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0):** 0.00 **स्वीकृति पत्र जारी होने के तिथि से कार्य की समापन तिथि/समय** : 24 (माह) कुल योगः 1,70,89,141.25 1. ई-निविदा के खुलने की तिथि दिनांक 22.06.2026 को 11:00 बजे। 2. ई-निविदा की बिडिंग तिथि 08.06.2026 से 22.06.2026 समय 10.59 बजे तक। 3. उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। 4. यदि निविदा सूचना के हिन्दी एवं अंग्रेजी संस्करण में अन्तर होता है तो निविदा सूचना के अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

उप मुख्य इंजी./ गो0 क्षे.

मुजाधि/डब्लू-133

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यों के लिए "खुली" निविदा वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सा., पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है :

**निविदा सं. :** वमंविइ-लजं.-12-2026, **कार्य का विवरण :** पीजे, एमएसडब्ल्यू, जेएलडी और पीपीडब्ल्यू में महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग शौचालयों के साथ साझा प्रतीक्षा कक्ष की व्यवस्था, एलजेएन डिवीजन में दिव्यांगगंज के साथ यात्री शौचालय की व्यवस्था, एलजेएन डिवीजन के ऊपर यातायात सहायक पॉइंट्समैन के लिए 46 शेड की व्यवस्था, दूरसंचार उपकरणों की सुरक्षा के लिए आइसोलेशन ट्रांसफार्मर, बैटरी चार्जर, एसपीडी बॉक्स और अर्थिंग की व्यवस्था, और एलजेएन डिवीजन के ऊपर 8 एलसी गेटों के इंटरलॉकिंग की व्यवस्था, **अनुमानित लागत :** रु.84,18,680.61, **बयाना राशिः** रु. 1,68,400.00, **निविदा मूल्य :** रु. 00.00, **कार्य सम्पादन की अवधि :** 06 माह। **निविदा सं. :** वमंविइ-लजं.-13-2026, **कार्य का विवरण :** एसटीपी-एसपीसी, बीवीएन-बीयूडब्ल्यू के बीच शेष विविध कार्यों को पूरा करने के लिए विद्युत कार्य, एसएसई/एसटीपी खंड में दोहरीकरण परियोजना, एलजेएन-डिवीजन के ऊपर बीवीएन, एलजेएन-डिवीजन के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर प्लेटफार्मों पर 30 और 70 प्रतिशत प्रकाश व्यवस्था का पृथक्करण, बीयूडब्ल्यू स्टेशन पर विद्युत डिपो कार्यालय का प्रावधान, सिदौली और आटरिया में यात्रियों की आवश्यकता के अनुसार यात्री सुविधाओं में सुधार और एमबीपी पर स्टेबलिंग लाइनों का प्रावधान, स्टेशन भवन का अग्रभाग कार्य और एलएमपी स्टेशन पर परिसंचार क्षेत्र में अन्य संबंधित विविध कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 1,74,61,309.86, **बयाना राशि :** रु. 3,49,200.00, **निविदा मूल्य :** रु. 00.00, **कार्य सम्पादन की अवधि :** 06 माह। **निविदा सं. :** वमंविइ-लजं.-14-2026, **कार्य का विवरण :** जेकेएनआई हॉल्ट स्टेशन पर यात्री सुविधाओं में सुधार से संबंधित विद्युत कार्य, पीएफ नंबर 2 और पीपी शेल्टर की ऊंचाई बढ़ाना जैसे प्रमुख सुधार कार्य, बीएलपी पर 50000 गैलन का आरसीसी ओएचटी और 1 गहरे ट्यूबवेल का प्रावधान, वैगन आरओएच डिपो के बुनियादी ढांचे का उन्नयन, जीडी क्षेत्र में सर्विस बिल्डिंग की रीवायरिंग, गोंडा जंक्शन पर आरओएच शेड का विस्तार, जीडी में 40 बिस्तरों वाला नया रनिंग रूम का निर्माण (कुल 40 बिस्तर), **अनुमानित लागत :** रु. 2,30,14,408.93, **बयाना राशि :** रु. 4,60,300.00, **निविदा मूल्य :** रु. 00.00, **कार्य सम्पादन की अवधि :** 06 माह। **उक्त निविदा बंद होने की अंतिम तिथि व समय :** 22.06.2026 को 15.00 बजे।

**नोट :-** इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** को देखें। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित शुद्धि पत्र (यदि कोई हो) को वेबसाइट पर संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सामान्य, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ

मुजाधि/विद्युत-53

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| नीलामी सूची सं. | AUCTIONCatrgMPS |
| कार्य का विवरण | Allotment of Catering & MPS Stalls at various stations of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.05.2026 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लाट) | 08.06.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि व समय | 08.06.2026 at 11:50 hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलिदातयों द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

Details of catering stalls to be auctioned are as under:-

| SN | Station | Lot No | Stall ID | Close Date/Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | GAURIGANJ | Catg-LKO-GNG-GMU-71-24-1 | GNG/PF-1/18/ADDL | 08.06.2026 at 11:30 hrs. | GMU | WOMEN |
| 2 | AYODHYA DHAM | Catg-LKO-AY-SMU-195-26-1 | AY/PF-2/3/168 | 08.06.2026 at 11:40 hrs. | SMU | |
| 3 | AYODHYA DHAM | MPS-LKO-AY-MPS-17-25-1 | AY/1/20/MPS | 08.06.2026 at 11:50 hrs. | | |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1819/2026



पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**

स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***

फोन : 0522-4043151

swatantrabharat77@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।

**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

# 'ईरान-अमेरिका समझौते के करीब लेकिन अभी डील नहीं'

## उपराष्ट्रपति जेडी वेंस बोले महत्वपूर्ण मुद्दों पर सहमति बाकी

**मैरीलैंड (अमेरिका)।** अमेरिका और ईरान के बीच जारी युद्ध को समाप्त करने और दीर्घकालिक शांति स्थापित करने की दिशा में बातचीत अंतिम चरण में पहुंचती दिख रही है। हालांकि, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने स्पष्ट किया है कि दोनों देशों के बीच अभी भी कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर सहमति बनना बाकी है और यह कहना जल्दबाजी होगी कि अंतिम समझौता कब और क्या हो पाएगा। जेडी वेंस ने गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि दोनों पक्ष कुछ बिंदुओं और विशेष रूप से यूरेनियम संवर्धन के मुद्दे पर चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम अभी वहां नहीं पहुंचे हैं, लेकिन काफी करीब हैं और बातचीत जारी रहेगी। वेंस ने दावा किया कि अगर समझौता हो जाता है तो इससे होर्मुज जलडमरूमध्य को



फिर से पूरी तरह खोला जा सकेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका पहले ही ईरान की पारंपरिक सैन्य क्षमताओं को काफी कमजोर कर चुका है और उसके परमाणु कार्यक्रम को लंबे समय तक पीछे धकेलने की स्थिति में है। उनके अनुसार यह अमेरिकी जनता के हित में होगा।

रिपोर्टों के अनुसार, प्रस्तावित समझौते में मौजूदा युद्धविराम को 60 दिनों के लिए बढ़ाने और ईरान के परमाणु कार्यक्रम के भविष्य पर औपचारिक वार्ता शुरू करने की योजना शामिल है। अमेरिकी अधिकारियों ने दावा किया है कि दोनों देशों के बीच एक रूपरेखा तैयार हो चुकी है, लेकिन उसे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ईरानी नेतृत्व की मंजूरी मिलना अभी बाकी है।

हालांकि, ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी तसनीम ने इन दावों का खंडन करते हुए कहा है कि किसी समझौते को अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है और न ही इसकी पुष्टि हुई है। अमेरिका लंबे समय से ईरान से उच्च स्तर के संवर्धित यूरेनियम का उत्पादन बंद करने और मौजूदा भंडार को खत्म करने की मांग करता रहा है। वाशिंगटन का मानना है कि इस सामग्री का उपयोग परमाणु हथियार बनाने में किया जा सकता है। वेंस ने कहा कि अमेरिका को लगता है कि ईरान इस बार अच्छी नीयत के साथ बातचीत कर रहा है। हालांकि, अप्रैल में युद्धविराम लागू होने के बाद से राष्ट्रपति ट्रंप कई बार यह कह चुके हैं कि समझौता करीब है, लेकिन अब तक कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आया है।

### होर्मुज स्ट्रेट और प्रतिबंधों में राहत

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, संभावित समझौते में होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने का प्रावधान हो सकता है। इसके तहत ईरान को 30 दिनों के भीतर समुद्री मार्ग में बिछाई गई बारूदी सुरंगों को हटाना होगा। इसके बदले अमेरिका अपनी समुद्री नाकेबंदी हटाने और ईरान को तेल निर्यात फिर से शुरू करने के लिए कुछ प्रतिबंधों में छूट देने पर विचार कर सकता है।

# ईरानी विमानों की लैंडिंग और रीफ्यूलिंग पर सख्त पाबंदी

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान को आर्थिक रूप से पूरी तरह अलग-थलग करने के लिए अब तक का सबसे बड़ा दांव खेल दिया है।

- मदद करने वाले देशों पर भी गिरेगी गाज

अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने साफ कर दिया है कि सरकारी ईरानी एयरलाइंस को दुनिया भर में कानून तोड़ने वाला घोषित कर दिया गया है। नए प्रतिबंधों के तहत अब ईरानी विमानों को न तो विदेशी जमीं पर उतरने की अनुमति मिलेगी, न ही उन्हें ईंधन दिया जाएगा। इसके साथ ही टिकटों की बिक्री पर भी पूरी तरह रोक लगा दी गई है। अमेरिका का मकसद इस आर्थिक घेराबंदी के जरिए ईरान को घुटनों पर लाना है।

**पवित्र यात्रा और मानवीय मदद को मिली छूट**

इस कड़े फैसले के बीच अमेरिका ने आम नागरिकों के लिए कुछ नरमी भी दिखाई है। वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के कहा कि यह पाबंदी धार्मिक और मानवीय आधार पर लागू नहीं होगी। मक्का और मदीना की पवित्र यात्रा यानी हज पर जाने वाले ईरानी जायरीनों को उड़ान भरने की अनुमति रहेगी। इसके अलावा जरूरी दवाओं और मानवीय सहायता से जुड़ी उड़ानों को भी इस प्रतिबंध के दायरे से बाहर रखा गया है। हालांकि, व्यावसायिक और सरकारी उड़ानों पर यह नियम बेहद सख्ती से लागू होगा।

**मददगार देशों को भुगतना होगा अंजाम**

अमेरिका ने ईरान की मदद करने वाले तीसरे देशों को भी खुली चेतावनी दी है। वित्त मंत्री ने स्पष्ट कहा है कि जो भी देश या एजेंसी इन ईरानी विमानों को लैंडिंग की जगह देगा, ईंधन की आपूर्ति करेगा या टिकट बेचेगा, अमेरिका उस पर भी कड़े प्रतिबंध लगा देगा।

### 'ईरान के साथ 'खराब समझौता' नहीं करेंगे ट्रंप'

अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के साथ किसी भी खराब समझौते को स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी समझौते में ईरान के परमाणु कार्यक्रम का समाधान होना चाहिए और होर्मुज जलडमरूमध्य में खुली शिपिंग की गारंटी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के आसपास तनाव की वजह से लगभग 2,000 जहाज इस समय खाड़ी से बाहर निकलने का इंतजार कर रहे हैं।

## रूबियो का दौरा 'पेनकिलर' जैसा, लेकिन रिश्ते सुधारने के लिए असली दवा की जरूरत

**नई दिल्ली।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने हाल ही में नई दिल्ली का दौरा किया, इसका मुख्य मकसद इस दक्षिण एशियाई दिग्गज देश को यह भरोसा दिलाना था कि वह अभी भी अमेरिका पर निर्भर रह सकता है। हालांकि, विश्लेषकों का मानना है कि यह दौरा ट्रंप प्रशासन की व्यापार, आव्रजन (इमिग्रेशन) और ईरान युद्ध से जुड़ी नीतियों के कारण लगे गहरे घावों पर महज एक मरहम या पेनकिलर की तरह है। इस बहुचर्चित दौरे से भारत को कूटनीतिक स्तर पर ज्यादा कुछ हासिल नहीं हुआ है। सेंटर फॉर सोशल एंड इकोनॉमिक प्रोग्रेस के विशेषज्ञ डॉ. कॉन्स्टेंटिनो जेवियर के अनुसार, यह दौरा एक अच्छे पेनकिलर की तरह था, लेकिन संबंधों को पुनर्जीवित करने के लिए कुछ असली दवा की जरूरत है। यह असली दवा दोनों देशों के नेताओं के बीच एक मौलिक राजनीतिक रीसेट, ट्रंप के भारत दौरे या व्यापार और रक्षा सौदों में किसी बड़ी सफलता के रूप में हो सकती है।

## मरियम नवाज की लाहौर में सर्जरी

### अस्पताल से ही सरकारी कामकाज देखने का दावा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज की लाहौर के एक अस्पताल में बड़ी सर्जरी हुई है। प्रांतीय वरिष्ठ मंत्री मरियम औरंगजेब ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मरियम नवाज का ऑपरेशन लाहौर के शरीफ मेडिकल सिटी अस्पताल में हुआ। सर्जरी पूरी होने के बाद उन्हें उनके निवास स्थान 'जति उमरा' में शिफ्ट कर दिया गया है। मंत्री ने यह भी बताया कि अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान भी मुख्यमंत्री ने राज्य के महत्वपूर्ण प्रशासनिक कार्यों की निगरानी की। उन्होंने ईद-उल-अजहा के पहले दिन सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई और अन्य सरकारी मामलों पर नजर रखी। हालांकि, मंत्री ने आधिकारिक तौर पर यह खुलासा नहीं किया कि यह सर्जरी किस वजह से की गई थी। सत्तारूढ़ पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के एक सूत्र ने संकेत दिया है कि मुख्यमंत्री को थायराइड से संबंधित कुछ समस्याएं थीं। संभव है कि यह ऑपरेशन उसी समस्या के समाधान के लिए किया गया हो।

**सोशल मीडिया पर छिड़ी बहस**

इस खबर के सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई है। कुछ यूजर्स इस बात को लेकर हैरान हैं कि सर्जरी के तुरंत बाद कोई व्यक्ति सरकारी कामकाज कैसे देख सकता है। अदील नाम के एक सोशल मीडिया एक्टिविस्ट ने 'एक्स' पर लिखा कि किसी भी बड़े ऑपरेशन के बाद मरीज को पूरी तरह होश में आने में कम से कम 24 से 48 घंटे का समय लगता है। एनेस्थीसिया और तेज दर्द निवारक दवाओं के असर के कारण मरीज को पूरे दिन नींद आती रहती है। उन्होंने सवाल उठाया कि ऐसी स्थिति में अचानक पूरे प्रांत की जिम्मेदारी संभालना मुमकिन नहीं लगता। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि शायद इन लोगों को 'बड़ी सर्जरी' का सही अर्थ ही नहीं पता है।

# इस्राइली हमलों में 10 लोगों की मौत

## नेतन्याहू ने गाजा पर 70 फीसदी नियंत्रण का किया एलान

**गाजा सिटी।** इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दावा किया है कि इस्राइली सेना ने गाजा पट्टी के 60 फीसदी हिस्से पर अपना नियंत्रण कर लिया है। उन्होंने साफ कहा कि इस्राइल का अगला कदम गाजा के 70 प्रतिशत हिस्से पर कब्जा करना है और सेना हर तरफ से हमास पर शिकंजा कस रही है। नेतन्याहू ने कहा, 'हम हमास पर अपनी पकड़ मजबूत कर रहे हैं। पहले हम 50 फीसदी पर थे, अब 60 फीसदी पर पहुंच गए हैं। हम बचे हुए लड़ाकों को भी खत्म करेंगे और अपनी ताकत को लगातार बढ़ाएंगे।' उन्होंने इसे एक बड़ा वैश्विक बदलाव बताया।

**बकरीद पर बरसे बम**

नेतन्याहू के इस दावे के बीच, बुधवार रात गाजा सिटी में हुए इस्राइली हमलों



में 10 लोगों की मौत हो गई। यह हमला ईद अल-अजहा बकरीद के पहले ही दिन हुआ। मरने वालों में पांच बच्चे, एक बुजुर्ग और हमास का एक लड़ाका शामिल है। शिफा अस्पताल के मुताबिक, इन हमलों में 20 से ज्यादा लोग घायल भी हुए हैं। मलबे से आई तस्वीरों में एक इमारत से आग की लपटें निकलती दिख रही हैं और लोग घायल बच्चों को एम्बुलेंस की तरफ ले जा रहे हैं। अस्पताल के शवगृह में अपनी पत्नी के शव को पकड़कर रो रहे घायल मोहम्मद शाविश ने कहा, मैंने अपनी पत्नी से बहुत प्यार किया था। मैंने उसे केवल प्यार की वजह से चुना था।

**हमास कमांडर इमाद इस्लेम ढेर**

इस्राइली सेना ने दावा किया कि उत्तरी गाजा में हमास के दो लड़ाकों को निशाना बनाया गया था, जिसमें इमाद इस्लेम नाम का लड़ाका मारा गया। गुरुवार को जनाजे में उसका शव हमास के झंडे में लिपटा था। उसके चचेरे भाई निदाल ने कहा कि यह हमारे लिए बड़ा सदमा है, हालांकि हम जानते थे कि ऐसा कभी भी हो सकता है। इससे पहले एक अन्य इस्राइली हमले में हमास की सैन्य शाखा कासिम ब्रिगेड के नए कमांडर मोहम्मद ओदेह भी मारा गया था। ओदेह की नियुक्ति उनके पुराने कमांडर की मौत के दो हफ्ते के भीतर ही हुई थी।

## होर्मुज में बढ़ा तनाव : ईरान ने चार जहाजों पर दागीं मिसाइलें

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में स्थिति एक बार फिर बेहद संवेदनशील हो गई है। होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरानी सुरक्षा

- बुशहर में अमेरिकी विमान गिराने का भी किया दावा

बलों ने समन्वय की कमी का हवाला देते हुए चार अज्ञात जहाजों पर चेतावनी मिसाइलें दागी हैं। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब हालिया सैन्य हमलों के कारण अमेरिका और ईरान के बीच तनाव चरम पर है। ईरानी राज्य प्रसारक आईआरआईबी की रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना स्थानीय समयानुसार रात करीब 12:35 बजे हुई। चार अज्ञात जहाजों ने ईरानी सुरक्षा बलों को सूचित किए बिना फारस की खाड़ी में प्रवेश करने का प्रयास किया। जब इन जहाजों ने चेतावनी को नजरअंदाज कर दिया, तो ईरानी बलों ने उन पर चेतावनी शॉट दागे, जिसके बाद जहाजों को वापस लौटने पर मजबूर होना पड़ा। ईरान समर्थक मीडिया का दावा है कि इन जहाजों ने तय समुद्री प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया था। फिलहाल इन जहाजों की पहचान और उनकी मंजिल का खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन कुछ रिपोर्ट्स में इनके संबंध अमेरिका से होने का दावा किया गया है। इस घटना के तुरंत बाद, शुक्रवार तड़के ईरानी सरकारी टेलीविजन ने दावा किया कि ईरान की वायु रक्षा प्रणाली ने तटीय बुशहर प्रांत के जाम क्षेत्र में एक अमेरिकी विमान को मार गिराया है। तस्नीम समाचार एजेंसी ने जाम काउंटी के गवर्नर मसूद तंगेस्तानी के हवाले से इस बात की पुष्टि की। हालांकि, समाचार एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, अमेरिका ने ईरानी दावे को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। पिछले चार दिनों में दोनों देशों के बीच सैन्य टकराव काफी तेज हुआ है।

## इस्राइल और रूस पर यौन हिंसा के आरोप

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की ओर से जारी होने वाली वार्षिक रिपोर्ट में इस बार इस्राइल और रूस की सेनाओं को पहली बार संघर्ष क्षेत्रों

- संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में पहली बार ब्लैकलिस्ट में नाम

में यौन हिंसा के आरोपों के चलते ब्लैकलिस्ट में शामिल किया गया है। यह रिपोर्ट शुक्रवार को औपचारिक रूप से जारी होने से पहले गुरुवार देर रात सामने आई। करीब 35 पन्नों की इस रिपोर्ट में दुनिया के 12 देशों के 77 सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों का उल्लेख किया गया है, जिन पर युद्ध और संघर्ष के दौरान यौन हिंसा में शामिल होने या जिम्मेदार होने का आरोप है। रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2025 में ऐसे मामलों में पिछले साल की तुलना में तेज वृद्धि दर्ज की गई।

**गाजा और वेस्ट बैंक में गंभीर आरोप**

रिपोर्ट में कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र ने इस्राइल और कब्जे वाले फलस्तीनी क्षेत्रों में हिरासत में रखे गए लोगों के खिलाफ यौन हिंसा के पैटर्न दर्ज किए हैं। संयुक्त राष्ट्र ने गाजा और वेस्ट बैंक से जुड़े कई मामलों की पुष्टि भी की है। रिपोर्ट के मुताबिक, 14 पुरुषों, 7 महिलाओं, 9 लड़कों और 1 लड़की के साथ यौन हिंसा की घटनाएं दर्ज हुईं। इनमें बलात्कार, सामूहिक बलात्कार, जननांगों पर हमला, जबरन नग्न करना, बिना सुरक्षा कारणों के तलाशी और दुष्कर्म की धमकियां जैसे आरोप शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र ने दावा किया कि कुछ मामलों में इस्राइल डिफेंस फोर्स, जेल सेवा, विशेष बलों और पुलिस इकाइयों के सदस्यों पर सीधे आरोप लगे हैं।

**रूस भी पहली बार ब्लैकलिस्ट में शामिल**

रूस की सेना और सुरक्षा बलों को भी पहली बार इस सूची में शामिल किया गया है। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि यूक्रेन युद्ध के दौरान युद्धबंदियों और नागरिक बंदियों के साथ यौन हिंसा की गई। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, रूस और उसके कब्जे वाले यूक्रेनी क्षेत्रों में 310 मामलों की पुष्टि हुई है। इनमें ज्यादातर पीड़ित पुरुष बताए गए हैं। हालांकि रूस ने भी इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि यह राजनीतिक एजेंडा का हिस्सा है।

**हमास पर भी बरकरार रहे आरोप**

रिपोर्ट में हमास का नाम भी शामिल है। 7 अक्तूबर 2023 को इस्राइल पर हुए हमले के बाद हमास पहले से ही संयुक्त राष्ट्र की ब्लैकलिस्ट में मौजूद है। हालांकि संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि इस्राइल द्वारा जांच के लिए पर्याप्त पहुंच नहीं दिए जाने के कारण कई मामलों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी।

## स्पेलिंग बी के चैंपियन बने भारतीय मूल के छात्र श्रेय पारिख

**कैलिफोर्निया।** कैलिफोर्निया के 14 वर्षीय भारतीय मूल के छात्र श्रेय पारिख ने प्रतिष्ठित स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी 2026 का खिताब अपने

- 90 सेकंड में बताए 32 शब्द
- जीता पचास हजार डॉलर का इनाम

नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में उन्होंने न्यू जर्सी के ईशान गुप्ता को हराकर यह उपलब्धि हासिल की। प्रतियोगिता के निर्णायक स्पेल-ऑफ राउंड में श्रेय और ईशान को 90 सेकंड के भीतर अधिक से अधिक शब्दों की सही स्पेलिंग बताने का मौका मिला।

श्रेय ने 90 सेकंड में 32 शब्दों की सही स्पेलिंग बताई, जबकि ईशान 25 शब्द ही सही लिख सके। इसी प्रदर्शन के दम पर श्रेय को विजेता घोषित किया गया। श्रेय पारिख इससे पहले साल 2022 स्क्रिप्स स्पेलिंग बी में पारिख 89वें स्थान पर आए थे। साल 2024 में तीसरे स्थान पर रहे थे। 2024 में भी प्रतियोगिता के फाइनल तक पहुंचे थे। इस जीत के साथ उन्हें 50,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि यानी लगभग 41.5 लाख रुपये अपने नाम कर ली। साथ ही एक स्मारक पदक, प्रतिष्ठित स्क्रिप्स कप, मेरियम-वेबस्टर की ओर से 2,500 डॉलर, डेल्टा एयरलाइंस की ओर से 1,000 डॉलर के फ्लाइट क्रेडिट और एनसाइक्लोपीडिया ब्रिटानिका की ओर से 400 डॉलर मूल्य की संदर्भ पुस्तकें प्रदान की जाएंगी। तीन दिवसीय यह प्रतियोगिता सोमवार को वॉशिंगटन स्थित डीए आर कॉन्स्टिट्यूशन हॉल में शुरू हुई थी।

## तनाव से डगमगाया वैश्विक व्यापार : डोभाल

**मॉस्को।** पश्चिम एशिया में जारी भारी तनाव के बीच भारत ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को लेकर गहरी चिंता जताई है। मॉस्को में आयोजित सुरक्षा

- एनएसए बोले भारत शांति बहाल करने के लिए तैयार

मामलों के उच्च पदस्थ अधिकारियों की बैठक में भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने वैश्विक व्यापार को बिना किसी बाधा के जारी रखने की जोरदार वकालत की। उन्होंने खासकर होर्मुज जलडमरूमध्य और लाल सागर जैसे अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों की सुरक्षा पर विशेष जोर दिया।

अजीत डोभाल ने अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मंच को संबोधित करते हुए कहा कि पश्चिम एशिया के संघर्ष का जिक्र करना इस समय बेहद जरूरी है। क्षेत्र



में जारी तनाव गंभीर चिंता का विषय बन चुका है। समुद्री यातायात पर मंडराता खतरा और ऊर्जा बुनियादी ढांचे में आ रही रुकावटें यह दर्शाती हैं कि मौजूदा स्थिति कितनी नाजुक है। उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य और लाल सागर के जरिए होने वाला अंतरराष्ट्रीय व्यापार वैश्विक अर्थव्यवस्था की जीवन रेखा है। भारत इस तनाव को कम करने और क्षेत्र में शांति बहाली के हर प्रयास में रचनात्मक योगदान देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

### होर्मुज जलडमरूमध्य बना नया फ्लैशपॉइंट

यह संकट तब और गहरा गया जब अमेरिका और इस्राइल ने ईरान पर हमला कर दिया। इसके जवाब में सैन्य कार्रवाई के साथ-साथ तेहरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकेबंदी कर दी, जिससे दुनिया भर में तेल और गैस की आपूर्ति बाधित हो गई। ईरान इस कदम के जरिए अमेरिका पर संघर्षविराम का दबाव बना रहा है।

# अगले पांच साल में रिकॉर्ड 1.5 डिग्री तक बढ़ेगा तापमान

**वॉशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र की नई जलवायु रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि अगले पांच वर्षों के दौरान पृथ्वी का तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो सकता है। रिपोर्ट के

### दुनिया को करना पड़ेगा खतरनाक मौसम का सामना

अनुसार, इस दौरान पृथ्वी के सबसे गर्म वर्ष का रिकॉर्ड भी कई बार टूट सकता है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) ने यह भी अनुमान जताया है कि 2030 तक आर्कटिक क्षेत्र का तापमान करीब 1.66 डिग्री सेल्सियस बढ़ सकता है।

रिपोर्ट के मुताबिक, अमेजन क्षेत्र में गंभीर सूखे और वनाग्नि का खतरा भी बढ़ सकता है। वैज्ञानिकों ने कहा कि कोयला, तेल और गैस के इस्तेमाल से बढ़ रही वैश्विक गर्मी के कारण बाढ़, सूखा-भीषण गर्मी जैसी मौसमी घटनाएं अधिक होंगी। संयुक्त राष्ट्र की जलवायु एजेंसी और ब्रिटेन के मौसम विभाग की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2026 से 2030 के बीच औसत वैश्विक तापमान के औद्योगिक क्रांति से पहले




के स्तर की तुलना में 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहने की 75 प्रतिशत आशंका है। रिपोर्ट के मुताबिक, तापमान में मामूली वृद्धि भी मौत, खतरे और जीव-जंतुओं की प्रजातियों को क्षति पहुंचाएगी। प्रवाल भित्तियों और ग्लेशियर जैसे कई प्राकृतिक तंत्र इस अतिरिक्त दबाव को सहन नहीं कर पाएंगे।

**1.5 डिग्री तापमान बढ़ेगा**

डब्ल्यूएमओ की रिपोर्ट के अनुसार, अगले पांच वर्षों में कम से कम एक वर्ष के 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा पार करने की 91त्न आशंका है। वहीं, 2024 में बने पृथ्वी के सबसे गर्म वर्ष के रिकॉर्ड के टूटने की आशंका 86त्न बताई गई है। अनुमान है कि 2030 तक हर वर्ष का तापमान 19वीं सदी के अंत की तुलना में 1.3 से 1.9 डिग्री सेल्सियस अधिक रहेगा।

**अल नीनो की संभावना :** कम अवधि के मौसम पूर्वानुमानों में अल नीनो की संभावना जताई गई है। डब्ल्यूएमओ ने कहा, इसका असर 2028 तक रहने से 2027 में 2024 का रिकॉर्ड टूट सकता है।

**तापमान रोकने के प्रयास नाकाफी :** संयुक्त राष्ट्र के जलवायु प्रमुख साइमन स्टिल ने कहा, हाल के वर्षों में कुछ प्रगति जरूर हुई है, लेकिन वैश्विक तापमान वृद्धि को रोकने के प्रयास नाकाम रहे हैं।

**दुनिया के लिए गंभीर**

रिपोर्ट की सह-लेखिका मेलिसा सीब्रुक ने कहा, 1.5 डिग्री सेल्सियस कोई ऐसी अंतिम सीमा नहीं है। लेकिन हर 0.1 डिग्री तापमान वृद्धि के साथ असर और गंभीर होता जाएगा। लंदन की जलवायु विज्ञानी फ्रेडरिक ओटो ने कहा, यदि पूरे वर्ष तक तापमान 1.5 डिग्री से ऊपर रहा, तो दुनिया को खतरनाक मौसम का सामना करना पड़ेगा जो बेहद गंभीर होगा।

बाजार दर्पण



उत्सव लॉन्स
गोरखपुर में
शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनो हेतु।
अलहदादपुर, गोरखपुर
फोनः- 0551-2338099
+918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइलः 9415016089